RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 335
लखनऊ, बुधवार, 28 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





कर धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करेंगी शकीरा
विदेश-10


# चुनाव आयोग तय करेगा शिवसेना किसकी




## ● सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति, कहा- ईसी की कार्यवाई पर रोक नहीं, उद्धव ठाकरे को झटका, शिंदे गुट को मिली राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद बाहर आते उद्धव गुट वाली शिवसेना के नेता

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को शिवसेना विवाद में एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत दी। संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है। इसका आशय यह है कि अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। अदालत का यह फैसला उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने उद्धव ठाकरे नीत खेमे की इस संबंध में दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ में न्यायमूर्ति एमआर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे। संविधान पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि चुनाव आयोग के समक्ष कार्यवाही पर कोई रोक नहीं होगी। ठाकरे खेमे की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि चुनाव चिह्न आदेश तभी लागू किया जा सकता है, जब दावा करने वाला उसी राजनीतिक दल से हो, लेकिन दावा एक विरोधी खेमे का है। उन्होंने कहा, मेरा कहना है कि शिंदे पार्टी में अब नहीं हैं और सदस्यता त्याग दी गई है। ऐसे में, चुनाव आयोग उनकी सुनवाई कैसे करेगा? सिब्बल ने इस साल जून में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने वाले शिंदे और शिवसेना के कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ आयोग्यता नोटिस जारी किए जाने का हवाला देते हुए यह कहा।

चुनाव आयोग की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दतार ने कहा कि आयोग यह फैसला करने के लिए स्वतंत्र है कि किस खेमे में अधिक विधायक हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की ओर से पेश हुए सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि आयोग सिर्फ यह फैसला कर रहा है कि कौन सा खेमा मूल शिवसेना है और इसलिए उसे शिंदे की याचिका पर आगे बढ़ने की अनुमति दी जाए। शिंदे खेमे के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल ने दलील दी कि चुनाव चिह्न विधायक की संपत्ति नहीं है और यह किस खेमे से संबद्ध है, उस पर चुनाव आयोग को फैसला करना है। पीठ शिवसेना के शिंदे खेमे की बगावत के कारण महाराष्ट्र में पैदा हुए राजनीतिक संकट से जुड़े लंबित मामलों पर सुनवाई कर रही है। शिंदे नीत खेमे की बगावत के चलते राज्य में महा विकास आघाड़ी की सरकार गिर गई थी।

### बहुमत के नियम का सिद्धांत लागू होगा: सीईसी

**गांधीनगर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत का चुनाव आयोग महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट को असली शिवसेना के तौर पर मान्यता देने तथा उसे पार्टी का धनुष-बाण का चुनाव चिह्न आवंटित करने के मुद्दे पर बहुमत के नियम की पारदर्शी प्रक्रिया लागू करेगा। सीईसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के पास बहुमत के नियम की पारदर्शी प्रक्रिया है और वह मामले पर गौर करते हुए इसे लागू करेगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बारे में पूछे जाने पर कहा, पहले ही एक स्थापित प्रक्रिया है। वह प्रक्रिया हमें अधिकार देती है और हम बहुमत का नियम लागू करके इसे बेहद पारदर्शी प्रक्रिया के तौर पर परिभाषित करते हैं। जब भी हम इस मामले पर गौर करेंगे तो बहुमत का नियम लागू करेंगे। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पढ़ने के बाद यह किया जाएगा।

# गहलोत के तीन वफादारों को कारण बताओ नोटिस

**राजस्थान कांग्रेस संकट पर दोनों पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री गहलोत को दी क्लीन चिट**

## ● पार्टी के मुख्य सचेतक महेश जोशी, कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल व विधायक धर्मेंद्र राठौर से 10 दिन में मांगा उत्तर

## ● दिल्ली पहुंचे सचिन पायलट, मामले को आगे नहीं खींचना चाहता आलाकमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**कांग्रेस** की राजस्थान इकाई में उपजे संकट के बीच पार्टी पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को घोर अनुशासनहीनता के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तो क्लीन चिट दे दी, लेकिन उनके करीबी दो मंत्रियों एवं एक विधायक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

दोनों पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन की सिफारिशों पर कांग्रेस अनुशासनात्मक समिति ने विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक महेश जोशी, कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल एवं विधायक धर्मेंद्र राठौर को कारण बताओ नोटिस भेजा है और उनसे दस दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। धारीवाल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई है, क्योंकि वह पार्टी विधायकों, मंत्रियों के साथ प्रमुखता से विद्रोह ( शेष पेज 4 )



सोनिया गांधी को क्यूआर कोटेड मतदाता पहचान पत्र सौंपते केंद्रीय चुनाव अधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री

### गहलोत की उम्मीदवारी पर ग्रहण पवन बंसल व थरूर ने लिया पर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

#### ● थरूर स्वयं पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे जबकि बंसल ने किसी अन्य के लिए नामांकन पत्र लिया : मिस्त्री

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के लिए कुछ दिन पहले तक आलाकमान की पहली पसंद रहे अशोक गहलोत की उम्मीदवारी पर राजस्थान में राजनीतिक संकट खड़ा होने के बाद ग्रहण लग गया है और पार्टी को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और कई वरिष्ठ नेता गहलोत के ( शेष पेज 4 )

### तृतीय चन्द्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

**देवी** दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र के तीसरे दिन इनकी पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इन देवी के दस हाथ हैं। वे खड्ग और अन्य अस्त्र-शस्त्रों से विभूषित हैं।

# जैव ऊर्जा नीति-2022 को मंजूरी

## ● बायो फ्यूल प्लांट लगाने के लिए एक रुपए की लीज पर जमीन देगी सरकार

## ● नीति के क्रियान्वयन पर 1040 रुपए खर्च करेगी सरकार, कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्ताव हुए पास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में जैव ऊर्जा उद्यमों को बढ़ावा देने और किसानों को पराली जलाने की समस्या से मुक्ति दिलाने व विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाले जैव अपशिष्ट के सदुपयोग के लिए राज्य सरकार ने जैव उर्जा नीति-2022 को मंजूरी प्रदान की है। जिसके तहत राज्य सरकार बायो फ्यूल प्लांट लगाने के लिए केवल एक रुपए की लीज पर 30 सालों के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी।

इसके साथ ही प्लांट लगाने के लिए सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्ताव पास किए गए। कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जैव ऊर्जा नीति-2022 को मंजूर कर लिया गया है। इससे किसानों को पराली जलाने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। जैव अपशिष्ट का निस्तारण वैज्ञानिक विधि से हो सकेगा।

यह नीति ग्रामीण रोजगार पैदा करने की दिशा में भी एक कदम है। हम प्रदेश में जो आयल और गैस बाहर से मंगाते हैं उसमें भी कमी लाने का कदम है। इस नीति का क्रियान्यवन करने के लिए कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट, बायोकोल प्लांट, बायो एथनॉल ( शेष पेज 4 )

# पीएफआई के खिलाफ फिर कई राज्यों में छापे, 170 हिरासत में

## ● दिल्ली के शाहीन बाग से संगठन के 30 लोग पकड़े, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व दस्तावेज जब्त

## ● राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के बाद पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** के सात राज्यों में मंगलवार को मारे गए छापों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कथित संबंध रखने वाले 170 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। पीएफआई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के बाद उस पर देशभर में प्रतिबंध लगने की संभावना हैं।

पीएफआई पर कट्टरपंथ से जुड़े होने का अक्सर आरोप लगाया जाता रहा है। इसके खिलाफ पांच दिन पहले देशभर में इसी तरह की एक कार्रवाई किए जाने के बाद ये छापे मारे गए। छापेमारी की कार्रवाई उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, असम और मध्य प्रदेश की पुलिस ने की। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने राष्ट्रीय राजधानी में निजामुद्दीन और शाहीन बाग सहित कई स्थानों पर पीएफआई से संबद्ध ठिकानों पर छापेमारी के बाद 30 लोगों को हिरासत में लिया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जांच ( शेष पेज 4 )



पीएफआई कार्यकर्ता को गुवाहाटी से पकड़ कर ले जाती असम पुलिस

### यूपी में दंगे फैलाने की थी साजिश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पापुलर** फ्रंट ऑफइंडिया (पीएफआई) यूपी में दंगे फैलाने की साजिश रच रहा था। इस संगठन के खिलाफ चले अभियान के दौरान गिरफ्तार किए गए पीएफआई सदस्यों से पूछताछ में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते और स्पेशल टास्क फोर्स को यह अहम जानकारी हाथ लगी है। सूत्रों के अनुसार पता

### उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में पीएफआई ठिकानों पर छापेमारी, पकड़े गए 57 सदस्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएफआई** के खिलाफ खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। मंगलवार को प्रदेश के 26 जिलों में छापेमारी कर 57 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पीएफ आई एवं उसके अनुषांगिक संगठनों द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर कारित हिंसा एवं संगठन के सदस्यों की बढ़ती राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को देखते हुए जिला पुलिस, एसटीएफव एटीएस ने प्रदेश के 26 जनपदों में पीएफ आई के सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी की है। जिसमें 57 व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं। छापेमारी के दौरान मौके पर बरामद विभिन्न प्रकार के अभिलेखों एवं सबूत ( शेष पेज 4 )

# फर्जी पासपोर्ट मामले में अबू सलेम को तीन साल की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सीबीआई** की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाने के मामले में आरोपी अबू सलेम को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। उन्होंने इस मामले के एक अन्य आरोपी परवेज आलम को भी तीन साल की सजा व 35 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। मंगलवार को अबू सलेम नवी मुंबई की तलोजा जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष अदालत के समक्ष पेश हुआ था। छह जुलाई 1993 को अबू सलेम ने अपना व अपनी कथित पत्नी समीरा जुमानी का कुटरचित दस्तावजो के आधार पर फर्जी नाम से मुल्जिम परवेज आलम के जरिए पासपोर्ट बनवाया था। अबू सलेम का अकील अहमद आजमी जबकि समीरा जुमानी का सबीना आजमी के नाम से पासपोर्ट बना था। 29 जून 1993 को आजमढ में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया गया ( शेष पेज 4 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | ⬇ 37 | |
| निफ्टी | 17,007 | ⬇ 08 | |
| सोना | 49,580 | ⬇ 195 | /10g |
| चांदी | 56,155 | ⬇ 195 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### महाराष्ट्र सरकार ने अल्पसंख्यक छात्रों का वजीफा दोगुना किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को उच्च शिक्षा हासिल कर रहे अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियो की छात्रवृत्ति दोगुना बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दी। यहां राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। वर्ष 2011 मे उच्च शिक्षा हासिल कर रहे अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियो लिए वजीफे की राशि 25 हजार रुपए तय की गई थी। वर्ष 2018 मे भी वजीफा राशि समान रही, लेकिन लाभार्थी विद्यार्थियो के माता-पिता की आय को दो लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपए कर दिया गया। सरकार की ओर से जारी बयान मे कहा गया कि वजीफे की राशि को बढ़ाकर अब 50 हजार रुपए कर दिया गया है। कला, विज्ञान, वाणिज्य की पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं तक के अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को 5,000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी।

# मोदी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को दी श्रद्धांजलि



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में भाग लेने तोक्यो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां के अपने समकक्ष फुमियो किशिदा से भी भेंट की

**भाषा।** तोक्यो

## ● आबे असाधारण नेता और भारत जापान दोस्ती पर यकीन करने वाला महान नेता बताया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तोक्यो में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में मंगलवार को उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत-जापान की दोस्ती पर यकीन करने वाले शिंजो आबे एक महान नेता और एक असाधारण इंसान थे। आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों के प्रमुखों सहित 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ( शेष पेज 4 )

# आशा पारेख को मिलेगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

## ● केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गुजरे** जमाने की मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख को 2020 के दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पारेख (79) को शुक्रवार को होने वाले 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। दादा साहेब फाल्के भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार है।

ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में पत्रकारों को बताया कि आशा भोंसले, हेमा मालिनी, पूनम ढिल्लों, उदित नारायण और टीएस नागभरण की पांच सदस्ईय दादा साहेब फाल्के पुरस्कार समिति ने सम्मान के लिए पारेख का नाम चुना है। मंत्री ने कहा, उन्होंने बैठक में निर्णय लिया कि इस बार आशा पारेख जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पारेख ने लगभग पांच दशक तक चले अपने अभिनय जीवन की शुरुआत 10 साल की आयु में की थी। उन्होंने 1952 में आई फिल्म आसमान से एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था और वह दो साल बाद बिमल रॉय की बाप बेटी से चर्चा में आई थीं। पारेख ने 1959 में आई नासिर हुसैन की फिल्म दिल देके देखो में मुख्य किरदार निभाया था, जिसमें उन्होंने शम्मी कपूर के साथ अभिनय किया था। दिल देके देखो, कटी पतंग, तीसरी मंजिल और कारवां जैसी फिल्मों के लिए मशहूर पारेख को हिंदी सिनेमा की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शुमार किया जाता है। पारेख ने 1990 के दशक के अंत में एक निर्देशक व निर्माता के तौर पर टीवी नाटक कोरा कागज का निर्देशन किया था, जिसे काफी सराहा गया था। पारेख 1998-2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की पहली महिला अध्यक्ष भी रहीं। साल 2017 में उन्होंने अपनी आत्मकथा द हिट गर्ल पेश की, जिसका ( शेष पेज 4 )



# सुप्रीम कोर्ट कार्यवाही का पहली बार सीधा प्रसारण

## ● लोगों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया, सात लाख से अधिक व्यूज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को पहली बार अपनी संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया। एक अधिकारी ने कहा कि कार्यवाही को उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

पहले दिन तीन संविधान पीठ की सुनवाई के सीधा प्रसारण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। लगभग सात लाख से अधिक बार इसे देखा गया। सोमवार को प्रधान न्यायाधीश यू.यू ललित ने कहा था कि अदालत की कार्यवाही के सीधे-प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) के लिए यूट्यूब के इस्तेमाल के बजाय इसका अपना प्लेटफॉर्म होगा। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता में हाल ही हुई बैठक में 27 सितंबर से सभी संविधान पीठ की कार्यवाही के सीधे प्रसारण का फैसला लिया गया था।



यह कदम इस संबंध में 27 सितंबर, 2018 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा के संवैधानिक महत्व के मामलों की कार्यवाही के सीधे प्रसारण या वेबकास्ट को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लेने के चार साल बाद उठाया गया। कोर्ट नंबर 1, ( शेष पेज 4 )

# राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन, बनेगा स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन

## नीतियों के निर्धारण में थिंक टैंक का करेगा काम, 50 करोड़ से ऊपर के सरकारी भवनों की डिजाइनिंग, निर्माण व टेंडर के बाबत भी लेगा निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने राज्य योजना आयोग का पुनर्गठन करते हुए नया स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन बनाने का निर्णय किया है। यह ताकतवर आयोग नीतियों के निर्धारण में थिंक टैंक का काम करेगा। साथ ही 50 करोड़ से ऊपर के सरकारी भवनों के निर्माण प्रोजेक्ट, उसकी डिजाइनिंग व टेंडर की बाबत भी निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस आयोग के अध्यक्ष होंगे। यह आयोग केंद्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर काम करेगा। टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन के सदस्यों की नामित की अवधि तीन वर्ष होगी जिसे विशेष परिस्थितियों में दो वर्ष के लिए बढ़ाया जा सके। इस अवधि में सीएम के अनुमोदन से परिवर्तन किया जा सकता है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने मंगलवार को कैबिनेट द्वारा लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग में दोनों उपमुख्यमंत्री, वित्त, समाज कल्याण, पंचायतीराज, औद्योगिक विकास, जलशक्ति, नगर विकास, नियोजन विभाग के मंत्री पदेन सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री आर्थिक क्षेत्र के किसी विशेषज्ञ को इसका उपाध्यक्ष नियुक्त करेंगे। इसमें मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, समाज कल्याण आयुक्त भी शामिल किए जाएंगे। खास बात यह कि लोक निर्माण विभाग के अधिकार कम करते हुए 50 करोड़ रुपए के सरकारी भवनों की निर्माण योजना, डिजाइनिंगए टेंडर जारी करना आदि काम भी नए आयोग के जरिए होंगे। इसके लिए आयोग में प्रोजेक्ट मानटरिंग यूनिट बनाई जाएगी। शर्मा ने कहा कि यह आयोग थिंक टैंक के रूप में काम करेगा। विभिन्न विभागों की नीतियों की समीक्षा करना, उसमें बदलाव का सुझाव आदि देने का काम भी आयोग के जिम्मे होगा। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से राय भी ली जाएगी। नया आयोग परिणाम आधारित परफार्मेंस पर काम करेगा। पीपीपी मॉडल पर वित्तीय संसाधनों को तलाशने पर भी काम होगा।

### निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत सभी विलेखों का होगा डिजिटाइजेशन

**लखनऊ।** कैबिनेट ने राज्य में उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत विलेखों के डिजिटाइजेशन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग के उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत विलेखों के डिजिटलीकरण, माइक्रो फिल्मिंग, इण्डेक्सिंग, स्कैनिंग व अभिलेखों को ऑनलाइन आम जनमानस को उपलब्ध कराए जाने की योजनाए वित्तीय उपाशयता के आकलन के साथ अनुमोदित की गई है। प्रदेश के उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत समस्त अभिलेखों के डिजिटाइजेशन से सम्बन्धित विभागीय योजना के अन्तर्गत यह कार्य तीन चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में वर्ष 2005 से वर्ष 2017 के पंजीकृत अभिलेखों, द्वितीय चरण में वर्ष 1990 से वर्ष 2004 तक के पंजीकृत विलेखों तथा तृतीय चरण में वर्ष 1990 से पूर्व समस्त पंजीकृत अभिलेखों का डिजिटलीकरणए माइक्रो फिल्मिंग तथा इण्डेक्सिंग की कार्यवाही की जाएगी।

इस योजना के लिए एनआईसी द्वारा एकीकृत सॉफ्टवेयर तैयार कर विभागीय उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। अभिलेखों की स्कैनिंग, डिजिटाइजेशन तथा इण्डेक्सिंग के कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए महानिरीक्षक निबन्धन कार्यालय स्तर पर प्रोग्राम मैनेजमेण्ट यूनिट का गठन किया जाएगा।

### ग्राम सचिवालयों में तैनात डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी अब मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**लखनऊ।** कैबिनेट ने ग्राम सचिवालय के सुदृढ़ीकरण व इसके माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक के माध्यम से विभिन्न विभागों एवं ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करायी जाती हैं। इस सेवा के सापेक्ष ग्राम पंचायत को प्रति सेवा 15 रुपए की आय होती है जो ग्राम निधि में जमा होती है। कैबिनेट ने अब फैसला लिया है कि प्राप्त होने वाले 15 रुपए में पांच रुपए पंचायत सहायक (डाटा इण्ट्री ऑपरेटर) को कार्यहित में प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाए तथा शेष धनराशि ग्राम पंचायत के निर्धारित खाते में जमा की जाए। ग्राम सचिवालयों की स्थापना प्रदेश की प्रत्येक 58189 ग्राम पंचायतों में की जा रही है। इन सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय सुचारु रूप से चल सके, इसके लिए पंचायत सहायकों की भी तैनाती की गई है। ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण सचिवालय के माध्यम से पंचायत सहायकों द्वारा कुल 243 योजनाएं-सेवाएं उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश निर्गत किए गए हैं।

### 50 करोड़ से अधिक की लागत के निर्माण के लिए ईपीसी मिशन का गठन

**लखनऊ।** कैबिनेट ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले शासकीय भवनों के निर्माण के लिए ईपीसी मिशन का गठन किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। निर्णय की जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि पचास करोड़ के ऊपर की लागत वाले सरकारी भवन बनते हैं उसकी अभी तक की कार्यपद्धति यह थी कि पीडब्लूडी ही ड्राइंग, डिजाइन बनाता था टेंडर भी तय करता था। इसमें पाया गया कि एक ही एजेंसी जब करती है और एक ही जगह सब निर्णय होने से दिक्कते आ रही थी। ईपीसी मोड में कराए जाने वाले शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों के लिए नियोजन विभाग के अन्तर्गत एक ईपीसी मिशन का गठन किया जाएगा। जो परियोजना की डीपीआर के गठन से लेकर परियोजना के क्रियान्वयन एवं पूर्ण होने तक उसकी मॉनीटरिंग के लिए उत्तरदायी होगा। ईपीसी मिशन एक प्रोजेक्ट मैनेजमेण्ट यूनिट (पीएमयू) की तरह कार्य करेगा। ईपीसी मिशन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक गवर्निंग बॉडी होगी जो इस सम्बन्ध में नीतिगत मार्गदर्शन के साथ-साथ परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का समाधान करेगी। ईपीसी मिशन की गवर्निंग बॉडी नीतिगत मार्गदर्शन, परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निराकरण परियोजना के कॉन्सेप्ट प्लान का अनुमोदन, परियोजना की प्रगति की समीक्षा तथा परियोजना प्रबन्धन का कार्य करेगी।

### नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर व नगर पंचायत कटरा का सीमा विस्तार

**लखनऊ।** मुजफ्फरनगर की सीमा में ग्राम खानजहापुर, ग्राम मन्धेड़ा, ग्राम मीरापुर, ग्राम वहलना, ग्राम सूजड़ू, ग्राम सहावली ग्राम सरवट, ग्राम कूकडा, ग्राम मुजफ्फरनगर, ग्राम शाहबुद्दीनपुर, ग्राम अलमासपुर, ग्राम बीबीपुर, ग्राम मुस्तफाबाद, ग्राम शेरनगर, ग्राम बिलासपुर के विभिन्न गाटों को सम्मिलित करते हुए सीमा विस्तार किए जाने विषयक अन्तिम अधिसूचना निर्गत किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने गोंडा की नगर पंचायत कटरा का सीमा विस्तार किए जाने सम्बन्धी अन्तिम अधिसूचना निर्गत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद द्वारा अधिसूचना निर्गत होने के उपरान्त कोई त्रुटि परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार संशोधित व परिमार्जित किए जाने के लिए नगर विकास मंत्री को अधिकृत किया गया है।

## अयोध्या में पीपीपी मोड पर होगा टूरिस्ट फैसिलेशन सेंटरों का निर्माण

**लखनऊ।** कैबिनेट ने अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर परियोजना का निर्माण व संचालन पीपीपी मोड पर कराए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रकरण में आवश्यकतानुसार अग्रेतर निर्णय लिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंन बताया कि देश में पर्यटन उद्योग का परिदृश्य निरन्तर बदल रहा है एवं मॉडर्न टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर का निर्माण एवं संचालन विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा कराया जाना पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यन्त लाभकारी होगा। इससे अयोध्या आने वाले देशीध्विदेशी पर्यटकों को लाभ मिलेगा व पर्यटन उद्योग से जुड़े हुए व्यावसायियों, सेवा प्रदाताओं तथा अयोध्या के आमजन का आर्थिक उन्नयन होगा। टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर का संचालन, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विपणन तथा रख-रखाव के लिए विशेषज्ञ संस्थाओं, निजी निवेशकों की आवश्यकता होगी। अतः टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर परियोजना के निर्माण व संचालन के लिए परियोजना को पीपीपी मोड पर विशेषज्ञ संस्थाओं निजी निवेशकों से विकसित कर संचालित किए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अयोध्या में लगभग 30 होटल और लगभग 100 मन्दिरों की धर्मशालाएं हैं, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 25000 से अधिक शैय्या उपलब्ध हैं। अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेण्टर के प्रस्तावित निर्माण के पूर्ण हो जाने के पश्चात् इसकी बेसमेंट पार्किंग में लगभग 250 कार पार्क की जा सकेंगी।

## प्रदेश में सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों किनारों पर बसाई जाएंगी औद्योगिक पट्टियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### एमएसएमई की नई नीति पर लगी मोहर

**कैबिनेट** के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि सूक्ष्म , लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) प्रोत्साहन नीति-2022 को भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस नीति को बनाने के पीछे रणनीति यह थी कि देश की एमएसएमई का बड़ा हिस्सा यूपी में है।

यूपी में एमएसएमई विकास की बड़ी कड़ी है। इसके माध्यम से लाखों करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। नई नीति के तहत अब हर ग्रामीण क्षेत्र में एमएसएमई की स्थापना के लिए पांच एकड़ या उससे अधिक की भूमि चिन्हित करके उद्योग निदेशालय को हस्तांतरित कर एमएसएमई लगाने का प्रयास होगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में जितने भी एक्सप्रेस-वे हैं मसलन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे, के दोनों ओर औद्योगिक पट्टियां बसाने का निर्णय लिया गया है। इस नीति के तहत इनके पांच किलोमीटर की दूरी के कारीडोर में पांच एकड़ या उससे अधिक भूमि एक स्थान पर स्थित होने पर उद्योग निदेशालय वहां इंडस्ट्रियल कलेस्टर का विकास करेगा। उन्होंने कहा कि अगर निजी क्षेत्र के किसी व्यक्ति के पास दस एकड़ जमीन है और वह भी औद्योगकि पट्टी विकसित करना चाहता है तो उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। उसे कई स्तर पर कई रूपों में सब्सिडी प्रदान की जाएगी। निजी क्षेत्र का कोई दस एकड़ जमीन है वह इस प्रकार का बनाना चाहते हैं तो उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इसमें कई स्तर और रूप में सब्सिडी दी जाएगी।

## चित्रकूट के रानीपुर में होगी टाइगर रिजर्व पार्क की स्थापना

**लखनऊ।** कैबिनेट ने वन्यजीव के संरक्षण और बुंदेलखंड क्षेत्र में ईको पर्यटन, आर्थिक, सामाजिक सांस्कृति विकास करने के लिए चित्रकूट के रानीपुर में टाइगर रिजर्व पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने इस सम्बन्ध में अन्य निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। यह जानकारी पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि रानीपुर वन्य जीव बिहार के रूप में अधिसूचित कुल 23 हजार 31 हेक्टेयर भूमि को रानीपुर टाइगर रिजर्व के लिए कोर या अति महत्वपूर्ण बाघ प्राकृतवास एवं वन क्षेत्र के रूप में अधिसूचित अन्य 29 हजार 958 हेक्टेयर क्षेत्र को रानीपुर टाइगर रिजर्व के बफर/वाह्य क्षेत्र के रूप में सम्मिलित करते हुए कुल 52 हजार 898 हेक्टेयर क्षेत्र को रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करते हुए बाघ संरक्षण फाउंडेशन की स्थापना, फाउंडेशन के संचालन के लिए एकमुश्त 50 करोड़ रुपए के कॉर्पस फंड की व्यवस्था तथा रानीपुर टाइगर रिजर्व के प्रशासनिक नियंत्रण के लिए व्यवस्था किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने इस सम्बन्ध में अन्य निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। ज्ञातव्य है कि रानीपुर टाइगर रिजर्व अधिसूचित होने के उपरान्त यह भारत सरकार की प्रोजेक्ट टाइगर योजना से आच्छादित हो जाएगा। प्रोजेक्ट टाइगर योजना के अन्तर्गत अनावर्ती व्यय 60:40 तथा आवर्ती व्यय 50:50 के अनुपात में केन्द्रांश व राज्यांश का प्राविधान है। राज्य सरकार की अधिसूचना की जारी होने की तिथि से रानीपुर टाइगर रिजर्व स्थापित हो जाएगा।

## तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे सरकार



**लखनऊ।** औरैया जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक द्वारा 15 वर्षीय दलित छात्र की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि योगी सरकार इस तरह के मामले की अनदेखी करने के बजाए तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि औरैया में शिक्षक की पिटाई से दलित छात्र की मौत पर सरकारी उदासीनता व लापरवाही का मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। इंसाफ व उचित कार्रवाई के अभाव में लोग काफी आक्रोशित हैं। सरकार ऐसे संगीन मामलों को रफा-दफा करने के बजाय तुरन्त प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे, बीएसपी की यह माँग। उन्होंने आगे कहा कि साथ ही, यूपी में दलितों, गरीबों, मजलूमों व अल्पसंख्यकों आदि के साथ-साथ महिलाओं की असुरक्षा का मामला भी काफी चर्चाओं में है। महिला पुलिसकर्मियों के विरुद्ध थाना में शोषण व अन्याय की खबरें भी लगातार सुर्खियों में हैं, जो सरकार के कानून-व्यवस्था के दावे को गलत साबित करती हैं।

# खिलाड़ियों को योगी का उपहार अब एसी थ्री टियर में करेंगे यात्रा

## साढ़े पांच वर्ष में बेहतर हुई प्रदेश की खेल-संस्कृति, बढ़ी है जागरूकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को शासकीय सेवा का मौका देने के लिए 2 प्रतिशत सीटें आरक्षित की हैं तो पुलिस में 500 से अधिक पदों पर नियुक्ति शुरू हो गई है और अब राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवागमन के लिए रेलवे की एसी थ्री टियर कोच की सुविधा भी मिलेगी।

36वें राष्ट्रीय खेल में प्रतिभाग करने जा रहे उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों से मंगलवार को संवाद के दौरान मुख्यमंत्री की इस घोषणा का खिलाड़ियों ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे होनहार खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। खास मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह खुशी की बात है इस बार के राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की अब तक की सबसे बड़ी टीम रवाना होने वाली है। पिछली बार जहां प्रदेश ने 20 खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर 68 मेडल प्राप्त किए थे, वहीं इस बार 28 खेलों में उत्तर प्रदेश भाग ले रहा है। यह सकारात्मक बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल के प्रति बढ़ी जागरूकता का ही परिणाम है। खेलों के इस राष्ट्रीय कुंभ में भाग लेने जा रहे 462 सदस्यीय दल को टीमवर्क का मंत्र देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के शानदार प्रदर्शन के प्रति विश्वास जताया।

## अब तक 50 लाख गोवंश का टीकाकरण किया गया: धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पशुधन मंत्री** धर्मपाल सिंह ने कहा है कि प्रदेश के गोवंश को 'लम्पी' रोग से बचाने के लिए टीकाकरण का लक्ष्य बढ़ाते हुए प्रतिदिन साढ़े चार लाख किया जाए और आगामी 10 अक्टूबर तक 01 करोड़ टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। पूर्वी जनपदों में किसी भी गोवंश के प्रभावित होने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही की जाए और कानपुर नगर व वाराणसी के सीमावर्ती जनपदों में शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी जनपद में वैक्सीन की कमी न होने पाये। प्रदेश में कुल 112.50 लाख वैक्सीन उपलब्ध है। जब तक प्रदेश से 'लम्पी' रोग समाप्त नहीं हो जाता तब तक बचाव एवं रोकथाम के सभी कार्य अभियान चलाकर युद्धस्तर पर जारी रखे जाएं। मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम 9 की बैठक में रोग प्रकोप के नियंत्रण एवं बचाव हेतु कृत कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 50 लाख गोवंश का गोटपॉक्स टीकाकरण किया गया है। देश में 15 राज्य लम्पी रोग से प्रभावित हैं, जिसमें यूपी में प्रभावी रूप से रोग पर नियंत्रण प्राप्त किया है। परिणाम स्वरूप प्रदेश के पश्चिमांचल के 30 जनपदों में अब तक कुल 37306 गोवंश इस रोग से प्रभावित है, जिसमें से 23368 पशु रोगमुक्त हो चुके हैं, जो 58 प्रतिशत है। 351 गोवंश की मृत्यु हुई है। मृत्युदर 0.94 प्रतिशत है। चिकित्सा हेतु समस्त जनपदों में प्रचुर मात्रा में औषधियां उपलब्ध हैं।

## स्थायी डीजीपी तक नहीं तय कर पा रही है यूपी सरकार

**लखनऊ।** औरैया में एक दलित छात्र की पिटाई के बाद मौत पर कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश की लचर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। वहीं प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए एक स्थायी डीजीपी तक नहीं तय कर पा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए स्थायी डीजीपी नहीं तय कर पा रही है। सुप्रीम कोर्ट के बनाए गए नियम के अनुसार जिस आईपीएस अधिकारी की सर्विस 6 माह से अधिक हो, ऐसे तीन वरिष्ठ आईपीएस का पैनल यूपीएससी को भेजना होता है स्थायी डीजीपी बनाने के लिए। मगर 4 महीने से अधिक हो गए और अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार वह नाम नहीं भेज पाठ है।

# जाली मुद्रा के प्रचलन पर सख्ती से की जाए रोकथाम: प्रमुख सचिव गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देश दिए हैं कि जाली मुद्रा के प्रचलन पर सख्ती से रोकथाम लगाई जाए। इसके लिए उन्होंने बैंक शाखाओं व स्थानीय थानों के बीच प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ किए जाने पर भी विशेष बल दिया। प्रसाद मंगलवार को बैंकों की सुरक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की गोमती नगर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैंक अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकों की करैंसी चेस्ट में उपयोग की जाने वाली नगदी के सुरक्षित आवागमन विशेषकर उसे दूसरे राज्यों में लाने ले जाने से जुड़े सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। करैंसी.चेस्ट एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाये जाने पर भी विचार विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव गृह ने कहा किबैंको की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, चुस्त-दुरूस्त व उच्च स्तर की बनाए जाने के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा जीरो टालरेंस की नीति के तहत कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सभी बैंको को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे मानक के अनुसार अपने बैंक शाखाओं में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करे। साथ ही इंटरनेट बैकिंग को और अधिक बेहतर बनाये जाने की सुविधा पर भी बल दिया। प्रसाद ने कहा कि बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के लिये सर्विलांस सिस्टम व डाटा स्टोरेज को और प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता है। सभी ब्रांच, करेंसी चेस्ट व एटीएम शाखाओं में सीसीटीवी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से किया जाए। बैंकों में लगाए सुरक्षा के उपकरणों एलार्म, सायरन आदि की नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए। बैंक व करेन्सी चेस्ट में आग से सुरक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने के सम्बन्ध में फायर आडिट में निर्धारित मानकों को पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी बैंकों में आग से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबन्ध किए जाने तथा उसका अनिवार्य रूप से फायर ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# सपा का सम्मेलन आज से रमाबाई अम्बेडकर मैदान में

## कल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**सपा** का राज्य सम्मेलन बुधवार 28 सितंबर से रमाबाई अंबेडकर मैदान में शुरू हो रहा है। राष्ट्रीय सम्मेलन बृहस्पतिवार 29 सितम्बर को आयोजित किया गया है।

सपा इस सम्मेलन में लोकसभा चुनाव में अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन और जनता की ताकत से भाजपा की एकाधिकारी सत्ता को उखाड़ फेकने का संकल्प लेगी। दोनों दिन प्रातः दस बजे सम्मेलन की शुरुआत झंडारोहण से होगी और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्मेलन में उद्घाटन एवं समापन भाषण करेंगे। पार्टी स्तर से सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। पार्टी हाईकामन के नेता लगातार कार्यक्रम स्थल का जायजा ले रहें है। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव समेत कई बड़े नेताओं ने कार्यक्रम स्थल रमाबाई अम्बेडकर मैदान पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा भी की। मौसम को देखते हुए बरसात से बचने के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सम्मेलनं की तैयारियों को लेकर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खास उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यकर्ता और नेता जगह-जगह होर्डिंग, बैरन, पोस्टर तथा पार्टी के झंडे लगाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। कुल मिलाकर सपा कार्यकर्ताओं सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मेलन में भाजपा की डबल इंजन सरकार की विकास कार्यों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये के जिक्र के साथ वर्तमान राजनीतिक आर्थिक परिदृश्य पर भी चर्चा होगी। बुधवार सम्मेलन के पहले दिन 28 सितम्बर को सपा राज्य सम्मेलन में सर्वप्रथम प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम होगा। इसके उपरान्त निर्वाचन अधिकारी प्रो. रामगोपाल यादव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न करायेंगे। 11:30 बजे अखिलेश यादव सम्मेलन में उद्घाटन भाषण करेंगे। इसी तरह से 29 सितम्बर बृहस्पतिवार को दूसरे दिन राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण के साथ होगी। इसके उपरान्त रामगोपाल यादव द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। 11:30 बजे अखिलेश यादव उद्घाटन भाषण करेंगे। तदोपरांत राजनैतिक एवं आर्थिक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। जिस पर चर्चा एवं प्रस्ताव पारित किया जाएगा। अखिलेश यादव राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन करेंगे। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मेलन में संगठनात्मक चुनाव कर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन और जनता की ताकत से भाजपा की एकाधिकारी सत्ता को उखाड़ फेकने का संकल्प लेगी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा पूर्व में फातिमा बीबी पत्नी हफीज अहमद निवासी ए0 29/56-बी-3 बलुआबीर पीलीकोठी की निवासी हूँ। अब मुझे (Fatma Bibi) फातमा बीबी के नाम से जाना व पहचाना जाये। फातमा बीबी पत्नी हफीज अहमद बलुआबीर पीलीकोठी, वाराणसी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# एलडीए की संपत्तियों के ब्याज में दो प्रतिशत की कटौती

● एलडीए का हुआ सीमा विस्तार

● बाराबंकी के कई गांव सहित नवाबगंज पालिका परिषद को भी किया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** की सीमा का विस्तार होगा, जिसमें बाराबंकी गांवों के साथ नवाबगंज पालिका परिषद को भी शामिल करने पर एलडीए बोर्ड बैठक में मुहर लग गयी है। साथ ही बोर्ड बैठक में जनता को नामांतरण शुल्क और आवासीय, व्यवसायिक संपत्तियों के ब्याज दर में 2 प्रतिशत कटौती कर बड़ी राहत दी है। एक मुश्त भुगतान करने पर स्लैबवाइज चार वैकल्पिक छूट चुनकर लाभ आवंटी पा सकेंगे। बिल्डिंगों में फ ायर सेफ्टी के लिए (नॉम्स) आवश्यक सामग्री, बचाव के उपकरण रखने होंगे। मंगलवार को एलडीए बोर्ड की बैठक एलडीए अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में की गयी। बोर्ड बैठक में एलडीए वीसी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा ब्याज में कटौती करने का प्रस्ताव रखा गया। बोर्ड सदस्यों के विचार विमर्श के बाद आवासीय और व्यवसायिक योजनाओं में दो प्रतिशत ब्याज कटौती पर मुहर लगायी गयी। मण्डलायुक्त ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में सभी प्रकार की आवासीय एवं व्यवसायिक योजनाओं में 2 प्रतिशत ब्याज की कटौती की गई है। आवासीय योजनाओं के लिए किश्त देने की अवधि पहले न्यूनतम 2 वर्ष थी उसको बढ़ा करके 5 वर्ष कर दिया गया है। और चक्रवृद्धि ब्याज 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत आवासीय, व्यवसायिक के लिये कर दिया गया है। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि बिल्डिंगों में फ ायर सेफ्टी के लिए (नॉम्स) आवश्यक सामग्री, बचाव के उपकरण रखे जाये। इसके लिए आवश्यक रेगूलेशन अग्नि शमन विभाग बनायेगा और वार्षिक अनुरक्षण भी करेगा। साथ ही लोगों को प्रशिक्षित भी किया जायेगा। बोर्ड मे यह प्रस्ताव रखा गया है कि 2016 से जो महायोजना व वर्तमान महायोजना चल रही है उन योजनाओं में मानक के अनुरुप कार्य न किये जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर पर अनावश्यक दबाव न पड़े और अवैध वसूली न हो इसको देखते हुए यह प्रस्ताव रखा गया है। जो वर्तमान में अवैध रुप से आवासीय कालोनी, निर्माणाधीन व्यवसायिक काम्पलेक्स, होटल, कोचिंग सेंटर संचालित है उनके विरुद्ध भी कार्यवाही अमल मे लायी जायें।



## घटा नामातंरण शुल्क, स्लैबवाइज होगा शुल्क

प्रदेश सरकार ने स्टांप ड्यूटी के अनुसार लगने वाली नामांतरण शुल्क में बदलाव कर लोगों को बड़ी राहत दी है। एलडीए शासन के इस आदेश को अब लागू करेगा। अब पांच लाख तक की स्टांप ड्यूटी पर नामांतरण शुल्क एक हजार रुपये, पांच से 10 लाख रुपये पर दो हजार, 10 से 15 लाख रुपये पर तीन हजार, 15 से 50 लाख रुपये पर पांच हजार और 50 लाख से अधिक की स्टांप ड्यूटी पर 10 हजार रुपये नामांतरण शुल्क लगेगा। पहले स्टांप ड्यूटी का एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क लिया जाता था। एलडीए ने किस्तों पर अपना आवास लेने वालों को भी राहत दी है। अब लविप्रा से अपना घर खरीदते समय स्वित्त पोषित योजना के तहत 15 प्रतिशत की ब्याज दर को घटाकर 12 प्रतिशत लिया जाएगा। चक्रवृद्धि ब्याज की दर तीन प्रतिशत की जगह दो प्रतिशत होगी।

## आवंटित विवादित सम्पत्तियों के समायोजन सम्बंधी प्रस्ताव मंजूर

लखनऊ। एलडीए में विभिन्न प्रकार की आवंटित विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्राधिकरण बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया कि यदि प्राधिकरण की किसी चूक अथवा विवाद के कारण आवंटित सम्पत्ति (भवन एवं भूखण्ड) का कब्जा प्राधिकरण नहीं दे पाता है, तो आवंटी की सहमति के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ योजना के अन्तर्गत उपलब्ध फ्लैट को समायोजन के समय लागू मूल्य पर प्राधिकरण द्वारा समायोजित किया जायेगा। यदि आवंटी भवन एवं भूखण्ड का पहले आओ, पहले पाओ योजनान्तर्गत फ्लैट में समायोजन नहीं चाहता है, तो उसकी जमा धनराशि एमसीएलआर दर पर आगणित करते हुए आवंटी को वापस कर दी जायेगी। इसके अलावा सीजी सिटी चकगंजरिया परियोजना में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को फ्रन्ट्रियर मुख्यालय स्थापित किये जाने के लिए लखनऊ मेट्रो के लिए आरक्षित भूमि में से 3.45 एकड़ भूमि दिये जाने विषयक प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए शासन को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। प्राधिकरण के अर्जनीय कार्यों के सुचारू रूप से सम्पादन के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से सेवानिवृत्त अमीन व प्रतिनियुक्ति के आधार पर अमीन/लेखपाल/सर्वेयर रखे जाने का निर्णय लिया गया।

## मोहान रोड पर एजूकेशन सिटी

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण केंद्र सरकार की एजूकेशन सिटी के प्रोजेक्ट में शामिल होगा। मोहान रोड पर ओमैक्स से वापस ली गई अपनी करीब 600 एकड़ भूमि के एक बड़े हिस्से में वह एजूकेशन सिटी विकसित करेगा। यहां सभी तरह के तकनीकी इंस्टीट्यूट, मेडिकल व हायर एजूकेशन के संस्थान एक ही जगह पर खोले जाएंगे। केंद्र सरकार इस प्रोजेक्ट पर लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## निदुरा, देवा, बंकी विकास खंड के साथ नवाबगंज नगर पालिका हुई शामिल

**लखनऊ।** विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में अब लखनऊ के सरोजनीनगर, काकोरी, मलिहाबाद, बख्शी का तालाब, गोसाईंगंज, मोहनलालगंज विकास खंड के अलावा लखनऊ में यूपी सीडा व लीडा भी शामिल होंगे। इसके साथ ही बाराबंकी के निंदुरा, देवा, बंकी विकास खंड के सभी क्षेत्रों के साथ बाराबंकी की नवाबगंज नगर पालिका परिषद के क्षेत्र भी लखनऊ विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में शामिल हो जाएंगे। अभी तक एलडीए में 307 गांव थे लेकिन इस विस्तार के बाद 1094 राजस्व गांव एलडीए में शामिल होंगे। एलडीए का वर्तमान 1050 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल बढ़कर 2984 वर्ग किलोमीटर का हो जाएगा। लविप्रा तीसरी बार अपना विस्तार करने जा रहा है। इससे पहले सन 1999 में पहली बार और 2014 में दूसरी बार लविप्रा का विस्तार हुआ था। लविप्रा की संपत्ति एकमुश्त भुगतान करने पर अब तक एक ही स्लैब था। संपत्ति के पंजीयन के समय आवंटी को उसकी लागत का 10 प्रतिशत जमा करना होता था, शेष 90 प्रतिशत का भुगतान 60 दिनों के भीतर जमा करने पर पांच प्रतिशत की छूट एलडीए देता था। अब नए स्लैब इस तरह होंगे। 90 दिनों में तीन प्रतिशत, 75 दिनों में चार प्रतिशत, 60 दिनों में पांच प्रतिशत, 45 दिनों में छह प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## बिजली कम्पनियों को लगा झटका

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की तरफ से कास्ट डाटा बुक के विपरीत जाकर 25 से 35 प्रतिशत तक प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं किसानों से नया कनेक्शन दर में की गई अधिक वसूली पर विद्युत नियामक आयोग की तरफ से पावर कारपोरेशन के चेयरमैन व सभी कंपनियों के प्रबंध निदेशक को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत नोटिस जारी की गई है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज की तरफ से आयोग द्वारा जारी नोटिस के क्रम में सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक व पावर कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक के लिए यह निर्देश जारी किया गया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं जिन से अधिक धनराशि एस्टीमेट बनाकर वसूली गई है उसे तत्काल वापस किया जाए। साथ ही पूरे प्रदेश में जिन बभी कार्मिकों के द्वारा उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण आकलन यानी कि एस्टीमेट जारी किया गया है उनके खिलाफ 5 अक्टूबर तक विभागीय कार्यवाही करते हुए पावर कारपोरेशन को सूचित किया जाए।

## क्विक न्यूज

### डिप्टी सीएम ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार को लोकबंधु राजनारायण चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान दिवस का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। साथ ही उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में नवनिर्मित गायनी ओपीडी एवं नवनिर्मित रजिस्ट्रेशन काउंटर का भी उदघाटन किया। उन्होंने चिकित्सालय की वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सकीय सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के संदर्भ में जानकारी हासिल की। साथ ही साफ-सफाई के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी को निर्देशित किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि चिकित्सालय की सेवाओं की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए अस्पताल प्रबंधन लगातार प्रयासरत है।

### अशोक सिंघल राष्ट्रवादी विचारधारा के पोशक थे: केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने आवास 7 कालिदास मार्ग पर स्व. अशोक सिंघल की 89वीं जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता की प्रतिमूर्ति स्व. अशोक सिंघल राष्ट्रवादी विचारधारा के पोशक थे। उन्होंने अपने अथक परिश्रम व प्रेरक विचारों से सामाजिक समरसता के भाव पैदा किये। उन्होंने देश, समाज, सभ्यता, संस्कृति व संस्कारो के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। वह अपनी संस्कृति व सभ्यता की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। श्री मौर्य ने कहा कि वे सादगी व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थे, जिन्होंने जीवन के सभी सुखों को त्यागकर अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया। कहा उनका जीवन दर्शन अनुकरणीय है, और सदा अनुकरणीय रहेगा।

### भर्ती से वंचित अभ्यार्थियों ने किया शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव

**लखनऊ।** 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षण की विसंगति में संशोधन के बाद चयनित 6800 ओबीसी एससी अभ्यर्थियों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। अभ्यर्थियों ने सुबह 10 बजे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के माल एवेन्यू रोड स्थित आवास का किया घेराव कर विरोध जताया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने उनसे मुलाकात की लेकिन बाकी अन्य प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को पुलिस ने ईको गार्डेन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस मामले से बच रही है और कोर्ट में लचर पैरवी कर रही है। इस साल 5 जनवरी को जारी हुई थी 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए चयन सूची लेकिन अभी तक नही नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया है। प्रदर्शन के दौरान कुछ अभ्यर्थियों के निशातगंज स्थित निदेशालय पर प्रदर्शन की खबर पाकर पुलिस ने निदेशालय को छावनी में तब्दील कर दिया था। जिसके चलते अभ्यर्थी निदेशालय नहीं पहुॅच सके।

### दुराचार करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुराचार करने वाले शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये अभियुक्त ने पहले अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ दुराचार किया जब युवती ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। वादिनी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि अभियुक्त ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और विरोध पर मारपीट करता है। मामले की जांच शुरू हुई तो जांच में अपराध करना कारित हुआ जिसके बाद इंस्पेक्टर द्वारा गठित टीम ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम पंजाब निवासी गोविन्द राय उर्फ मोनू बताया। पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

### चार शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार शातिरों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है। मुखबिर की सूचना पर फरार शातिरों के सम्भावित ठिकानो पर दबिश देकर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में पुरानी मस्जिद चिनहट निवासी मोहम्मद समीर उपरोक्त निवासी राम लोटन उपरोक्त निवासी हनुमान व विकास कुमार उपाध्याय है जिन्हें जेल रवाना कर दिया गया है। अभियुक्तों पर शहर के विभिन्न थानो में अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर विस्तार अनिल सिंह ने बताया कि इलाके में स्थित उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निमग के निर्माण कार्य के दौरान लोहे की सामग्री चोरी करने वाले दो शातिर चोर सीतापुर निवासी बबलेश कश्यप व उपरोक्त निवासी सुमेर को गिरफ्तार किया गया है।

### तीन चोर गिरफ्तार, बैट्रियां बरामद

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नौ अदद बैट्रियां व एक ई रिक्शा बरामद किया है। बीती रात पुलिस की एक टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को देखते ही शातिर वहां से भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सीतापुर निवासी रईस उपरोक्त निवासी मुबारक व बहराइच नवासी अशोक बताया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त ई रिव शा की बैट्रियां चोरी करते थे। उन्होंने बताया कि आज चोरी की हुई नौ बैट्रियों को वह चोरी के ई रिव शा पर लादकर बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

### दुकान का शटर उठाकर तीन लाख चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के अमीनाबाद इलाके में बीती रात चोरों ने एक दुकान का शटर उठाकर दुकान में रखी तीन लाख की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विश्वाशखंड गोमतीनगर निवासी अमित अग्रवाल की अमीनाबाद में एजेंसी है। बीती रात चोरों ने उनकी दुकान का शटर उठाकर दुकान में रखी तीन लाख की नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### शबाब हैदर यूपी वक्फअधिकरण का सदस्य नामित

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने सैय्यद शबाब हैदर जैदी को उत्तर प्रदेश वक्फअधिकरण का सदस्य नामित किया गया है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फविभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग द्वारा आवश्यक अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## कैंसर पीड़ित बच्चों को लेकर जागरूकता कार रैली को डिप्टी सीएम ने किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कैंसर** पीड़ित बच्चों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी के तत्वावधान में मंगलवार को जागरूकता कार रैली को लखनऊ से रवाना किया गया। कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों की मुस्कान को बनाये रखने की यह अनूठी पहल है। इस मौके पर केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी की चेयरमैन पूनम बगाई ने कहा कि सोसायटी के तहत एक अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि कैंसर से पीड़ित बच्चों को जीवित रहना चाहिए। यह जीवन की गुणवत्ता, बच्चे और परिवार के अधिकारों और कैंसर से पीड़ित बच्चों के अस्तित्व को बढ़ाने का प्रयास है। इसी सोच के साथ प्रोजेक्ट हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग सुदृढ़ पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी पार्टनरशिप प्रोजेक्ट गोरखपुर को औपचारिक रूप से लॉन्च करने जा रहे हैं। कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी की स्टेट लीड डा योगिता भाटिया ने बताया कि माह सितम्बर को बचपन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाये जाने के क्रम में इस कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली का उद्देश्य बचपन के कैंसर पीड़ितों और उनके परिवारों का समर्थन, वित्त पोषण और जागरूकता बढ़ाना है।

## प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलओ की नियुक्ति करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीएम** ने निकाय चुनाव की तैयारियों पर बैठक कर अधिकारियों को मतदेय स्लोां पर बीएलओ की नियुक्ति का आदेश दिया है। इसस पहले बीएलओ की मीटिंग कर कार्यक्षमता देखकर बीएलओ को तैनात करने के लिए कहा। अधिकारियों को मतदेय स्थल और केन्द्रों का भौतिक सत्यान करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, बैठक में नवीन जोड़े गए नये क्षेत्रों की मतदाता सूची से मिलाने करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अब्दुल कलाम सभागार में आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की जा रही तैयारियों पर बैठक की गयी गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदाता सूची निमार्ण के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर एक बीएलओ की नियुक्ति प्रत्येक दशा में करने के निर्देश दिए। प्रत्येक बीएलओ की मीटिंग बुलाकर उनकी कार्यक्षमता देखकर अक्षम बी एलओ के स्थान पर नवीन नियुक्ति करने के निर्देश दिए। ज़िलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों और मतदेय स्थल का भौतिक सत्यापन कराकर सूचना भेजने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम एफ–आर हिमांशु गुप्ता, एडीएम ट्रान्स गोमती राकेश सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभय पाण्डेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पीएमएस कार्यकारिणी का चुनाव 28 नवंबर को

**लखनऊ।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर पीएमएस संघ का चुनाव 28 नवम्बर को होगा जबकि मतगणना सम्बन्धी कार्यवाही 3 दिसम्बर को होगी। 28 नवम्बर को सभी जनपदों मे एक साथ शाखा का चुनाव होगा। मंगलवार को यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी डॉ राजीव बंसवाल ने दी है। निर्वाचन अधिकारी डॉ राजीव बंसवाल के अनुसार नयी कार्यकारिणी के लिए नामांकन की प्रक्रिया 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर शाम चार बजे तक पीएमएस भवन में सम्पन्न होगी। नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की तारीख 28 से 29 अक्टूबर के बीच होगी। जबकि चुनाव 28 नवंबर को शाम 6 बजे तक प्रत्येक जनपद शाखा में होगी। 3 दिसंबर को परिणाम संकलन के बीच मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। परिणाम की घोषणा भी 3 दिसंबर को की जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन समिति के लिए पीएमएस एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सचिन वैश्य, महासचिव डॉ अमित सिंह, डॉ निरूपमा सिंह, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव और डॉ संदीप प्रताप सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया है।

## व्यापार मण्डल की लखनऊ इकाई ने 3600 क्षय रोगी लिए गोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** ने देश को साल 2025 तक क्षय रोग से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की लखनऊ इकाई के प्रतिनिधियों ने सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज अग्रवाल के साथ बैठक की। बैठक में लखनऊ इकाई की 72 उप ईकाइयों द्वारा 3600 क्षय रोगियों को गोद लिया गया। डॉ अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संगठन द्वारा एक साथ इतनी बड़ी संख्या में क्षय रोगियों को गोद लिया जाना क्षय उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक कदम एवं अन्य संगठनों तथा संस्थाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। क्षय रोगियों को गोद लेने की इस योजना से जुड़कर अब जिले के समाजसेवी, व्यापारी पूंजीपति और वह लोग जो स्वेच्छा से टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गोद लेना चाहते ह, वह निक्षय 2.0 पोर्टल पर जाकर खुद का पंजीकरण कर सकते हैं या शहर



में स्थित 28 टीबी इकाई पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डा आरवी सिंह ने बताया कि टीबी की जांच और इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। साल 2025 तक प्रधानमंत्री का भारत को टीबी मुक्त करने का जो उद्देश्य है। उसमें शासन की यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक 148 निक्षय मित्रों द्वारा 3903 मरीजों को गोद लिया जा चुका है।

### गोद लिये गये टीबी मरीजों में वितरित किया गया पौष्टिक आहार

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के अधिकारियों के गोद लिये टीबी मरीजों में मंगलवार को पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो मनीष गौड़, कुलसचिव सचिन सिंह, वित्त अधिकारी जीपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक अनुराग त्रिपाठी, उपकुलसचिव डॉ आरके सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने टीबी मरीजों को गोद लिया है। इन मरीजों को समय-समय पर किट और पौष्टिक आहार का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र के निर्देश पर कर्मचारी पीके मिश्र व राजकुमार द्विवेदी ने ठाकुरगंज, बालागंज, चौक, दुबग्गा क्षेत्र में गोद लिये गये टीबी मरीजों में पौष्टिक आहार और एन95 मास्क का वितरण किया। साथ ही जागरूक भी किया।

## भाषा विवि के स्थापना दिवस से पहले प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि का स्थापना दिवस आगामी 1 अक्तूबर को मनाया जायेगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष सांस्कृतिक उत्सव मनाया जाता है, जिसमें विभिन्न विवि के छात्र हिस्सा लेते हैं। एक सप्ताह चलने वाले सांस्कृतिक उत्सव में वाद विवाद, बैतबाजी, रंगोली,मेहंदी, एकल गायन, गजल गायन, टेबल टेनिस, शॉट पुट, ऐड मैड माइम, पोस्टर मेकिंग, बायो फेस्ट, शॉर्ट वीडियो तथा फोटोग्राफी जैसी तमाम रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में ना सिर्फ विवि की बल्कि पूरे लखनऊ से कई अन्य विवि एवं कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। अभी तक लगभग 350 छात्राओं व छात्रों ने अलग अलग प्रतियोगिताओं में पंजीकरण कराया है और यह प्रक्रिया 30 सितंबर तक चलेगी। विवि की सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष प्रो तनवीर जदीजा ने बताया की कोजैक में पंजीकरण को सरल बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है।

## पीजीआई में तीन विभागों में विभागाध्यक्ष नियुक्त

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में तीन नये विभागों की मंजूरी मिलने के एक सप्ताह के अंदर ही निदेशक डॉ आरके धीमन की तरफ से विभागाध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिये गये हैं। इन विभागों में हेड और नेक सर्जरी विभाग का विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जरी विभाग की न्यूरो ऑटोलॉजी इकाई के डॉ अमित कुमार केसरी को, पीडियाट्रिक एंडोक्राइनोलॉजी विभाग का विभागाध्यक्ष एंडोक्राइनोलॉजी के प्रो वीएल भाटिया को तथा संक्रामक रोग विभाग का विभागाध्यक्ष क्लीनिकल इम्युनोलॉजी विभाग की हेड प्रो अमिता अग्रवाल को बनाया गया है। बता दें कि सिर और गर्दन के कैंसर की सर्जरी विभाग खुलने से बड़ी संख्या में होने वाले सिर और गर्दन के कैंसर वाले मरीजों का बेहतर और संगठित तरीके से इलाज किया जा सकेगा, जबकि बाल चिकित्सा एंडोक्राइनोलॉजी विभाग खुलने के बाद बच्चों में मधुमेह, मोटापा, थायराइड और प्रचलित अन्य विकारों के मामलों का इलाज पूरे ध्यान और समर्पण के साथ किया जा सकेगा ।

## गऊ घाट उपवन विकसित करने के लिए नगर निगम बनाए कार्ययोजना: सीएस

● पुनीत सागर अभियान के तहत गोमती नदी के सफाई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम, एनसीसी निदेशालय उप्र एवं लोकभारती संस्था द्वारा गऊ घाट पर आयोजित पुनीत सागर अभियान के तहत गोमती नदी के सफाई कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि लोक भारती संस्था द्वारा सामाजिक चेतना जागृत करके लोगों को साथ जोड़कर गोमती नदी को स्वच्छ बनाने का जो काम किया जा रहा है। उन्होंने गऊ घाट के समीप गऊ घाट उपवन विकसित करने के लिए नगर निगम को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की प्रेरणा प्रधानमंत्री से लेनी चाहिए जब उन्होंने 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। पिछले 8 साल में देश में बड़ा परिवर्तन हुआ है। आज शहर से लेकर गांव तक सभी जगह स्वच्छता बरकरार है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन सरकार की योजना ही नहींए बल्कि यह आम जनमानस की अहम जिम्मेदारी है। इस सफाई अभियान में जनसहभागिता का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है। लोगों को न तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और न ही किसी और को फैलाने देना चाहिए। उन्होंने न गंदगी करेंगे, न करने देंगे का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि हम गोमती नदी की पूजा करते हैं, छठ पूजा में प्रणाम करते हैं, हमारी हर पूजा जल के साथ होती है, जल से ही हमारा जीवन है। उसी जल को स्वच्छ रखना हमारी अहम जिम्मेदारी है। स्वच्छ भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब आम जनमानस इस अभियान में



हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि जीवन और वातावरण में शुद्धता आने से आज हम कई तरह के रोगों से बचते हुए एक अच्छा और रोगमुक्त जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य तभी मुमकिन है जब हमारे जीवन और वातावरण में शुद्धता हो। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ सर्वेक्षण के मामले में आज हमारा उत्तर प्रदेश टॉप–5 में पहुंच गया है। यह तभी संभव हुआ जब सरकारी कर्मचारी लोगों के साथ जुड़कर काम करने लगे। आज पूरी दुनिया में विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य ग्रामीण और सामुदायिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस मौके पर मुख्य सचिव ने वृक्षारोपण भी किया। गोमती नदी को स्वच्छ करने के लिए किए जा रहे कार्यो में और तेज़ी प्रदान करने के उद्देश्य से सीआईपीएससी डायरेक्टर करिश्मा सब्भरवाल ने बताया कि स्वदेशी तकनीक से निर्मित स्वचालित रोबोटिक बोट पूरी तरह से सोलर ऊर्जा द्वारा चालित जीरो कार्बन इमर्शन बोट है। बोट में आगे की ओर कैमरा लगाया गया है जो पानी में पड़े प्लास्टिक, जलकुम्भी अन्य कचरे को डिटेक्ट करते हुए उसको एकत्रित करता है। नाव में लगी छोटी जाली नदी के छोटे से छोटे कचरे को बाहर करने में सक्षम है। पालीथिन से लेकर फूलों तक को यह बाहर कर देती है। बोट में लगी कन्वीयर बेल्ट के द्वारा कचरा पीछे बने स्टोरेज में एकत्रित होता है। वर्तमान में स्टोरेज की क्षमता 200 किलोग्राम है। नाव की क्षमता को 1000 किलोग्राम तक बढ़ाया जा सकता है। 30 दिनों की परीक्षण अवधि पूरी होने के बाद इसे नगर निगम को सौंप दिया जाएगा।

# जैव विविधता प्रबन्ध समितियों को सक्रिय किया जाए

## उप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड के कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पर्यावरण,** वन राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जैव विविधता प्रबन्ध समितियों को सुदृढ़ व सक्रिय किया जाये। जैव संसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारियों व विनिर्माताओं से एबीएस की निर्धारित धनराशि जमा कराने के सार्थक प्रयास किए जाए। वन मंत्री श्री सक्सेना ने यह बात मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।


डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

इस मौके पर राज्य मंत्री केपी मलिक भी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान श्री सक्सेना ने जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग को विनियमित करने, जैव संसाधनों के वाणिज्यिक प्रयोग से प्राप्त लाभ का अंश बोर्ड के कोष में जमा करने हेतु प्रभावी अनुश्रवण के निर्देश दिए। वन मंत्री ने कहा कि फील्ड स्तर पर प्रभागीय वनाधिकारियों को अधिनियम के प्राविधानों की समुचित जानकारी होनी चाहिए। जनपद स्तर पर जैव विविधता संरक्षण व संवर्धन हेतु जन सामान्य, विशेषकर विद्यार्थियों, कृषकों, जैव संसाधन उत्पादकों एवं व्यापारियों व विनिर्माताओं को अधिनियमए नियम व विनियम के प्राविधानों से परिचित कराया जाये। डॉ. सक्सेना ने वन विभाग के प्रस्तावित कार्यालय भवन में बोर्ड कार्यालय स्थापित करने हेतु कार्यालय कक्षों का प्राविधान करने का निर्देश दिया। राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण व संवर्धन हेतु जन सहयोग व जन सहभागिता प्राप्त करने हेतु व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए। उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर आहूत बैठक में खण्ड विकास समिति के सदस्यों, ग्राम प्रधानों व स्थानीय निवासियों को जैव विविधता प्रबन्ध समितियों व जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग के सम्बन्ध में नियमित रूप से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सचिव उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड बी. प्रभाकर ने जैव विविधता अधिनियम प्रख्यापन की पृष्ठभूमि, जैव विविधता का महत्व व भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बोर्ड गठन के उपरान्त जैव विविधता संरक्षण व संवर्धन की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। श्री प्रभाकर ने उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने एवं बोर्ड कार्यालय में नियमित पद सृजित करने का अनुरोध किया।

# सरोजनीनगर की जनता को मिली अयोध्या दर्शन के लिए फ्री बस सेवा

● विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनोखी पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने क्षेत्रवासियों को एक नई सौगात दी है। उन्होंने क्षेत्र के वरिष्ठजनों के लिए रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा नि:शुल्क बस सेवा की शुरुआत की है। स्वर्गीय मां तारा सिंह की पुण्यस्मृति में शुरू हुई इस बस सेवा का उद्देश्य वरिष्ठजनों को निशुल्क 'अयोध्या दर्शन' करवाना है। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को सरोजनीनगर के जैतिखेड़ा से इस बस को डॉ. राजेश्वर सिंह कार्यालय की टीम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए अपनी यात्रा आरंभ की। इसमें खास बात यह है कि अयोध्या दर्शनार्थियों के आने-जाने से लेकर उनके खाने-पीने की उचित व्यवस्था भी विधायक द्वारा ही की गई। अयोध्या पहुंच कर लोगों ने रामलला के दर्शन किये और राम नगरी का भ्रमण कर सकुशल वापसी की। यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों को रामचरितमानस की प्रति भेंट स्वरुप दी गई। दर्शनार्थियों ने विधायक के इस अनोखी पहल की खूब प्रशंसा की और विधायक को शुभकामनाएं दी। राजेश्वर सिंह का कहना है कि हमारा लक्ष्य अयोध्या को आध्यात्मिक, धार्मिक और पर्यटन नगरी के रूप में अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करना है। हमारा प्रयास है कि अयोध्या की सनातन और पुरातन संस्कृति सभ्यता की ख्याति पूरे विश्व में फैले। इससे लोग अयोध्या की भव्यता को जानने का मौका मिलेगा।

## वर्ष 2006 में चार किग्रा सोना लूटने का बहुचर्चित मामला

# पांच पुलिसकर्मियों समेत सात मुल्जिम बरी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एडीजे** महेश कुमार कुशवाहा ने इलाहाबाद के एक कारोबारी का चार किग्रा सोना लूटने के मामले में पांच पुलिसवालों समेत सात मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। वर्ष 2006 में हुए इस बहुचर्चित लूटकांड मामले में दारोगा बृजनाथ यादव, संतोष सिंह व क्राइम ब्रांच के सिपाही सुशील पचौरीए आलोक सिंह तथा संतोष तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से तीन के पास से तीन किग्रा सोना भी बरामद हुआ था। इस मामले के दो अन्य मुल्जिम मुल्जिम नीरज गुप्ता व सुभाष ने अदालत में आत्मसमर्पण किया था। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी ने बताया है कि इस फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की जाएगी। 19 सितंबर 2006 को इस मामले की एफआईआर विशाल वर्मा ने थाना आलमबाग में दर्ज कराई थी। विशाल वर्मा इलाहाबाद निवासी संजय गुप्ता के लिए सोना खरीदने-बेचने का काम करता था। उस रोज वह और उसका भाई मोनू वर्मा इलाहाबाद से 36 लाख रुपए लेकर सोना खरीदने लखनऊ आए थे। दोनों भाई चौक इलाके में पंकज अग्रवाल की दुकान से चार किग्रा सोना खरीद कर टैम्पों से चारबाग गए। इन्होंने दो.दो किग्रा सोना अपने अपने पास कमर में रख लिया था। वहां से टाटा सुमो से इलाहाबाद के लिए रवाना हुए। जब अंबेडकर मैदान से तेलीबाग की तरफ बढ़ रहे थेए तभी एक मारुति कार पर सवार पांच लोगों ने सूमो को रोक लिया। कार सवार लोगों ने खुद को पुलिसवाला बताते हुए दोनों भाई को अपनी मारुति में बैठा लिया। इनकी आंख पर पट्टी बांध दी और कमर में रखा सोना ले लिया। फिर बारांबकी रोड पर उतार दिया। विशाल ने फौरन इस घटना की जानकारी फोन से इलाहाबाद में संजय को दी और वापस चौक में पंकज अग्रवाल के पास गया। पंकज ने थाने भेज दिया। 27 सितंबर 2006 को एसटीएफने चारबाग इलाके से क्राइम ब्रांच के सिपाही आलोक सिंह व सुशील पचौरी को गिरफ्तार किया था। इनके बताने पर उसी दिन महानगर इलाके से श्रावस्ती में तैनात रहे दारोगा संतोष सिंह व सिपाही संतोष तिवारी को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों के पास से एक.एक किग्रा सोना बरामद हुआ था। इसके अगले दिन कैसरबाग बस अड्डे से गोरखपूर में तैनात रहे दारोगा बृजनाथ यादव को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से एक किग्रा सोना बरामद हुआ था। 17 अक्टूबर 2006 को गोरखपूर निवासी नीरज गुप्ता व सुभाष ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। छह दिसंबर 2006 को मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 395, 397 व 412 में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। इस मामले की विवेचना थाना आशियाना को सौंप दी गई थी।

# छात्राओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केन्द्रीय** औषधि अनुसंधान संस्थान द्वारा 'ओपन डे' का आयोजन किया गया। इसमे नवयुग कन्या महाविद्यालय के रसायन और जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बी.एससी. पंचम सेमेस्टर की 41 छात्राओं को केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान कैंपस ले जाया गया। कुशल वालंटियर के साथ प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया। छात्राओं के साथ संस्थान के वैज्ञानिकों ने वार्तालाप कर उनकी जिज्ञासा को शांत किया और अनुसंधान के क्षेत्र में छात्राओं को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. ऋचा शुक्ला, डॉ. ममता वर्मा, विमला बिन्द, डॉ. सुनीता सिंह, चंदन मौर्या, डॉ. क्षितिज, ललिता व रचना सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के वनस्पति विभाग द्वारा सीएसआइआर एनबीआरआई का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बीएससी थर्ड सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया।



जहां उन्होंने विभिन्न लैब जैसे हरबेरियम बनाने की विधी, सूखी वनस्पतियों का संग्रह, केंद्रीय उपकरण, बोटानिनिकल गार्डेन, टेरिडोफाइट्स ,ब्रायोफाइटा के प्लांट की जानकारी भी दी गई।

## विधान परिषद के लिए सुरेश त्रिपाठी व हेमराज प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने विधान परिषद निर्वाचन 2023 के लिये सुरेश कुमार त्रिपाठी को प्रयागराज-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से तथा हेमराज सिंह गौर को कानपुर-उन्नाव खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया है। शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री एवं प्रवक्ता डा आरपी मिश्र ने बताया कि प्रयागराज-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी 10 जनपदों के अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी एमएलसी को पुन: प्रत्याशी बनाये जाने का सर्व सम्मत प्रस्ताव पार्लियामेन्टरी बोर्ड के अध्यक्ष को भेज दिया। लोअर पार्लियामेन्टरी बोर्ड की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सुरेश कुमार त्रिपाठी को प्रयागराज झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपर पार्लियामेन्टरी के बोर्ड की संस्तुति पर कानपुर-उन्नाव खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिये उप्र माध्यमिक शिक्ष संघ के प्रदेशीय मंत्री हेमराज सिंह गौर को प्रत्याशी घोषित किया गया।

## जान की परवाह नहीं जल्दबाजी में तय कर रहे मौत का सफर

**मोहनलालगंज।** बीकेटी हादसे में दस लोगों की जिन्दगी छिन जाने के बाद भी खतरे से बेखबर लोग सबक लेने को तैयार नहीं हैं। चंद रुपयों की बचत और जल्दबाजी में जान का जोखिम उठाकर लोग मौत का सफर तय कर रहे हैं। लेकिन हाईवे पर लोगों से खचाखच भरे वाहनों को आवागमन करते देखकर भी ट्रैफिक और पुलिसकर्मी अंजान बने रहते हैं। बीकेटी के इटौंजा में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दस लोगों की दर्दनाक मौत का भीषण हादसा भी लोगों की आंखें नहीं खोल सका है। मंगलवार को मोहनलालगंज में भी लोगों से खचाखच भरे पिकप लोडर बेरोंकटोंक रायबरेली हाईवे पर जाते नजर आए। ऐसे में जरा सी चूक बड़े हादसे की वजह बन सकती है। बावजूद इसके बेपरवाह लोग जान का जोखिम उठाकर मौत का सफर तय करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे भी ज्यादा हैरत की बात यह है कि मोहनलालगंज कस्बे के हर चौराहे पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहती है। फिर भी मौत का सफर तय कर रहे लोग पुलिसकर्मियों की आंखों से जाने कैसे बचकर निकल जाते हैं। यही नहीं यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए कस्बे में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है। फिर भी लोगों से खचाखच भरे लोडर ट्रैफिक टीम की आंखों से ओझल होकर बड़े आराम से गंतव्य तक पहुंच जाते हैं।

## प्रदर्शनी में बच्चों की कलाकारी देखकर बीईओ ने दी शाबासी

**मोहनलालगंज।** कचरा प्रबन्धन और वर्षा जल संचयन के आकर्षक मॉडल तैयार मंगलवार को प्राइमरी स्कूल मानखेड़ा के मासूम बच्चों ने सबको चौंका दिया। स्कूल में आयोजित विज्ञान एवं हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी के दौरान बच्चों की कलाकारी देखकर खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह भी उन्हें शाबासी दिए बिना नहीं रह सके। प्रदर्शनी में बच्चों ने राष्ट्रीय उद्यान राष्ट्रीय राजमार्ग और खाद्य श्रंखला के मनमोहक मॉडल प्रस्तुत कर सभी को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बच्चों के हाथों से बने खिलौने सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे। बच्चों की हौसलाअफजाई कर खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने कहा पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों का विज्ञान और हस्त शिल्प कला में हुनरमंद होना भी बेहद जरुरी है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका माधवी सिंह, सहायक अध्यापिका अमृता वर्मा, अनुराधा मौर्य और शिक्षामित्र मन्नू बानो उपस्थित रहीं।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के खिलाफअपील पर सुनवाई 17 को

**लखनऊ (विसं)।** वर्ष 2004 में हत्या के एक मामले में अजय मिश्रा उर्फ टेनी को सत्र अदालत द्वारा बरी करने के खिलाफराज्य सरकार व एक अन्य द्वारा दाखिल की गई अपील पर अब 17 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अजय मिश्रा उर्फटेनी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हैं। मंगलवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष यह अपील सुनवाई के लिए नियत था। पीठ को मंत्री ओर से बताया गया कि इस अपील को स्थानांतरित करने के संदर्भ चीफ जस्टिस ने उनकी अर्जी खारिज कर दी थी जो अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। वर्ष 2003 में लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में प्रभात गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के इस मामले में अन्य मुल्जिमों के साथ ही अजय मिश्रा उर्फटेनी भी मुल्जिम थे। वर्ष 2004 में लखीमपुर खीरी की एक सत्र अदालत ने विचारण के पश्चात साक्ष्य के अभाव में टेनी समेत सभी मुल्जिमों को बरी कर दिया था।

# संस्कृत सबसे अधिक वैज्ञानिक भाषा: डॉ. रामा एस द्विवेदी

● मंडल स्तरीय वाल्मीकि जयंती प्रतियोगिता समारोह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश संस्कृत संस्थानम् लखनऊ भाषा विभाग के अधीन वाल्मीकि जयंती प्रतियोगिता समारोह की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता नवयुग कन्या महाविद्यालय की संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉ. वंदना द्विवेदी के संयोजकतत्व में राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। अमेरिका में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रामा. एस . द्विवेदी ने अपने संबोधन में संस्कार युक्त शिक्षा पर विशेष बल दिया तथा संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत सबसे अधिक वैज्ञानिक भाषा है जिसको कि नासा ने भी स्वीकार किया है। आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में भी संस्कृत बहुत उपयोगी सिद्ध हो रही है। डॉ. द्विवेदी विज्ञानी होने के साथ ही संत हैं और स्वामी रामानंद सरस्वती के रूप में भी प्रसिद्ध हैं।



विशेष सचिव लोनिवि आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि संस्कृति से ही संस्कार की सीख मिलती है। इसलिए संस्कृत को अवश्य पढ़ना चाहिए। नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत देवभाषा है। हमें इस के संवर्धन के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश पांडे ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि देवभाषा संस्कृत में ही हमारा ज्ञान विज्ञान भरा हुआ है।

# आतंकी गतिविधियों में निरुद्ध मुल्जिम सात दिन के लिए एटीएस के हवाले

**विधि संवाददाता।** लखनऊ। एनआइए/एटीएस की विशेष प्रभारी जज नरेंद्र कुमार ने आतंकी गतिविधियों के मामले में निरुद्ध मुल्जिम आसिफ मोहियुद्दीन पीर उर्फ इब्राहिम को सात दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। इसकी कस्टडी रिमांड की अवधि 28 सितंबर से शुरु होगी। उन्होंने यह आदेश एटीएस के डिप्टी एसपी व इस मामले के विवेचक शैलेंद्र सिंह राठौर की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। विवेचक का कहना था कि मुल्जिम एक जीबी व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़ा है। जिसके जरिए दिल्ली निवासी नदीम, पाकिस्तान निवासी सैफुल्ला और बांग्लादेश निवासी जुबैर से जेहाद की बातचीत करता था। आपस में आडियो कालिंग भी होती थी। पूछताछ में इसने बताया है कि हम सभी लोग भारत सरकार व इनके संविधान को नहीं मानते हैं। हम लोग भारत में शरिया कानून लागू कराकर इसे इस्लामिक मुल्क बनाना चाहते हैं। कहा गया कि इससे बरामद मोबाइल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजकर उसका डाटा प्राप्त करना व विश्लेषण करना है। इसके जीमेल एकाउंट का डाटा टेक डाउन कर विश्लेषण करना है। जिहाद से जुड़े इसके साथियों की शिनाख्त व उनका चिन्हीकरण कराना है। इसके द्वारा विदेश से कश्मीर में अपने जेहादी साथियों को भेजे गए धन का बैंक खाता मालुम करना है। इसे कश्मीर ले जाना है। लिहाजा इसका सात दिन के लिए कस्टडी रिमांड मंजूर किया जाए।

# प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत नदियों में मत्स्य संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के तहत बीकेटी विकासखंड कठवारा गांव के ककरहा घाट पर मेजर कार्य प्रजात की मछलियों के डेढ़ लाख बच्चे मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद गोमती नदी में प्रवाहित किये। श्री निषाद ने बताया कि पीएम मोदी और सीएम योगी का संकल्प है कि मत्स्य संरक्षण और पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखने के लिए रिवर रैंचिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। आज गोमतीनदी में 1 डेढ़ लाख अंगुलिका मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया गया है। हमारी सरकार नदियों और पर्यवारण को लेकर गंभीर है जिस गोमती नदी को पूर्व की सरकारों ने मृत और जहरीली नदी बना दिया था आज उसी गोमती नदी से निकाली गई मछलियों के ब्रूडर से तैयार बच्चो को गोमती नदी में प्रवाहित किया गया है क्योंकि जिस पानी और नदी से मछलियों को निकाला जाता है उसी पानी नदी में वापस उनके बच्चो को छोड़ा भी जाता है। आने वाले समय मे हम राजधानी की शान गोमती नदी की सुंदरता वापस लाकर दिखाएंगे।

# पेज एक का शेष

## गहलोत के...

में आगे रहे। विधानसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जोशी और राठौर पर इसलिए कार्रवाई हुई, क्योंकि उन्होंने विधायकों की समानांतर बैठक आयोजित की और कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं होने दी। एआईसीसी सूत्रों ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में रविवार दोपहर से राज्य में हुए घटनाक्रम के लिए गहलोत को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। गहलोत ने मंगलवार शाम को अपने स्तर पर फोन कर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को बताया कि लगभग 90 विधायकों द्वारा सीएलपी बैठक में पहुंचने से इनकार करने एवं सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के मामले में उनका कोई हाथ नहीं है। सूत्रों के अनुसार उन्होंने सोनिया गांधी से माफी भी मांगी है। वह बुधवार को दिल्ली आ सकते हैं। इस बीच, मंगलवार शाम को सचिन पायलट दिल्ली पहुंच चुके हैं। उनके भी सोनिया गांधी से मुलाकात करने की संभावना है। गहलोत एवं कांग्रेस हाईकमान की ओर से साफ संकेत मिल रहे हैं कि दोनों ही मामले को आगे नहीं खींचना चाहते।

## गहलोत की...

रवैये से बेहद नाराज बताए जा रहे हैं। आगे की रणनीति तय करने के लिए सोनिया ने कमलनाथ, पवन बंसल, अंबिका सोनी समेत अपने भरोसेमंद कई नेताओं के साथ बैठक की है। गांधी परिवार के पसंदीदा उम्मीदवार के बारे में बने रहस्य के बीच पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि एआईसीसी के कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने नामांकन फॉर्म ले लिए हैं। मिस्त्री ने कहा कि थरूर चुनावी दौड़ में हैं जबकि बंसल ने संभवत: किसी अन्य के लिए पर्चा लिया है। नामांकन की तारीख शुक्रवार को खत्म हो रही है। ऐसे में मिस्त्री ने कहा कि उन्हें यह मालूम नहीं है कि गहलोत नामांकन पत्र भरेंगे या नहीं।

## जैव ऊर्जा...

एवं बायो डीजल प्लांट और बायोमास के संग्रहण के लिए रेकर, बेलर, ट्रालर पर अतिरिक्त अनुदान पर प्रदेश सरकार 1040 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सरकार का दावा है कि प्रदेश में इससे 5500 करोड़ रुपये का निवेश भी होगा। नई नीति की अवधि पांच वर्ष होगी। इस अवधि में प्रदेश में स्थापित होने वाली जैव ऊर्जा परियोजनाओं, (कम्प्रेस्ड बायोगैस) बायोकोल, बायोइथानॉल तथा बायोडीजल को भारत सरकार की नीति के अतिरिक्त उत्पादन पर इन्सेंटिव दिया जाएगा। उद्यमों, संयंत्रों की स्थापना तथा संग्रहण और भंडारण के लिए 30 वर्षों की लीज अवधि के लिए भूमि एक रुपये प्रति एकड़ वार्षिक के टोकन लीज़ रेंट पर दी जाएगी। कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन पर 75 लाख रुपये प्रति टन की दर से अधिकतम 20 करोड़ तक, बायोकोल उत्पादन पर 75000 रुपये प्रति टन की दर से अधिकतम 20 करोड़ तक, बायोडीजल के उत्पादन पर तीन लाख रुपये प्रति किलोलीटर की दर से अधिकतम 20 करोड़ उत्पादान (सब्सिडी) दिया जाएगा।

## पीएफआई के...

अभिकरण (एनआईए) के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसी की टीम ने देश में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में 22 सितंबर को पीएफआई के खिलाफ 15 राज्यों में छापेमारी की थी। उसके 106 नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। एनआईए, पीएफआई की संलिप्तता वाले 19 मामलों की जांच कर रही है। संबंधित राज्यों की पुलिस ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में मंगलवार को छापेमारी की कार्रवाई की, जो समन्वित कार्रवाई प्रतीत होती है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने असम और महाराष्ट्र, प्रत्येक राज्य में 25 लोगों को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश में 57 और दिल्ली में 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 21, गुजरात में 10 और पुणे(महाराष्ट्र) में छह लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा, कर्नाटक में भी कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## यूपी में...

चला है कि पीएफआई के सदस्य मुस्लिम समुदाय से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर अचाकन प्रदर्शन प्रारम्भ कराकर दंगा कराने की साजिश रच रहा था। इसके लिए साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील यूपी के जिलों में पीएफआई अपने सदस्यों को तैयार कर रहा था। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए कुछ सदस्यों के मोबाइल नंबर से ऐसे वीडियो और व्हाट्सअप चैट मिले हैं, जिससे यह पता चला है कि पीएफ आई किसी भी समय कानून-व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकता था। संगठन के लोग मुस्लिम समाज के पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर तबके को अपना साफ्ट गारगेट बना रहे थे। उनके बीच अपने समाज के लोगों पर अत्याचार किए जाने की बात फैलाई जाती थी। इसके साथ ही उन्हें यह सपना दिखाया जाता था कि भारत को एक दिन इस्लामिक राष्ट्र बनाना है, जिसमें मुस्लिम समाज के लोग पूरी तरह सुरक्षित हो जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश...

में संयुक्त रूप से विश्लेषण किया जा रहा है। उपरोक्त अभिलेखों एवं सबूतों के आधार पर अंतरिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 23 सितंबर को भी देशव्यापी छापों के दौरान यूपी से पीएफआई के आठ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था। एटीएस व एनआई ने गाजियाबाद से 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सीतापुर, मेरठ व बुलंदशहर में भी गिरफ्तारी की गई हैं। लखनऊ के बीकेटी के अचरामऊ से पीएफ आई से जुड़े 7 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इटौंजा से भी एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार देर रात लखनऊ की एटीएस और जिले की पुलिस ने खैराबाद और रामपुर कला से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। जिनके संबंध पीएफआई संगठन से होना बताया जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई दिनों से वह संगठन के लिए सक्रियता से काम कर रहे थे। अभी तक उनसे पूछताछ की जा रही है। देर रात ही स्थानीय पुलिस की मदद से मोहम्मद अनीश निवासी ग्राम तेंदुवा बहोरी थाना रामपुर कलां व मुकीम निवासी असोधर थाना खैराबाद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। रात से उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान फहीम निवासी ग्राम सहारिया रामपुर कलां फरार भी हो गया है। वहीं खैराबाद का रहने वाला मुकीम पहले भी हिरासत में लिया जा चुका है। डेढ़ साल पहले भी उसे हिरासत में लिया गया था। इस दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गई थी।

## फर्जी पासपोर्ट...

था। विवेचना के बाद मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 व पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12-1, बी में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। सीबीआई नई दिल्ली के वरिष्ठ लोक अभियोजक दीप कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक अदालत ने अबू सलेम को आईपीसी की धारा 120बी सपठित धारा 471 में दोषी करार दिया है। जबकि परवेज आलम को आईपीसी की धारा 120 बी सपठित धारा 471 के साथ ही 420 व 468 तथा पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 बी में दोषी करार दिया है।

## मोदी ने...

आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार सुबह ही तोक्यो पहुंचे थे। मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल में पुष्प अर्पित कर आबे को श्रद्धांजलि दी। विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निप्पॉन बुडोकन हॉल में राजकीय अंतिम संस्कार में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व विदेश मंत्रालय ने भारत-जापान साझेदारी को आगे बढ़ाने में उनके अपार योगदान को याद करते हुए ट्वीट किया, एक महान दूरदर्शी को श्रद्धांजलि।

## आशा पारेख...

सह-लेखन फिल्म समीक्षक खालिद मोहम्मद ने किया था। उन्हें 1992 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था। पिछले साल, 2019 के लिए रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट...

जिसने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दस प्रतिशत कोटे की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की, को लगभग 2.5 लाख बार देखा गया। कोर्ट नंबर 2, जो शिवसेना संकट से उत्पन्न मामलों की सुनवाई कर रही थी और राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र और दिल्ली सरकारों की विधायी और कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित मुद्दे को लगभग 4 लाख लोगों ने देखा गया। इसी प्रकार कोर्ट नंबर 3, जिसमें अखिल भारतीय बार परीक्षा की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई, को एक लाख से कम बार देखा गया। फीड को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम किया गया था और यह सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध था।

# ओपी राजभर से बगावत कर महेंद्र राजभर ने बनाई नई पार्टी

- नई राजनीतिक पार्टी सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का हुआ गठन
- परमिशन नहीं मिलने पर कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित धरना स्थल पर नई पार्टी की किया गया घोषणा



**संवाददाता।** मऊ

**प्रदेश** सरकार के पूर्व मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ;सुभासपाद्ध के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के विरोध का क्रम मऊ जनपद में थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल गाजीपुर तिराहा स्थित एक होटल में कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ;सुभासपाद्ध के पूर्व राष्?ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र राजभर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर नई राजनीतिक पार्टी सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के गठन की घोषणा कर दिया। साथ ही साथ ओमप्रकाश राजभर पर कार्यक्रम की अनुमति नहीं दिलवाने का आरोप लगाया। बागी कार्यकर्ताओं ने ओम प्रकाश राजभर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। साथ ही साथ सर्व सम्मति से महेन्द्र राजभर को नव गठित सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनते हुए फूल माला एवं गदा भेंट करके हुंकार भरा गया।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बागी नेता महेंद्र राजभर के नेतृत्व में नगर स्थित एक प्लाजा में नई पार्टी के गठन के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था। लेकिन मंगलवार को कार्यक्रम के अंतिम समय में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमति नहीं प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने पर सुभासपा के बागी कार्यकर्ता महेन्द्र राजभर एवं डॉण् बलिराज राजभर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच गए। बागी नेताओं ने ओमप्रकाश राजभर मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। बागी नेताओं ने आरोप लगाया कि ओमप्रकाश राजभर एक दिन पूर्व अपनी सावधान यात्रा को छोड़कर मऊ जनपद आ गए थे। ओमप्रकाश राजभर के प्रभाव के कारण ही उनके कार्यक्रम की अनुमति नहीं प्रदान किया गया। सैकड़ों की संख्या में बागी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंच गए। इस दौरान कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित धरना स्थल पर ही महेन्द्र राजभर ने सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी की घोषणा कर दिया। इस दौरान सर्वसम्मति से महेन्द्र राजभर को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव के रूप में डॉक्टर बलिराज राजभर की घोषणा किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव ने पार्टी के लिए चुने गए झण्डे का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर एवं राष्ट्रीय महासचिव बलिराज राजभर ने सबका उत्साहवर्धन किया तथा जिम्मेदारी देने के लिए आभार भी प्रकट किया।

### उपस्थित रहे कार्यकर्ता

**मऊ।** कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित धरना स्थल पर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के गठन के दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रुप से लालजी राजभरए रमेश सिंह चौहानए अर्जुन चौहानए चंद्रशेखर राजभरए बृजेश राजभरए राम दुलारे राजभरए रमेश यादव रामाशीष यादवए बड़े लाल चौहानए ओमप्रकाश राजभरए रामजीत राजभरए अभयनंदन वर्नवालए रामनिवास मनोज राजभर एअबू सालेए जगधारी राम कन्नौजियाए उस्मान गनीए मोती मंडलए मोती यादवए जनार्दन राजभरए हरिहर राजभरए मनोज यादवए अरविंद राजभरए सूरज राजभरए गिरधारी राजभर उपस्थित रहे।

### मुख्तार के खिलाफ चुनाव में उतरे थे महेन्द्र राजभर

**मऊ।** ओमप्रकाश राजभर ने मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2017 में बाहुबली मुख्तार अंसारी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी एवं सुभासपा गठबंधन के रुप में महेन्द्र राजभर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। महेन्द्र राजभर सुभासपा की स्थापना काल से ही ओमप्रकाश राजभर के साथ रहे हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार अनुसार राजभर बिरादरी में महेंद्र राजभर का भी प्रभाव माना जाता है। महेन्द्र राजभर मऊ जनपद के अलावा अन्य गैर जनपदों आजमगढ़ए बलियाए देवरियाए गाजीपुर में अपनी खासी पहचान रखते हैं।

## जयकारे के साथ मां ब्रम्हचारिणी का भक्तों ने किया दर्शन

**सकलडीहा स्चन्दौली।** कस्बा के दुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वाधान में पिछले कई वर्षो से शारदीय नवरात्र माह में मां दुर्गा की नौ रूपों की झांकी सजायी जाती है। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को मां ब्रम्हचारिणी की आकर्षक झांकी सजायी गयी। शाम को झांकी के दर्शन के लिये महिला पुरूष और बच्चों ने मां की जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया। इस दौरान लोगों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण करने के बाद रामलीला का आनंद उठाया। सकलडीहा कोतवाली अर्न्तगत शारदीय नवरात्र में कुल 24 स्थानों पर मूर्ति स्थापना और पूजा कार्यक्रम होता है। कस्बा में स्थापित मूर्ति पर मां दुर्गा की नव रूपों का आकर्षक झांकी सजायी जाती है। दूसरे दिन मां ब्रम्हचारिणी देवी की दर्शन पूजन भक्तजनों ने मां की जयकारा लगाते हुए किया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में घंटा बजता रहा। इसके साथ ही रामलीला का भी भक्त आनंद उठाते रहे।

# एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मनाएं त्योहार: डीएम

**संवाददाता।** मुगलसराय चन्दौली



**मुगलसराय** कोतवाली परिसर में मंगलवार को डीएम और एसपी ने नवरात्रिए दुर्गापूजाए दशहराए ईद.ए.मिलादए दीपावली सहित आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के माहौल में मनाये जाने के लिए शांति समिति की बैठक ?की। बैठक को डीएम ईशा दुहन ने त्योहारों को परंपरागत ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के संदेश या सूचना को आगे बढ़ाने एक बार उसके बारे में जानकारी अवश्य हासिल कर लें। कहा कि थोड़ी सी समझदारी से त्योहारों के माहौल को बेहतर बनाया रखा जा सकता है। बैठक में डीएम ने कहा कि विभिन्न समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मिलजुल कर मनाये जाने की परंपरा रही है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस बार भी दुर्गापूजा का त्योहारए मूर्तियों का विसर्जन एवं आने वाले वाराफत त्योहार को भीशांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनाएं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा की त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सेमुस्तैद रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहार पर खलल डालने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ पीडीडीयू नगर अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति कोई को कहीं भी गड़बड़ी की संभावना नजर आये तो इसकी सूचना तुरंत थाने पर या फिर किसी भी पुलिसकर्मी को दें ताकि समय रहे उस गड़बड़ी को रोका जा सके। बैठक में जनप्रतिनधियों ने सड़कए बिजली की लटकती तारों समेत जलभराव की समस्या को बताया।

# शारदीय नवरात्र मेले में होमगार्ड कमाडेंट की नई पहल

**मीरजापुर।** शारदीय वनरात्र मेला विन्ध्याचल में होमगार्ड कमाडेंट के द्वारा नई पहल किया गया हैं। जिसका मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्रए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा सराहना की गयी। जिला कमांडेंट होमगार्ड श्री बी0के0 सिंह ने बताया कि नवरात्र मेला में आने वाले वृद्ध व दिव्यांग श्रद्धालुओ को होमगार्ड के जवानो के द्वारा ले जाकर विन्ध्यचाल देवी का दर्शन कराया जा रहा हैं। उन्होने बताया कि बस स्टैंड विन्ध्याचल के सामने महेश भट्टाचार्य प्राथमिक विद्यालय में होमगार्ड का मेला शिविर कार्यालय बनाया गया हैं। वहॉ पर यदि कोई वृद्ध व दिव्यांग आता है या दिखाई पड़ता है तो उसे होमगार्ड के जवानो के द्वारा ले जाकर दर्शन कराकर वापस लाया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि नवरात्र के प्रथम दिन एक वृद्ध व्यक्ति दो होमगार्डो के द्वारा उठाकर ले जाकर दर्शन कराया गया। कमाडेंट बी0के0 सिंह ने बताया कि यदि कोई वृद्धजन व दिव्यांग व्यक्ति दर्शन करने में असहाय महसूस करता है तो बस स्टैंड के सामने शिविर कार्यालय पर पहुॅचकर सहायता प्राप्त कर सकता हैं। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के मार्ग निर्देशन में इस बार मेंला में होमगार्ड जवानो के रूकने के लिये भी उत्तम व्यवस्था किया गया हैं जहॉ पर पीने हेतु दो टैंकर शुद्ध जल एवं पाइप लाइन के माध्यम से कई टोटिया भी लगाकर स्नान हेतु प्रबन्ध किया गया हैं। उन्होने बताया कि होमगार्ड को निष्काम भाव से सामाजिक सरोकार व सेवा से जोड़ने के लिय नवरात्र मेला में आने वाले श्रद्धालु जो दिव्यांग असहाय व अतिवृद्ध हैं उनके दर्शन पूजन के लिये टीम गठित की गयी जो मेला क्षेत्र में रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डो पर आये दिव्यांगजनो के दर्शन पूजन में सहयोग करेगा। उन्होने कहा कि दिव्यांग असहाय व अतिवृद्ध श्रद्धालुध्भक्तजन गठित टीम के सदस्यों के मोबाइल नम्बर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किए माँ विन्ध्यवासिनी देवी के दर्शन

**संवाददाता।** मीरजापुर



**राजस्थान** प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज सपरिवार विन्ध्याचल पहुॅचकर माँ विध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया गया। विन्ध्याचल पहुॅचने पर मण्डलायुक्त श्री योगेश्वर राम मिश्रए जिलाधिकारी दिव्या मित्तलए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने महामहिम राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मा0 नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र ने श्री राज्यपाल महोदय को चुनरी भेंटकर स्वागत किया। तदुपरान्त विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में जाकर मंत्रोच्चार के साथ दर्शन पूजन कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्री मनोज जायसवालए अपर जिलाधिकारी वि0धा0 श्री शिव प्रताप शुक्लए अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। नवरात्रि पर्व के अवसर पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर व्रत से संबंधित खाद्य पदार्थ कुट्टू का आटा ए साबूदाना एफल एवम अन्य फलाहारआदि उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आयुक्त महोदयाए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनए लखनऊ द्वारा दिनांक 26.9. 2022 से दिनांक 03.10. 2022 तक विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य ।।ध् अभिहित अधिकारी मंजुला सिंह ए के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनए मीरजापुर की टीम द्वारा तहसील सदर आवास विकास सेक्टर के विवेक त्रिपाठी के स्टोर से किशमिश वा मखाना का नमूना लिया गया। प्रदीप कुमार के यहां से मूंगफली का तथा साई एंटरप्राइज राहुल के यहां से बिस्कुट वा बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया।

## मीरजापुर में नहीं है यूरिया की कमी

**मीरजापुर।** एक समाचार पत्र में प्रकाशित साधन सहकारी समितिया पर यूरिया उपलब्ध नही के सम्बन्ध में ए0आर0 कोआपरेटिव के द्वारा जांचो परान्त बताया गया कि सहकारी समति भटवारी डिघियाए गलरा खोटहाए महुगढ़ीए बरौधाए सेमरा आदि समितियों पर यूरिया की उपलब्धता न होने प्रकाशित खबर पर बताया कि साधन सहाकारी समिति भटवरी डिघिया में 24 सितम्बर 450 बोरी यूरियाए गलरा खोटहा में 22 सितम्बर को 450 बोरीए सेमरा कला बबुरा में 21 व 25 सितम्बर 2022 को क्रमश: 450.450 बोरी महोगढ़ी सहकारी समिति में 24 सितम्बर को 450 बोरी यूरिया प्राप्त करा दी गयी हैं। जिसमें तद्दिनांक तक उक्त सभी बिक्री केन्द्रो पर लगभग 250 से 350 बोरी तक यूरिया समिति पर उपलब्ध हैं। उन्होने बताया कि मात्र बरौधा समिति पर यूरिया दो दिन पूर्व ही समाप्त हुयी है जहॉ पर आज सांय तक उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होने बताया कि जनपद मीरजापुर में वर्तमान में पी0एस0एफ0 बफर गोदाम में 4287 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है जिसे सहकारी समितियो द्वारा मांग के आधार पर प्रतिदिन यूरिया की उपलब्धतता कराया जा रहा हैं। जनपद में यूरिया की कोई कमी नही हैं।

# साधना फाउंडेशन के दल ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य से की मुलाकात



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**पिछले** 10 वर्षों से लगातार स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वाली संस्था साधना फाउंडेशन का एक दल उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से मुलाकात किया। साधना फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सौरभ मौर्या ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान एवं प्लेटलेट दान के जागरूकता हेतु उनके नेतृत्व में साधना फाउंडेशन का एक दल उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर, उन्हें प्रदेश में डेंगू एवं अन्य ब्लड की कमी से होने वाले बीमारियों की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है, जिसकी वजह से ब्लड बैंकों में प्लेटलेट की डिमांड बढ़ गई है एवं जागरूकता की अभी भी भारी कमी की वजह से लोग प्लेटलेट दान एवं रक्तदान हेतु आगे नहीं आ रहे हैं, जिस वजह से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सौरभ मौर्या ने बताया कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अपील किया है कि वह अपने स्तर पर प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाएं, जिससे लोग आगे आए और डेंगू जैसी बीमारी से पीड़ित मरीजों को मुक्ति मिले। सौरभ मौर्य ने यह भी बताया कि उपमुख्यमंत्री जीने संस्था के कार्य को सराहा एवं प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाने के लिए आश्वासन दिया।

# कौशल और क्षमता का पूर्ण उपयोग जीवन को बढ़ाता है आगे-एन. नागेश



**सोनभद्र।** हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा रेणुकूट उपनगरीय बस्ती एवं दुद्धी तहसील के निवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए कई सकारात्मक प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में रेणुकूट एवं दुद्धी तहसील के 12 युवाओं को हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा संचालित हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में कौशल प्रशिक्षण के अंतर्गत प्लम्बिंग कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया जिसके अंतर्गत उन्हें सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी 12 युवाओं को हिण्डाल्को प्रमुख एन. नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं प्रोजेक्ट हेड विनोद ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए श्री नागेश ने कहा कि हम सभी एक जैसे ही होते है लेकिन अपनी कौशल एवं क्षमता का पूर्ण उपयोग करके हम अपने जीवन में आगे बढ़ते है। आप सभी इस प्राप्त कौशल द्वारा अपने जीवन में खूब आगे बढ़े यही कामना करता हूं। जसबीर सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अपनी शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रोजेक्ट हेड विनोद ठाकुर ने कहा कि आपके द्वारा प्राप्त इस कौशल का आज के बाजार में काफी मांग है और इससे आप जीवन के नये आयाम को जरूर छुयेंगे। कार्यक्रम के अंत में हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिण्डाल्को प्रशिक्षण एवं विकास विभाग के विभागाध्यक्ष हेमराज, सुरक्षा प्रमुख संदीप खन्ना तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कार्यो की समयबद्धता व गुणवत्ता महत्वपूर्ण: डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नमामि गंगे योजनान्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न एजेंसियो के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा अधिकारियो के साथ बैठक कर की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस उपस्थित रही। जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियो को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य की समयबद्धता व गुणवत्ता महत्वपूर्ण हैंए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। समीक्षा के दौरान एजेंसियो के कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर उन्होने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि मजदूरो व मशीनों आदि की संख्या में बढ़ोतरी करते हुये कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूरा किया जाय। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होने कहा कि गुणवत्ता के साथ लापरवाही बरतने वालो को किसी स्तर पर बक्शा नही जायेगा।

# गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का हुआ भव्य शुभारंभ



**सोनभद्र।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा विगत 58 वर्षों से हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर लगातार आयोजित हो रहे रामलीला मंचन देर शाम गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। नौ दिनों तक चलने वाली इस रामलीला का समापन 5 अक्टूबर को रावण दहन के साथ होगा। रिमझिम गिरते बारीश के बीच हिण्डाल्को प्रमुख एन. नागेश उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा मलहोत्रा ने गणेश पूजन तथा रामचरित् मानस का पूजन कर रामलीला का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर नित्यानंद राय, जगन्नाथ नायक, संदीप खन्ना, उज्जवल केश, रवि गुप्ता, पी.के. उपाध्याय, राजीव झुनझुनवाला, यशवंत कुमार आदि ने भी गणेश पूजन एवं आरती किया। रामलीला मंचन के प्रथम दिन लगभग 250 कलाकारों द्वारा मंच पर एक साथ रामचन्द्र कृपालु भगवन आरती, नारद मोह तथा नारद द्वारा भगवान विष्णु को तीन जन्म तक राक्षस बनने का श्राप देना, मनु सतरुपा के द्वारा घोर तपस्या से भगवान नारायण को पुत्र रूप में प्राप्ति का वरदान, रावण द्वारा भगवान शिव से चंद्रहास तलवार की प्राप्ति आदि लीलाओं का मनमोहक मंचन किया गया जिसका हजारो लीला प्रेमियों ने आनंद उठाया। प्रथम दिन की लीलाओं के अंत में रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय ने बताया कि दूसरे दिन रामजन्म, सीता उत्पत्ती, राम.लक्ष्मण द्वारा विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, अहिल्या उद्धार तथा राम-लक्ष्मण द्वारा जनकपुर भ्रमण आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।

## कागजातों के अभाव में वसूला गया दो लाख का जुर्माना

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा सिरसोती बैढ़न मार्ग पर मंगलवार को वन क्षेत्राधिकारी जरहां राजेश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कागजातों के अभाव में दो हाइवा से जुर्माने के रूप में दो लाख रुपए की नगद धनराशि वसूला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की पूर्वाह्न वन क्षेत्राधिकारी जरहां राजेश सिंह विभाग के वन दरोगा राजू कुमार व नूर आलम उर्फ निशार, वन रक्षक राजबली सिंह व रोपवानी प्रहरी नागेंद्र कुमार अन्य के साथ क्षेत्र भ्रमण व जांच के लिए निकले हुए थे। उसी दौरान सिरसोती में बीजपुर बैढ़न मार्ग पर चालक धर्मराज नाई पुत्र शिवनाथ व भागीरथी पुत्र बिहारीलाल नाई निवासीगण मध्यप्रदेश जिला सिंगरौली थाना बैढ़न ग्राम बरघाता हाइवा न0 यू पी 64 बी टी 1128 व यू पी 64 बी टी 1390 पर बालू लादकर बैढ़न से बीजपुर की ओर आते हुए दिखाई दिए।

# सांसद ने आरती कर किया रामलीला का शुभारंभ

**संवाददाता।** मिर्जापुर



**गड़ौली** धाम में अयोध्या की अंतर राष्ट्रीय लीला मण्डली द्वारा 11 दिवसीय राम लीला का आयोजन ओ एस बाल कुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील भाई ओझा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा हैण्जिसका शुभारम्भ कल देर रात सम्पन्न हुआ।गड़ौली धाम में अयोध्या की विश्व प्रसिद्ध राम लीला देख कर क्षेत्र की जनता निहाल हो गयीण्रामलीला देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु शाम से ही गड़ौली धाम पर पहुँचने लगे थेण्नवरात्री के प्रथम दिन से शुरू होकर यह रामलीला विजया दशमी पाँच अक्टूबर तक अनवरत चलेगीण् मर्यादा पुरुसोत्तम राम के चरित्र का साक्षात् दर्शन करने के लिए हजारों की सख्या में स्त्री पुरुष और बच्चे देर रात तक गड़ौली धाम में मौजूद रहेण् गड़ौली धाम में पहली बार इतने भव्य तरीके से संपन्न होने वाली राम लीला का शुभारम्भ भोजपुरी सुपर स्टार एवं आज़मगढ़ के भाजपा सांसद दिनेश लाल निरहुआ ने गणेश आरती कर कियाण रामलीला देखने के लिए आये हुए श्रद्धांलुओं ने दिनेश लाल निरहुआ का सम्मान हर हर महादेव के उद्घोष के साथ कियाण्गड़ौली में आजकल जंगल में मंगल बना हुआ हैण् और 26 सितंबर को देर रात से शुरू हुई राम लीला सोने पर सुहागा को चरितार्थ करने लगी हैण् इसका पूरा श्रेय उत्तर प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सुनील भाई ओझा को जाता हैण्गंगा नदी के सुरमय तट पर ज्ञानए भक्ति और श्रद्धा की त्रिवेणी में पुरे मनोयोग से श्रद्धांलु देर रात तक गोते लगाते रहेण् क्योंकि जिस चरित्र का चित्रण गंगा के पावन तट पर पहली बार किया जा रहा था उसके नायक राम के चरित्र में भावए भाषाए प्रबंध कौशलए योजना और रचना कौशल इस कदर समाविष्ट है जिसकी वर्तमान समय में सबसे ज्यादा जरूरत महसूस की जा रही है यही कारण है की शाम 6ण्00 से रामलीला देखने वाले श्रद्धांलू देर रात्रि तक जमे रहे ज़ब तक आज की रामलीला समाप्ति की घोषणा नहीं कर दीं गयी।

## गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार

**मुग़लसराय चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी पीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय संतोष कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा ट्रान्सफार्मर हिनौली से आगे पथरा रोड के पास एक व्यक्ति को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त से उसका नाम पूछने पर अपना नाम मनीष कुमार जायसवाल निवासी पराहूपुर थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली बताया तथा उसके पास से 1 किलो 25 किग्रा गांजा बरामद किया गया। जिस पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# गहलौत की रणनीति

## कांग्रेस में संकट

**कांग्रेस** नेतृत्व यह समझने में विफल रहा कि अशोक गहलौत राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलौत की उसके लिए उम्मीदवारी से एक बार फिर पार्टी नेतृत्व, यानी गांधी परिवार की भयानक अक्षमता स्पष्ट हुई है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि वे अनेक बार स्थिति का आंकलन करने में विफल रहे हैं। ऐसा लगता था कि अंतर-पार्टी चुनाव से गांधी परिवार को 'एक तीर से दो शिकार' करने का मौका मिल सकता है। इससे कांग्रेस को एक गैर-परिवार पार्टी अध्यक्ष मिल जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को 'देश की सबसे पुरानी पार्टी' पर हमले की धार कुंद हो जाएगी जो उसे परिवार-संचालित पार्टी कहती है। इससे राजस्थान में गहलौत-पायलट टकराव भी समाप्त हो जाएगा। हमने इस पर संपादकीय टिप्पणी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गहलौत शुरुआत से ही राष्ट्रीय भूमिका के लिए राजस्थान का सर्वोच्च पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। शायद उनका विश्वास था कि नई दिल्ली में सेवा करने के बजाय जयपुर में शासन करना बेहतर है क्योंकि गांधी परिवार के आर्शीवाद से पार्टी अध्यक्ष बनने का अर्थ उनकी निगरानी में काम करना होगा। लेकिन मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अनिच्छा तथा इस जिद में भारी फर्क है कि किसी भी कीमत पर यह पद उनके विश्वासपात्र को दिया जाए। उनके समर्थन में 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों के विद्रोह ने केवल गांधी परिवार को नाराज किया है, बल्कि इससे देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष पद की उनकी उम्मीदवारी भी खटाई में फंस गई है। रविवार को सचिन पायलेट के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर 90 विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दे दी।



बताया जाता है कि 'व्यथित और अपमानित' गांधी परिवार कांग्रेस के सर्वोच्च पद के लिए गहलौत के विकल्पों की तलाश कर रहा है। कहा जाता है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल नाथ राष्ट्रीय राजधानी में सोनिया गांधी के साथ बैठक के लिए पहुंचे हैं। लेकिन इन सबसे गहलौत या उनके विधायक हतोत्साहित नहीं लगते हैं। उन्होंने आलाकमान के पर्यवेक्षकों-अजय माकन व मल्लिकार्जुन खड़गे से बात करने से इनकार कर दिया। वे चाहते थे कि अगले मुख्यमंत्री का निर्णय अगला कांग्रेस अध्यक्ष चुनने के बाद हो। माकन ने यह बात मीडिया से बताते हुए कहा कि यदि यह प्रस्ताव पास हो जाता तो 'हितों का टकराव' होता क्योंकि 'गहलौत पहले ही पार्टी अध्यक्ष बन चुके होते। इस प्रकार उनको राजस्थान में अपना वारिस चुनने की शक्ति मिल जाती।' यह बात ठीक है, लेकिन गहलौत व उनके विधायकों ने अगले मुख्यमंत्री के मामले में जिद पकड़ ली। सभी जानते हैं कि 71 वर्षीय राजस्थान के मुख्यमंत्री और उनके युवा प्रतिद्वंद्वी के बीच टकराव है और यह 2020 में असफल विद्रोह के बाद और तेज हो गया है। लेकिन निश्चित रूप से गांधी परिवार व कुछ अन्य लोग यह नहीं समझते थे कि यह सीमायें पार कर जाएगा और इससे निपटना कठिन हो जाएगा। क्या अब दुश्मनी केवल राजनीतिक नहीं है? क्या यह व्यक्तिगत हो गई है? केवल गहलौत और पायलेट ही इन सवालों का जवाब दे सकते हैं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इस प्रकरण से गांधी परिवार की क्षमता पर एक और सवालिया निशान लग गया है। भला राहुल गांधी विपक्ष को कैसे एकजुट कर सकते हैं, जबकि वे अपने नेताओं को ही एकजुट नहीं रख पा रहे हैं? समय आ गया है कि कांग्रेस का सर्वोच्च नेतृत्व अपना घर व्यवस्थित रखने पर ध्यान दे।

# मुख्यधारा मीडिया के समक्ष चुनौतियां

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा 20 सितंबर को एशिया पैसिफिक इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी में दिए भाषण का संपादित स्वरूप।



**अनुराग ठाकुर**
(लेखक, सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)





**मुझे** एशिया-प्रशांत इंस्टीट्यूट फार ब्राडकास्टिंग डेवलपमेंट-एआईबीडी की आम सभा बैठक 2022 में शामिल होने तथा एशिया-प्रशांत क्षेत्र के ब्राडकास्टरों की सम्मानित सभा को संबोधित करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता है। सबसे पहले मैं ब्राडकास्टरों के लिए एक समुचित प्लेटफार्म तैयार करने के लिए एआईबीडी को मुबारकवाद देना चाहता हूं जहां वे अपना सुदृढ़ भविष्य बनाने के बारे में राय व्यक्त कर सकते हैं तथा टिप्पणियां कर सकते हैं।

मुझे बताया गया है कि कोविड के कठिन समय में भी जब दुनिया भय और निराशा से ग्रस्त थी तथा लाकडाउनों ने जीवन की गति धीमी कर दी थी व अर्थव्यवस्थाओं पर भारी दबाव था, तब भी एआईबीडी नेतृत्व ने सदस्य देशों से आनलाइन संपर्क बनाए रखा तथा इस बारे में लगातार संवाद किया कि मीडिया महामारी का प्रभाव कम करने में किस प्रकार योगदान कर सकता है। सदस्य देशों को चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम परिवर्तनों के बारे में सूचनायें साझा कर बहुत लाभ हुआ। कोविड विजेताओं की सकारात्मक गाथाओं का प्रसार करने व ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से महामारी के समय तेजी से फैलने वाली फर्जी खबरों पर लगाम लगाने में इससे बहुत सहायता मिली।

यदि हम इस आयोजन के विषय के बारे में बात करें तो यह महामारी-पश्चात युग में प्रसारण का सुदृढ़ भविष्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। मीडिया ने ही इस कठिन समय में दुनिया को एक मंच पर लाने तथा एक विश्व परिवार की भावना मजबूत करने का काम किया है। हमने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार द्वारा कोविड-19 के इस अत्यधिक कठिन समय में मीडिया का व्यापक प्रयोग देखा है जिसमें मुख्यधारा मीडिया व डिजिटल मंच, दोनों शामिल हैं।

सूचना के समय पर व पारदर्शी ढंग से साझा करने से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई, अफवाहों पर विराम लगा तथा महामारी के बारे में जागरूकता का लगातार विस्तार हुआ जो निरंतर नए-नए रूपों में सामने आ रही थी और अब भी हो रही है। अपने मीडिया मित्रों के साथ मिल कर हमने सुनिश्चित किया कि दुनिया भर में लाखों लोगों का जीवन बचाया जाए। यदि समय पर सुरक्षा उपायों तथा कोविड-19 से बचाव के तरीकों पर सूचनाओं का समय पर संप्रेषण न होता तो और लाखों लोगों की जान जाती।

मैं खासतौर से भारत के सरकारी सेवा ब्राडकास्टरों-दूरदर्शन व आल इंडिया रेडियो की प्रशंसा करना चाहूंगा जिन्होंने बहुत संतोषजनक ढंग से सार्वजनिक सेवाओं का अपना दायित्व पूरा किया तथा महामारी के परीक्षा वाले समय में मजबूती से जनता के साथ खड़े रहे। अन्य भारतीय ब्राडकास्टरों व भारतीय मीडिया ने सामान्य रूप से सुनिश्चित किया कि कोविड-19 के बारे में जागरूकता संदेशों, महत्वपूर्ण सरकारी दिशानिर्देशों व डाक्टरों के साथ मुफ्त आनलाइन विचार-विमर्श देश के हर कोने तक पहुंचे। 'डाक्टर्स स्पीक' जैसे कार्यक्रमों व 'मास्क-अप इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से सार्वजनिक ब्राडकास्टर दूरदर्शन ने ऐसे समय बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जब महामारी के बारे में फर्जी खबरें विभीषिका बन सकती थीं।

दुनिया भर में मीडिया ने अपने देशों की जनता को वैक्सीनों की उपलब्धता तथा कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के लाभों के बारे में शिक्षा देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था को टीकों के प्रति हिचक दूर करने में सहायता मिली। कोविड-19 संकट ने हमारे सामने चुनौतियों के साथ एक अवसर भी पेश किया। इससे न केवल पत्रकारिता की पुन: खोज हुई, बल्कि मीडिया को खबरों व सूचनाओं के विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित किया।


हमारे मुख्यधारा मीडिया संगठनों के समक्ष महान चुनौती है कि वे सच्ची, सटीक व विश्वसनीय खबरें तेजी से प्रसारित करें तथा इसके साथ ही मीडिया की नैतिकता व मूल्य बनाए रखें। असली पत्रकारिता का संबंध तथ्यों, सच्चाई के प्रस्तुतीकरण तथा सभी पक्षों को अपने विचार रखने के प्लेटफार्म उपलब्ध कराने से है। मेरी व्यक्तिगत राय है कि मुख्यधारा मीडिया को सबसे बड़ा खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय स्वयं मुख्यधारा मीडिया चैनलों से है। यदि आप ध्रुवीकरण पैदा करने वाले अतिथियों को आमंत्रित करने का निर्णय करते हैं जो झूठे विमर्श फैलाते हैं तथा पूरी ताकत लगा कर चीखते-चिल्लाते हैं तो आपके चैनल की विश्वसनीयता गिरती है। दर्शकों की नजर में आपकी विश्वसनीयता आमंत्रित अतिथियों, उनकी शैली तथा विजुअल्स से तय होती है। दर्शक एक मिनट के लिए आपका शो देखने के लिए ठहर सकते हैं, पर वे कभी आपके एंकर, चैनल या ब्रांड पर खबरों के पारदर्शी स्रोत के रूप में विश्वास नहीं करेंगे।

इसलिए आज ब्राडकास्टरों से मेरा सवाल यह है कि क्या आप ऐसा विमर्श फैलाना चाहते हैं जो 'साउंड बाइट्स' से तय हो, या आप स्वयं को अपने अतिथियों व चैनल के माध्यम से पुन: परिभाषित करना चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि युवा पीढ़ी टीवी खबरों में चीख-चिल्लाहट से प्रभावित हो या आप खबरों और बहसों में होने वाली चर्चाओं में निष्पक्षता बरतते हुए खेल में आगे रहना चाहते हैं? क्या आप ऐसे विजुअल दिखाना चाहते हैं जो लोगों को आकर्षित कर उनमें गुस्सा भड़कायें या संयम बरत कर ऐसे विजुअल दिखाना चाहेंगे जो पूरी तस्वीर सामने रखें? अंतत: सवाल यह है कि आप अपनी टीवी खबरों, विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण व संप्रेषण को किस प्रकार खोजना व पुन: परिभाषित करना चाहेंगे कि वह नौजवान पीढ़ी के दर्शकों-स्रोताओं तक पहुंचे जिनको लगातार सोशल मीडिया मंचों से सूचनायें मिल रही हैं? इस जबरदस्त प्रतियोगिता के समय में अपने मूल्यों से समझौता करने के बजाय हमें कठोर परिश्रम कर पेशेवर भावना बनाए रखनी होगी। मेरा दृढ़ विश्वास है कि पत्रकारों का दायित्व बिना तोड़-मरोड़ के खबरें देना तथा उन लोगों से प्रचार में प्रतियोगिता का लाच छोड़ना है जो फर्जी खबरें फैलाते हैं। एआईबीडी एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जिसे मीडिया प्रेक्टिशनरों को प्रशिक्षित करने तथा उनको सर्वोत्तम पेशेवर कौशलों से लैस करने का काम करना चाहिए ताकि हम मीडिया की और व्यापक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें। भारत आपके प्रयासों में सहायता के लिए तैयार है।

सहयोग का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र सदस्य देशों के बीच अच्छी गुणवत्ता वाली विषयवस्तु का आदान-प्रदान है। प्रसार भारती डीडी इंडिय चैनल का साझा दक्षिण कोरिया के ओटीटी मंचों पर परस्पर आधार पर करता है जिसमें अनेक सह-प्रोडक्शन कार्यक्रमों का आदान-प्रदान शामिल है। प्रसार भारती बांग्लादेश टीवी का अपने फ्री डिश प्लेटफार्म पर अपलिंक करता है। हमने मार्च, 2022 में कार्यक्रम साझे के माध्यम से प्रसारण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया के साथ साझा किया है। दोनों देश के ब्राडकास्टर सह-प्रोडक्शन व कार्यक्रमों के संयुक्त प्रसारण पर विचार कर रहे हैं। इसमें अनेक प्रकार के कार्यक्रम शामिल हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता होती है कि डीडी इंडिया का लक्ष्य वैश्विक सार्वजनिक ब्राडकास्टर चैनल बनना है जो अब ओटीटी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

प्रिय प्रतिनिधियों, आप ऐसे समय भारत आए हैं जब हम स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह समय उन सैकड़ों-हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने अपना जीवन बलिदान कर देश को विदेशी शासकों के शिकंजे से आजाद कराया। यह हमारे लिए उत्सव का समय है जिसे हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' कहते हैं। इसने एक जन-अभियान का रूप ले लिया है जहां जीवन के सभी क्षेत्रों के लोग देश भर में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। अपनी बात समाप्त करने के पहले मैं कहना चाहता हूं कि मेरा मीडिया के सभी रूपों में विश्वास है। जनता के दृष्टिकोण को स्वरूप देने और उसे तय करने में उनकी असाधारण क्षमता है। वे सशक्तीकरण का प्रभावी उपकरण हैं। मीडिया के स्पेस को ज्यादा जीवन्त व लाभदायक बना कर अपने पत्रकारों व ब्राडकास्टरों के लिए ज्यादा सक्षम करने वाला परिवेश बनाना जरूरी है। मुझे आशा है कि एआईबीडी के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का भारत में प्रवास बहुत आनन्ददायक रहेगा। मुझे विश्वास है कि दो दिनों में आपकी चर्चा बहुत सार्थक होगी तथा उससे मीडिया उद्योग के बारे में नई गहन जानकारियां प्राप्त होंगी।

# भारत में चीतों के पुनरागमन का स्वागत



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक, आईसीएफआरआई के पूर्व महानिदेशक हैं)

**भा**रत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से चीतों का पुन: आगमन स्वागत योग्य है, लेकिन आदतन नकारात्मक सोच रखने वाले कुछ लोग तथा वास्तविक जीवन से कटे कुछ पर्यावरणविद् तर्क दे रहे हैं कि भारत में अफ्रीकी चीतों का पुन: बसाया जाना अच्छा विचार नहीं है।

मध्य प्रदेश (अब छत्तीसगढ़ में) में कोरिया एस्टेट के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा अंतिम जीवित चीते की शिकार के नाम पर की गई हत्या के 70 साल बाद, केंद्र ने देश में चीतों को फिर से पेश किया। शंघाई सहयोग से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑर्गनाइजेशन समिट ने मध्य प्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों के पहले जत्थे को लाकर बसाया गया।

चीतों को पहले कुछ दिनों के लिए एक बाड़े में रखा जाएगा और फिर धीरे-धीरे एक बड़े बाड़ वाले क्षेत्र में और अंतत: जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। चीतों की रिहाई न केवल वन्यजीवों के संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जैव विविधता की खोई हुई विरासत को वापस लाने और पृथ्वी पर सभी जीवन रूपों के सह-अस्तित्व का जश्न मनाने के सभ्यतागत संदेश के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह अत्यंत बदनाम भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए भी गौरव का क्षण है, जो गुमराह रजवाड़ों द्वारा बंदूक के जरिए बहादुरी की झूठी शान दिखाने के कारण शिकार हुई और विलुप्त होने के कगार पर पहुंची, इस कीमती प्रजाति को वापस पाने के लिए एक सदी से भी अधिक समय से आईएफएस का उपयोग कर रही है। चीता दुनिया का सबसे करिश्माई, सुंदर और तेज दौड़ने वाला जानवर है।

चीता महज तीन सेकेंड में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है। टॉप स्पीड पर, उनकी छलांग 23 फीट लंबी होती है जो उन्हें भयानक शिकारी बनाती है। नर और मादा चीते अलग-अलग रहते हैं। नर भाई-बहन दो से तीन या उससे भी अधिक के समूह में चलते हैं और इसे गठबंधन कहा जाता है जो जीवन भर रहता है और अपने क्षेत्र की अच्छी तरह से रक्षा करता है, जबकि मादा चीता अकेली रहती है और नर से केवल संभोग के समय मिलती है। चीते इंसानों के लिए ज्यादा चुनौती नहीं पेश करते हैं और कई राजघराने और अन्य लोग उनका पालन-पोषण करते थे और शिकार के लिए उनका इस्तेमाल करते थे। सिंह परिवार की अन्य बिल्लियों के विपरीत, वे दहाड़ते नहीं हैं, लेकिन म्याऊ या गड़गड़ाहट करते हैं। हालांकि, कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को छोड़ने के बाद, वनवासियों के लिए असली चुनौती यह देखने की शुरू हो गई है कि क्या हम चीतों के लिए भी बाघ संरक्षण जैसी सफलता को दोहरा सकते हैं या नहीं। अंधाधुंध शिकार और अपने प्राकृतिक आवास के सिमटने के कारण चीता विलुप्त हो गया। यह घास के मैदान में पनपता है और भारत में सबसे दुखद बात यह है कि हमने कभी वन संरक्षण के रूप में घास के मैदानों के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया। अब हमेशा की तरह ऐसे निंदक और बैठे-ठाले पर्यावरण आलोचक हैं जो तर्क देते हैं कि अफ्रीकी चीता लाना एक बुरा विचार है। आज अगर चीता को अपने गृह क्षेत्र के समान नया घर मिल जाए तो जैव विविधता संरक्षण की दृष्टि से इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिरकार, विकास प्रक्रिया के दौरान जानवरों व पौधों का एक भौगोलिक क्षेत्र से दूसरे स्थान पर प्रवास नियमित रूप से हुआ था। पुन: प्रस्तुति की असली परीक्षा तब होगी जब ये आठ चीते अपने नए घर में ढल जाएंगे और शिकार करना शुरू कर देंगे और अपनी प्राकृतिक शैली में रहेंगे ताकि चीतों के अगले बैच को यहां लाया जा सके। कुनो के बारे में अच्छी बात यह है कि वहां पर इनके जीवित रहने के लिए एक अच्छा शिकार आधार है। दूसरा मसला यह है कि स्थानीय लोग भविष्य में अपनी रिहाइशों की सुरक्षा के संदर्भ में इस नयी बसावट को कैसे देखेंगे।

मध्य प्रदेश सरकार ने पहले ही 24 गांवों को इस वन क्षेत्र से स्थानांतरित कर दिया था और वन विभाग ने उनकी सुरक्षा व आवाजाही के लिए पर्याप्त सावधानी बरती थी। इसके साथ ही 24 घंटे सतर्कता की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्हें यह देखना होगा कि पेड़ पर चढ़ने वाला तेंदुआ उनके क्षेत्र में प्रवेश न करे। तेंदुआ घात लगाकर शिकार करता है लेकिन चीता के पास पहचान योग्य पंजे नहीं होते हैं और वह एक विशेष प्रकार के पशुओं, जैसे कि मध्यम आकार के मृग, खरगोश, झुंड में चलने वाले जानवरों के बछड़े, पक्षियों आदि का शिकार करता है। तीसरा, वन्य जीवन संस्थान और विश्वविद्यालयों के स्थानीय लोगों व वैज्ञानिक समुदाय को, उदार शोध एवं प्रशिक्षण अनुदान के साथ संरक्षण प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता है। चौथा, शिकारियों को चीतों के पुनरागमन वाले इस पर्यावास क्षेत्र से दूर रखा जाना चाहिए और इसके लिए क्षेत्र स्तर पर वन विभाग के पास सर्वोत्तम उपकरण होने चाहिए। इसलिए केंद्र और मध्य प्रदेश सरकारों को भारत में चीतों के संरक्षण के लिए एक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी ताकि अगले कुछ वर्षों में चीतों की आबादी बढ़ सके। इसके लिए वन रक्षक से लेकर रेंजर स्तर तक जनशक्ति की स्थिति और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की जरूरत है। हमें यह समझना चाहिए कि वर्तमान समय में वन विभाग की जनशक्ति और बेहतर हथियार व अन्य आधुनिक उपकरणों जैसे बुनियादी ढांचे का शिकारियों के बेहतर उपकरणों से कोई मुकाबला नहीं है। वन संरक्षकों को उपयुक्त हथियारों से लैस करना जरूरी है। पार्क निदेशक के लिए यह एक विशेष चुनौती होगी, क्योंकि चीते के प्रजनन के लिए उचित ध्यान व संसाधनों की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की तर्ज पर 'प्रोजेक्ट चीता स्कीम' शुरू करने की जरूरत है।



## आप की बात

### आजाद की पार्टी

**भारतीय** राजनीति बहुआयामी रही है। कभी जितने दल उतने नेता के हालातों से गुजरी राजनैतिक व्यवस्था में नए दलों का प्रादुर्भाव और उनका अवसान भी लोगों ने देखा है। उमा भारती से लेकर ताजा हालातों में अमरिंदर सिंह इसके साक्ष्य हैं। हाल ही में कांग्रेस छोड़कर अलग हुए गुलाम नबी आजाद ने नई पार्टी का गठन किया है। आज के दौर में कुछ लोगों में राजनीतिक चेतना का विशेष जोश नजर आता है। वैसे आमतौर से लोग दलों के कर्ताधर्ताओं की पृष्ठभूमि देखकर ही उससे जुड़ते हैं। ऐसे में नित निरंतर भारतीय राजनीति द्विदलीय व्यवस्था की ओर बढ़ती जा रही है। भले ही आप और तृणमूल कांग्रेस जैसी क्षेत्रीय पार्टियां इसका अपवाद हों, परंतु केंद्रीय सत्ता के लिए तो भाजपा का मुकाबला कांग्रेस नीत गठबंधन से ही होना है। ऐसे में आजाद कितना किला लड़ा पाएंगे यह देखने वाली बात होगी। यह भी देखना होगा कि जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे गुलाम नबी आजाद की पार्टी वहां अपने लिए कितना स्थान बना पाती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि महबूबा मुफ्ती व फारूक अब्दुल्ला की तुलना में वे ज्यादा बड़ी संख्या में हिंदुओं व मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने में सफल होंगे।

–**अमृतलाल मारू,** इंदौर

### मीडिया की विश्वसनीयता

**यदि** बात विश्वास की होती है तो सर्वाधिक विश्वसनीय लिखित समाचार पत्रों और लिखित लिपियों को माना जाता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कम ही भरोसा है जनता जनार्दन का, उसपर पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया नामक संगठन पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा ऐसी खबर चलाना कि संघ जैसा संगठन बनाना चाहता था, यह उनकी विश्वसनीयता पर और प्रश्नचिन्ह लगा देता है। क्योंकि आज भी यही माना जाता है कि अख़बार में खबर छपी है तो सत्य है क्योंकि वो लिखित है। सुरक्षा एजेंसियो को जिस प्रकार के लिखित दस्तावेज पॉपुलर फ्रंट के मिले हैं उसके बाद इस तरह का समाचार प्रस्तुत करना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को और भी शर्मसार न कर दे, क्योंकि संघ के दस्तावेज देश को जोड़ने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं और पूरे भारत को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने वाले दावे करते हैं, जिसके उलट पॉपुलर फ्रंट के दस्तावेज एक़ कट्टर सोच और भारत को तोड़ने एवं समुदाय विशेष के कट्टरपंत से प्रभावित हैं। ऐसे में दोनों संगठनों की तुलना करते इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे।

–**मनोज,** मेरठ

### विज्ञान की भूमिका

**विज्ञान** को निरंतर अपना काम करते रहना चाहिए। उसी के बलबूते, इस पृथ्वी पर मनुष्य ने बहुत कुछ पाया है। नासा का एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी के साथ संभावित विनाशकारी टकराव को रोकने के लिए डिज़ाइन किए गए एक अभूतपूर्व परीक्षण में एक क्षुद्रग्रह से टकराया है। टकराव जानबूझकर किया गया था और यह परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था कि क्या अंतरिक्ष की चट्टानें, जो पृथ्वी को खतरे में डाल सकती हैं, उन्हें सुरक्षित रूप से रास्ते से हटाया जा सकता है। पृथ्वी पर जो रोज प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं, उनसे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है। तूफ़ान, आग, बाढ़, भूस्खलन, सूखा, जलजला, भूकंप, ज्वालामुखी का फटना, ये तो कभीकभार नहीं, बल्कि रोज़ धरती के किसी न किसी भाग में होने लगी घटनाएं बन गए हैं। उन तांडवों से मानवता को बचाने का पहले काम किया जाता तो, अच्छा होता। धरती को ज्यादा खतरा यहां होने वाली गतिविधियों से है। इनसे निपटने में भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मेरा** बेटा सीधासाधा बालक व अपने काम से काम रखने वाला है। मैं पुलकित व मृत लड़की, दोनों के लिए न्याय चाहता हूं।

– **विनोद आर्य**
भाजपा नेता



**कनाडा** में दक्षिणपंथी अतिवाद उभर रहा है। लेकिन मेरे विचार से इससे अल्पसंख्यकों को कोई खतरा नहीं है।

– **चिन्नैया जंगम**
कार्लटन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर



**वर्तमान** समय में यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया क्या कवर करता है और क्या नहीं कवर करता है।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 सितम्बर 2022



# निरीक्षण में जिला महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं से कमिश्नर नाखुश

● निरीक्षण में देर से आने वाले कर्मियों की लगाई केलास, टीवी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया



**अयोध्या।** आयुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या नवदीप रिणवा द्वारा जिला महिला अस्पताल व राजकीय टीवी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं जैसी हम अपेक्षा कर रहे थे उतनी अच्छी नहीं मिली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह भी समय.समय पर आकस्मिक निरीक्षण करे तथा सभी डॉक्टरए नर्स व अन्य कर्मचारी समय पर अपनी ड्यूटी पर उपलब्ध रहें, ड्यूटी के समय कोई भी अपने व्यक्तिगत कार्य से बाहर ना जाए एवं सभी डाक्टर व स्टाफ ड्युटी के समय ड्रेसए एप्रेनए नेम प्लेट लगा कर रहें। मण्डलायुक्त ने जिला महिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान पाया कि पर्चा काउंटर पर संबंधित कर्मचारी देर से आ रहे हैंए तो उन्हें समय पर आना चाहिए उन्हें निर्देशित किया है।

मण्डलायुक्त ने महिला अस्पताल में एक मरीज से पूछतांछ करने पर पाया कि मरीज को नाश्ता नहीं मिला था तो संबंधित इंचार्ज को निर्देशित किया की कड़ाई से देखें जो कांट्रेक्टर है वह सभी को हर चीज निर्धारित मात्रा में गुणवत्ता पर उपलब्ध कराएं आज जो नाश्ता नहीं मिला उसके लिए कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जो भी कर्मचारी समय पर नही आ रहे है वे बिना ड्रेस के आ रहे है उन पर कार्यवाही करें जिससे अन्य कर्मचारियों में भी सुशासन का एक संदेश जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला अस्पताल में देखा कि कुछ जगह पर लाइट खराब थी तथा प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नही थी एवं साफ सफाई में भी कमी मिली तो उन्होंने निर्देशित किया कि साफ सफाई सुनिश्चित कर प्रकाश की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समय.समय पर आकस्मिक रूप से निरीक्षण होता रहेगा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा से कहा कि आप भी स्वयं सुबह 8 बजे आकस्मिक निरीक्षण करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि राजकीय टीवी क्लीनिक के जो प्रभारी हैं उनके पास अतिरिक्त चार्ज है वह एडिशनल सीएमओ भी हैं।

मण्डलायुक्त ने कहा कि आपका बाकी कार्य 10 बजे से शुरू होता है तो आप राजकीय टीवी क्लीनिक सुबह 8 से 10 बजे तक समय दे सकते हैं। वही कहा कि मेरी अपेक्षा रहेगी कि सभी अधिकारियों से आने वाले समय में हम ऐसे ही आकस्मिक निरीक्षण करें आज जो स्थिति मिली है इससे बेहतर व्यवस्था मिलेगी और इस पर निरंतर सुधार आएगा और अच्छी से अच्छी सुविधा हम अयोध्या के लोग हैं उन्हें उपलब्ध करा पाएंगे। उपस्थित पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न पर कि महिला अस्पताल से पेशेंट को प्राइवेट अस्पताल ले जाया जा रहा है इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा मेरी जानकारी में नहीं है, अगर ऐसा कोई करता है तो गलत है और भविष्य में ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि जिला महिला अस्पताल की कार्यप्रणाली को परखने के लिए, जैसे टेस्ट एफआईआर होती है वैसे ही टेस्ट मरीज को भी भेज देंगे उसको देखेंगे कि क्या इस तरह कोई सही बात है कोई बात सामने आ रही है अगर बात कोई सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वही इसी क्रम में मण्डलायुक्त ने मंगलवार को प्रात: देवकाली वार्ड का भी आकस्मिक निरीक्षण किया तथा मंदिर में दर्शन किया और वार्ड की गलियों का निरीक्षण किया तथा वार्ड में निर्मित सुलभ शौचालय जो नगर निगम द्वारा संचालित थाए में गंदगी मिलने पर तत्काल साफ करने के निर्देश दिये तथा तुलसी उद्यान के समीप निर्मित सुलभ शौचालय जो सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित था। निरीक्षण के दौरान जैसी अपेक्षा थी वैसा नही पाया गया है तथा सुलभ के सहायक नियंत्रक प्रवीण कुमार सिंह को निर्देश दिया है कि आप सारे सुलभ शौचालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर लें आगे से जब भी मैं क्षेत्र भ्रमण करूंगा तो उन्हीं के सुलभ शौचालय का प्रयोग करूंगा।

उन्होंने कहा कि जहां सफाई कर्मी नहीं मिले थे वहां सफाई कर्मी रखें जायें। पत्रकारों के द्वारा पूछे गए प्रश्न पर कमिश्नर नवदीप रिणवा ने निर्देश दिया कि नगर निगम को सफाई कर्मियों से लेकर सफाई नायकण सहायक नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त नगर आयुक्त सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाएं तथा देवकाली मंदिर को जाने वाले मार्ग गलियां टूटी फूटी है तथा गंदगी है, जिसे तत्काल सही कर दिया जाय। वर्तमान में पावन नवरात्रि के समय बड़ी संख्या में लोग आते है इसका विशेष ध्यान रखा जाय कि कहां पर ज्यादा लोगों का आगमन हो रहा है उस स्थान पर अतिरिक्त सफाई की व्यवस्था की जायए जिससे आगन्तुकों को किसी भी प्रकार की समस्या न हों।

# अमृत सरोवर पर होमगार्ड विभाग ने किए पौधे रोपित, लोगों को किया जागरूक

**बीकापुर अयोध्या।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे पकवाड़ा अभियान के तहत बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुहुपीं मे स्थित अमृत सरोवर पर होमगार्ड विभाग की ओर से दर्जनभर से अधिक पौधे जिला कमांडेंट राघवेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में होमगार्ड जवानों ने नीम जामुन पीपल बरगद पाकड़ के पौधे लगाएं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आलोक कुमार सिंह, बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा महंत राजू दास आदि अतिथियों में शामिल रहे। होमगार्ड विभाग के जवान इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए। जिला कमांडेंट अयोध्या राघवेंद्र शुक्ला ने कहा कि अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जबकि पेड़ अधिक होंगे तो वर्षा अधिक होगी। इससे लोगों को स्वस्थ वातावरण मिलेगा। ब्लाक प्रमुख बीकापुर दिनेश कुमार वर्मा व आलोक कुमार सिंह ने कहां कि हमें ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में समय.समय पर बताते रहना चाहिए इससे आगे चलकर इस दिशा में उनकी सोच विकसित होगी। पौधे रोपित कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश उपाध्याय, एडीओ पंचायत अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य हरीश चंद्र निषाद, सराय भनौली प्रधान विजय कुमार गौड़, प्रधान मेवालाल, एडीओ अनिल कुमार तिवारी, बीओ हेमंत प्रताप सिंह, अरविंद कुमार शुक्ला, रमेश चंद यादवए नीरज सिंह, अरविंद कुमार उपाध्याय, अरविंद सेन, अवधेश प्रकाश शर्मा, नंद लाल यादव के अलावा गोमती प्रसाद तिवारी राजकुमार पांडे समेत दर्जनों ग्रामीण वह शामिल।

# लोकार्पण कार्यक्रम की जोरदार तैयारियां

## सीएम समेत की अतिथि आज आ रहे हैं अयोध्या



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या आगमन हो रहा है। मा. मुख्यमंत्री जी का मुख्य कार्यक्रम अयोध्या परिक्षेत्र स्थित नयाघाट पर भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण है। भारत सरकार के संस्कृति पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी व उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आदि अतिथि आ रहे है। यह कार्यक्रम रामकथा पार्क में 28 सितम्बर को लगभग 10:30 बजे आयोजित किया गया है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त साधु संत भी आमंत्रित किये गये है। इस कार्यक्रम में मानक के अनुसार मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ड्युटी लगायी गयी है। सायं 06 बजे सुप्रसिद्ध गायिका सावनी रवीन्द्र द्वारा लता स्वरांजलि की प्रस्तुति की जायेगी।जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा इसकी व्यापक समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से अन्य महानुभावों के अलावा पत्रकार को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया हैए इस क्रम में उपनिदेशक सूचना डा. मुरलीधर सिंह को निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम में सभी पत्रकारों को आमंत्रित करें तथा सभी पत्रकारों से अपील किया है कि निर्धारित पत्रकार दीर्घा से कवरेज करें तथा सायं आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम का अवलोकन करें। उपनिदेशक सूचना ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए मीडिया को अलग से कोई पास जारी नही किया जा रहा है। अपने मान्यता कार्ड एवं संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र के आधार पर मानक के अनुसार कवरेज करेंगे और सूचना विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रहकर सहयोग करेगी। मा. मुख्यमंत्री के हेलीपैड आदि स्थल का एएनआईए दूरदर्शन एवं सूचना विभाग की टीम द्वारा कवरेज की जायेगी और सभी मीडिया साथियों को समय से फोटो उपलब्ध करायेंगे। मा. मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान हेलीपैड व अन्य स्थानों पर अन्य मीडिया कर्मी नही रहेंगे। पत्रकार बन्धु केवल कार्यक्रम स्थल रामकथा पार्क में उपस्थित रहकर कवरेज करेंगे। इसी क्रम में डीएम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा भारत रत्न लता मंगेशकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत लता मंगेशकर चौक व चौक के लोकार्पण के उपरांत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल राम कथा पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया।

# क्रांति के महानायक थे भगत सिंहः राजेश

● शहीदे आजम भगत सिंह के 115वीं जयंती की पूर्व संध्या पर दी गयी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** अमर शहीद क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप द्वारा प्रथम तथा संग्राम सेनानी पार्क मुट्ठीगंज में शहीदे आजम भगत सिंह की 115 वीं जयंती मनायी गयी। जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह क्रांति के महानायक थे। उनका जन्म 1907 में लायलपुर नामक स्थान पर हुआ था। जो आज पाकिस्तान में स्थित है। कहा कि भगत सिंह का पूरा परिवार क्रांतिकारियों से भरा हुआ था। इसीलिए वह बचपन से ही उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी और जलियांवाला बाग कांड के बाद उनके अंदर अंग्रेजों के विरुद्ध प्रतिशोध की ज्वाला भड़क उठी। देश को आजाद कराने के लिए



भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपाई।

स्वतंत्र भारत के आंदोलन की क्रांति में कूद पड़े। उन्होंने ब्रिटिश अधिकारी सांडर्स का वध कर क्रांतिकारी लाला लाजपत राय का मौत का बदला लिया और अंग्रेजी सरकार की नीतियों के विरुद्ध असेंबली में बम फेंक कर अंग्रेजों की नींद हराम कर दी और जिसके लिए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जेल पहुंच कर उन्होंने जेल के अंदर अंग्रेजो द्वारा भारतीय कैदियों को जानवर से भी बदतर भोजन दिए जाने के विरोध में भूख हड़ताल कर दी। जिससे अंग्रेजी सरकार की धज्जियां उड़ गई और उन्हें शहीदे आजम भगत सिंह के सामने झुकना पड़ा। इस प्रकरण को लेकर अंग्रेजी सरकार सहम उठी। क्योंकि पूरा देश भगत सिंह के रास्ते पर चल पड़ा था और इस प्रकरण से अंग्रेजों को भय हो गया कि अगर भगत सिंह जीवित रहेंगे तो हमारी सत्ता बहुत जल्द उखड़ जाएगी। इसलिए उन्होंने 23 मार्च 1931 को राजगुरु और सुखदेव के साथ करांची की जेल में फांसी पर चढ़ा दिया और उनके इस शहादत के बाद पूरा देश जागृत हो उठा और अंग्रेजी सरकार को सन 1947 को उखाड़ कर फेंक दिया। कहा कि भले ही आज भगत सिंह हमारे बीच में ना हो लेकिन आज हर हिंदुस्तानी के दिलों में भगत सिंह जिंदा हैं। कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विवेक अग्रवाल, किशन चंद्र जायसवाल, प्यारेलाल जायसवाल, अजय अग्रहरी, सत्या जायसवाल, आशीष जायसवाल, विकास चौरसिया, शिवांश भार्गव, नीरज केसरवानी आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### तेजी से बढ़ रहा पर्यटनः डॉ. अमित सिंह चैहान

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एमटीए विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान व विशिष्ट अतिथि अयोध्या के अभय सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रो. अजय प्रताप सिंह ने पर्यटन का अनुभव साझा किया और पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बारे में बताया। पूर्व में आयोजित कई प्रतियोगिताओं की विस्तार से चर्चा किये। उन्होंने छात्र.छात्राओं को अपने व्यक्तित्व का विकास और अच्छे आचरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। गोस्वामी तुलसीदास की कई काव्य रचनाओं और कहानियों से छात्रों को अवगत कराया। व्यक्तित्व विकास के लिए कौशल बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधायक बीकापुर डा. अनित सिंह चैहान ने बताया कि पूरे देश में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है और हमारी सरकार पर्यटन को लेकर बहुत ही गंभीर है। क्योंकि आय का बहुत बड़ा स्त्रोत है। देश की प्रगति का मुख्य स्तम्भ है। विशिष्ट अतिथि अभय सिंह अयोध्या ने पर्यटन के क्षेत्र में विस्तृत जानकारी दी और अयोध्या में पर्यटन के क्षेत्र में विकास के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एमटीए विभाग की छात्रायें ज्योति एवं अंकिता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. दिलीप कुमार सिंह द्वारा किया गया।

### अशोक सिंघल को 96वी जयंती पर अधिवक्ताओं ने किया नमन

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के नायक बाबरी विध्वंस के आरोपी अशोक सिंघल की 96वीं जयंती पर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया गया। भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष हिंदू हृदय सम्राट अशोक सिंघल जी का योगदान राम मंदिर आंदोलन में स्मरणीय है अयोध्या में आज बनता हुआ राम मंदिर इस बात का प्रमाण है ऐसे वीर महापुरुष को कोटि.कोटि नमन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि हम लोग इतिहास पढ़ते हैं, कुछ लोग इतिहास लिखते हैं, अशोक जी ने भी इतिहास लिखा। पांडे ने लखनऊ के बर्लिंगटन चौराहे का नाम अशोक सिंघल के नाम पर किए जाने पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि अयोध्या में स्थित प्रमुख चौराहे चौक और प्रमुख गलियों के नाम भी वीर बलिदानी कारसेवकों के नाम पर रखे जाएं। भाजपा नेता दिनेश जयसवाल ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के महानायक श्रद्धेय सिंघल राम जन्मभूमि मुक्ति वाह हिंदुत्व के लिए अपने जीवन के अंतिम सांस तक संघर्षरत रहने वाले सिंघल के स्वर्णिम योगदान को कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा पुष्पांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगों में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता विश्वनाथ तिवारी अधिवक्ता विरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता आशुतोष पांडेय, अधिवक्ता आदित्य पांडे अधिवक्ता संजय रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### बीएसए ने विद्यालय में स्वयं साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**प्रयागराज।** केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता को लेकर मिशन पर है। इसी तर्ज पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी बेसिक शिक्षा विभाग स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता दे रहा है। जी हां प्रयागराज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने नवगठित भगवतपुर विकासखंड के पीपलगांव स्थित एक कंपोजिट विद्यालय में खुद झाड़ू तो लगाया ही साथ ही फावड़ा उठाकर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। बीएसए को स्वच्छता में जुटा देख साथ गए सभी कर्मचारियों और विद्यालय के शिक्षक भी साफसफाई में जुट गए। इस दौरान विद्यालय के सभी बच्चों को भी सफाई अभियान में लगा दिया गया। थोड़ी ही देर में देख देखते ही देखते पूरा विद्यालय परिसर ही साफसुथरा हो गया। भगवतपुर विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय पीपलगांव में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफ़ाई कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एआरपी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को सख्त संदेश देने की कोशिश की। कहा कि विद्यालय परिसर की स्वच्छता के लिए खुद श्रमदान करने में पीछे न हटें। विद्यालय परिसर को स्वस्थ रखकर ग्रामीणों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सकता है। हालांकि विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता अभियान में लगाने पर विवाद भी खड़ा हो सकता है। कई जगहों पर विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को इस बात के लिए जवाबदेह होना पड़ता है या निलंबन की कार्रवाई झेलना पड़ता है कि उन्होंने बच्चों से सफ़ाई क्यों कराई। जबकि स्कूली बच्चों को श्रम का महत्व बताने और स्वच्छता के फायदे समझाने के लिए यह जरूरी होना चाहिए।

### मुक्त विवि में काउंसिलिंग के पहले दिन 206 का बीएड में प्रवेश

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में बीएड काउंसलिंग के पहले दिन आज ओपन कैटेगरी ओपन फीमेल कैटेगरी तथा ई डब्ल्यू एस कैटेगरी के 206 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। आज दिन भर पूरे उत्तर प्रदेश से अभ्यर्थी मुक्त विश्वविद्यालय में काउंसलिंग के लिए पहुंचे थे। बीएड में प्रवेश को लेकर परिसर में भारी गहमागहमी रही। छात्र छात्राओं की भीड़ जुटी रही। इसके लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई थी।

# डीएम द्वारा हवाई पट्टी पर अंबेडकर नगर महोत्सव का तैयारियों का लिया जायजा



**अंबेडकरनगर।** डीएम सैमुअल पॉल एन द्वारा हवाई पट्टी अकबरपुर में अंबेडकर नगर स्थापना दिवस ए अंबेडकर नगर महोत्सव 2022 में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जोरो से हो रही तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ससमय सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद वासियों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महोत्सव में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा' वहां पर कला गांव का भी दृश्य बनाया जा रहा है। जनपद अम्बेडकरनगर के स्थापना दिवस पर अम्बेडकरनगर महोत्सव का भव्य कार्यक्रम दिनांक 28 व 29 सितम्बर 2022 को आयोजित किया गया है। मैराथन दौड़ का रूट संशोधित किया गया है जो दिनांक 28 सितम्बर 2022 दिन बुद्धवार को प्रात: 07.30 बजे से शहजादपुर स्थित फौव्वारा तिराहा से पुरानी तहसील पटेलनगर तिराहा होते हुए एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम अकबरपुर तक मैराथन दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा प्रतियोगिता की ओपन कैटेगरी होगी। समस्त धावक किट व जूता के साथ प्रात: 7.00 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम जिला खेल कार्यालय पहुंचकर अपना पंजीकरण करा ले। 28 सितंबर 2022 को सायं 4.00 बजे से 6.00 तक अंबेडकर नगर महोत्सव उद्घाटन उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया जाएगा तथा 29 सितंबर 2022 को समापन समारोह माननीय मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा किया जाएगा। अंबेडकर नगर स्थापना दिवसए महोत्सव . 2022 के अंतर्गत 28 सितंबर 2022 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा गीत, डांस, वन एक्ट प्ले, करतल, विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, 1. 00 बजे से शाम 4.00 बजे तक संस्कृति विभाग के स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण हवाई पट्टी, 4.00 से सायं 6.00 बजे तक पीएसी बैंड, बच्चों का कार्यक्रम, लेजर शो हवाई पट्टी, सायं 6.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक स्वराज बैंड द्वारा प्रस्तुति हवाई पट्टी, रात्रि 9.00 बजे से 11.00 बजे तक कवि सम्मेलन हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तथा 29 सितंबर 2022 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक रंगोली, फ्लावर रंगोली, पेंटिंग थीम बोर्ड एवं स्पीच कंपटीशन विज्ञान प्रदर्शनी लोहिया भवन, दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक फिल्म का प्रस्तुतीकरण लोहिया भवन, दोपहर 1.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक स्टैंडर्ड थिएटर प्रोग्राम, स्थानीय, प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हवाई पट्टी, शाम 6.00 बजे से 7.00 बजे तक राजन श्रीवास्तव (कॉमेडी शो) हवाई पट्टी, शाम 7.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक मालिनी अवस्थी (लोक गायिका) हवाई पट्टी, रात्रि 9.00 से 11.00 बजे रात्रि तक आकांक्षा शर्मा (बॉलीवुड नाइट) द्वारा हवाई पट्टी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अकबरपुर में अंबेडकर नगर स्थापना दिवस अंबेडकर नगर महोत्सव 2022 में होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जोरो से हो रही तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ससमय सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। जिलाधिकारी द्वारा जनपद वासियों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। महोत्सव में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा' वहां पर कला गांव का भी दृश्य बनाया जा रहा है।

# लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखा शुभकामना संदेश

● भाजपाइयों ने लाभार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम शुभकामना संदेश दिए जाने का चलाया अभियान

**प्रयागराज।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा महानगर प्रयागराज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अब तक उनके द्वारा किए गए कार्यों को लेकर लाभार्थियों द्वारा उनके नाम से शुभकामना संदेश एवं आभार प्रकट किए जाने को लेकर अभिनंदन पत्र लिखवाने का अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कीडगंज कृष्णा नगर वार्ड से शुभारंभ करते हुए वार्ड के लाभार्थियों के पास पहुंचकर अभिनंदन पत्र लिखवाया। प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते



शुभकामना संदेश के साथ लाभार्थीगण।

हुए उनके नाम आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन पत्र लिखा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि यह अभियान भाजपा के द्वारा महानगर के सभी वार्डों में चलाया गया और मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने सेवा बस्तियों में जाकर लाभार्थियों से संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री के नाम उनके कार्यों को लेकर आभार एवं अभिनंदन पत्र लिखवाया गया। आज 2842 लाभार्थी परिवारों से अभिनंदन पत्र लिखवाया गया। जो प्रधानमंत्री के कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा। अवधेश चंद्र गुप्ता कमलेश कुमार कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी देवेश सिंह राजेश केसरवानी पार्षद किरन जायसवाल विवेक अग्रवाल रमेश पासी रामलोचन साहू सुभाष वैश्य राजन शुक्ला गौरी शंकर वर्मा आभा मधुर शैलेंद्र श्रीवास्तव प्रमोद मोदी राघवेंद्र सिंह मनोज कुमार कुशवाहा राजेश सोनकर शिखा रस्तोगी रोहित पप्पू पांडे देव मिश्रा राजेश सिंह पटेल गौरव गुप्ता भरत निषाद विजय श्रीवास्तव, सुनीता चोपड़ा आदि रहे।

## प्रदूषण रहित और स्थायित्वपूर्ण यातायात जरूरीः संदीप

**प्रयागराज।** ऑटोमोटिव आफ्टर मार्केट में मेकैनिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हालांकि नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में मेकैनिक्स के पर्याप्त ढंग से प्रशिक्षित न होने से काफी दिक्कतें आती हैं। भारत की प्रमुख लुब्रिकेंट कंपनी कैस्ट्रॉल ने प्रासंगिक व्यावसायिक और सामाजिक पहलों से मेकैनिक समुदाय को लगातार सहयोग दिया है। मेकैनिक्स के कौशल को बढ़ाने के लिए और प्रदूषण रहित तथा ज्यादा स्थायित्वपूर्ण यातायात को अपनाने में योगदान के लिये कैस्ट्रॉल इंडिया ने मेकैनिक्स के लिये एक अनूठा इवी रेडिनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया। इवी रेडिनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें सौ से ज्यादा टॉप टीयर कार और बाइक मेकैनिक्स शामिल हुए। जिसे दो हजार इक्कीस में वैश्विक आधार पर लॉन्च किया गया था और जल्दी ही इसे भारत में लॉन्च किया जाएगा। उन्हें दिल्ली में तेईस सितंबर को आयोजित एएसडीसी के स्किल इंडिया कॉन्क्लेव में ट्रेनिंग पूरी करने का प्रमाणपत्र भी दिया गया।

# अपर जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गदायाँ का किया औचक निरीक्षण



**अंबेडकर नगर।** एडीएम अशोक कुमार कनौजिया ने प्राथमिक विद्यालय गदायाँ का औचक किया निरीक्षण जिसमें विद्यालय बाउंड्री वाल ना होने के कारण विद्यालय को सुरक्षा के लिहाज से परेशानी थी उसके साथ साथ रसोई घर, शौचालय, टाइल्स, फर्नीचर एआज का भी निरीक्षण किया विद्यालय के साफसफाई ठीक से ना होने के कारण उन्होंने विद्यालय के स्टाफको निर्देशित किया कि इसको अभियान चलाकर साफसफाई कराई जाए जिससे विद्यालय में स्वच्छ और साफदिखाई दे। अकबरपुर नगर पालिका के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गदायाँ मे एडीएम द्वारा विद्यालय का औचक किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान बच्चों का पठन.पाठन के बारे में विद्यालय के कर्मचारियों से जानकारी ली विद्यालय कर्मचारियों ने एडीएम को बताया कि बच्चौ का पठन पाठन की व्यवस्था सुचार रुप से दी जा रही है उसके बाद विद्यालय में बाउंड्री अभी तक नहीं बनवाई गई एडीएम के साथ नगर पालिका अकबरपुर ईओ और जेई साथ ही थे जिससे एडीएम ने उन को निर्देश दिया कि विद्यालय की बाउंड्री रसोईघर शौचालय फर्नीचर लिए प्रस्ताव बनाए जाने को तत्काल दिए निर्देश।

# अभाविप की इविवि इकाई ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

● इविवि की कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव की दमनकारी नीतियों से तंग आ चुका है अभाविपः त्रिपाठी

● छात्रावासों और कक्षाओं में जाकर लिखवाई शुल्क वृद्धि पर छात्रों की प्रतिक्रियाएं

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई ने शुल्क वृद्धि के विरोध में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीन हजार पोस्ट कार्ड भेजा है। पिछले सोलह दिनों से अभाविप के पदाधिकारी पूर्णकालिक अनशन पर हैं। सोमवार को परिषद के पदाधिकारियों ने विवि में पूर्ण रूप से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में व्याधान उत्पन्न करते हुए समूचे कला संकाय में पेन डाउन करा दिया था। वहीं आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने तीन हजार पोस्टकार्ड



पोस्ट कार्ड के साथ अभाविप के पदाधिकारी।

पर शुल्क वृद्धि के विरुद्ध छात्र छात्राओं का संदेश लिखवाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा है। कार्यकर्ताओं ने सभी संकायों की कक्षाओं में जाकर और छात्रावासों में कार्यकर्ताओं की टुकड़ी भेजकर उसमें प्रतिक्रिया दर्ज कराया है। पूर्व में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने फैसला लिया था कि पेन डाउन पूरे विश्वविद्यालय में तब तक चलेगा जब तक कि शुल्क वृद्धि सहित दस और मांगे मान नहीं ली जाती हैं। इन्हीं मांगों को लेकर सोमवार को पूरी तरह से पेन डाउन कराया गया। छात्रों की पढ़ाई सुचारु रूप से चलती रही इसीलिए सांकेतिक आंदोलन किया जा रहा है। प्रशासन को चेतावनी दी है कि निर्णय छात्र हित में नहीं आया तो परिषद बड़ा कदम उठाएगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति छात्रों की समस्या को समझकर इस पर त्वरित संज्ञान लेंगी। वहीं प्रधानमंत्री जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मुद्दे को भी संबंधित उच्चाधिकारी तक पहुंचाकर छात्रों के हित में निर्णय लेंगे। अभाविप इलाहाबाद विवि इकाई के मंत्री आलोक त्रिपाठी ने कहा कि अभाविप के तेवर कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने देख लिए हैं। कहा कि अभी तो उन्हें केवल एक कार्यक्रम को निरस्त कर ऑनलाइन करवाना पड़ा है यदि स्थिति यही रही तो उन्हें विद्यार्थी परिषद हमेशा के लिए कार्यक्रम को छोड़ने के लिए भी मजबूर कर देगा। कहा कि परिषद कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव की दमनकारी नीतियों से तंग आ चुका है। आज इस कार्यक्रम के बाद भी यदि अनैतिक निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो परिषद उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान मीडिया एवं सोशल मीडिया संयोजक अभिनव मिश्र सौरभ शाह प्रणव अखिलेश मौर्य यशोराज पांडेय अभिषेक भूमित आलोक राय शिवम टप्पल प्रणव साहू अभिषेक सिंह शिवरंजन सौरभ सिंह सौरभ साह बिट्टू राय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने की समीक्षा बैठक



**संवाददाता। सीतापुर**

**मंगलवार को** योजनाओं की प्रगति जानने सीतापुर कलेक्टेऊट पहुंचे केन्द्रीय मंत्री मोहनलालगंज सांसद कौषल किषोर ने सिधौली विधानसभा क्षेत्र के ब्लाकों में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देष देते हुए कहा कि हर पात्र को आवास पहुंचे इसके लिए सर्वे कराया जाए। केन्द्रीय मंत्री ने आत्म निर्भर बनाने को लेकर कौषल विकास के तहत लोगो को प्रषिक्षण देने के साथ रोजगार दिए जाने के भी निर्देष अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि पात्रों के अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड जारी किये जाये तथा जहां-जहां अस्पताल है वहां कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार करते हुये गोल्डेन कार्ड बनवाने के लिये जागरूक किया जाये, साथ ही आशाएं भी इस कार्य में सहयोग करें। सांसद ने कहा कि सिधौली तहसील के ब्लाकों में विधवा पेंषन, वृद्धा पेंषन, विकलांग पेंषन सहित अन्य योजनाओं के कैंप लगाए जाए जिससे लाभार्थियों को रोज-रोज चक्कर ना लगाना पड़े। बैठक के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने पीडब्लूडी एक्सईन को निर्देष देते हुए कहा कि निर्माणाधीन व निर्माण होने वाली सभी सड़को का जल्द से जल्द कार्य पूरा करें, जिनके कार्य की धीमी प्रगति है उन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेट किया जाए। मंत्री ने ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन के अंतर्ग ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक कैंप लगाने के निर्देश दिए तथा तीन दिवसीय कैंप लगाकर प्रशिक्षण दें जिससे गांव में मधुमक्खी पालन जैम बनाना व अन्य ऐसे कई कार्य हैं जो लोग गांव पर कार्य करके रोजगार पा सकते हैं। बिजली विभाग को विद्युत व्यवस्था सही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुये ओ.डी.एफ योजना को वास्तविकता के आधार पर लागू करने के निर्देश दिये। ए.आर. सहकारिता कॉपरेटिव की कार्यशैली पर नाराजगी जताई, ऋण वसूली की अनियमतओं पर कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि सहकारिता विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें एवं यह भी निर्देश दिये कि कूट रचित, फर्जी एवं भ्रामक रिपोर्ट न प्रस्तुत करें। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति एवं जिन बच्चों के अभिभावकों को ड्रेस, जूते आदि के लिये धनराशि मिल चुकी है उन अभिभावकों के साथ अध्यापक बैठक करके उन बच्चों के लिये सामान उपलब्ध कराने के लिये प्रेरित करें। सांसद ने खेल चला गांव की ओर, गांव चले ओलम्पिक की ओर, के लिये भी प्रेरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद पुनः फिर इन्हीं कार्यों को लेकर बैठक की जाएगी, फिर से समीक्षा बैठक की जाएगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एमएलसी पवन सिंह चौहान, सिटी मजिस्टेऊट अमृता सिंह, सीडीओ अक्षत वर्मा, पीडी, डीडीओ, डीपीआरओ मनोज कुमार, बीएसए अजीत कुमार, डीएफ्ओ ब्रजमोहन षुक्ला, सीओ सिधौली यादुवेन्द्र यादव, सांसद मीडिया प्रभारी दुर्गेष सिंह, अषोक सिंह, सुधीर सिंह, गुड्डू भारती सहित तमाम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**● सिधौली विधानसभा के ब्लाकों में विकास कार्यों पर हुआ मंथन**

### जब 7 चिताओं पर जलाएं गए 9 शव, रो पड़ा टिकौली, कांप उठा कलेजा

# हर आंख नम, हर ओर गम, एक सड़क हादसे ने तबाह कर दिया कई परिवार

**संवाददाता। सीतापुर**


**मंगलवार को** ऐसे अमंगल की कल्पना किसी ने नहीं की होगी, जब एक साथ 7 चिताएं टिकौली में बनाई गई, 7 चिताओं पर 9 षवों को मुखाग्नि दी गई। गांव में एक साथ उठी 9 अर्थियों को देखकर हर किसी का कलेजा कांप उठा। गांव में उठे गम के गुबार से हर आंख नम हो गई। गांव में एक चूल्हा तक नहीं जला और जले भी तो कैसे। सोमवार को इंटौजा के तालाब में ट्रक से टक्कर के बाद तालाब में पलटी टैऊक्टर-ट्राली सड़क हादसे में कई जिन्दगी तबाह हो गई। हादसे में जहां 37 लोग घायल हुए वहीं मरने वालों की संख्या दहाई के आंकड़े में पहुंच गई। मृतकों में तीन लड़कियां और 7 महिलाएं षामिल है। यह सभी टिकौली गांव के ही रहने वाले है जिनमें दो परिवार की मां-बेटी भी है। गांव में एक ऐसी



बदनसीब दादी रामरती भी है जिन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनकी दो बहुएं सुषमा, कोमल और पोतियां रुचि, आयुषी सदा के लिए उनसे दूर जा चुकी है। बार-बार दोनों पोतियों की तस्वीर देखकर रोने लगती हैं। घटना के 2 दिन पहले की बात याद करते हुए रामरती कहती हैं, नवरात्र में मंदिर दर्शन जाने को लेकर रुचि और आयुषी दोनों बहुत खुश थीं। लेकिन क्या पता था कि वो वहां से कभी वापस नहीं लौटेंगी। दोनों मां के साथ ही घर आई थीं, मां के साथ ही चली गईं। मृतकों में रामरतन मौर्य की 48 वर्षीया पत्नी सुषमा और 21 बरस की बेटी रूचि, चुन्नीलाल की 45 वर्षीय पत्नी कोमल, 13 वर्षीया बेटी आयुषी उर्फ बिट्टो, राजकिषोर मौर्या की 54 वर्षीया पत्नी मालती, सुखलाल मौर्या की 50 वर्ष की पत्नी सुखरानी, छोटेलाल मौर्या की 46 वर्षीय पत्नी केतकी, पवन गुप्ता की 13 वर्षीय बेटी अंषिका, रामखेलावन पांडेय की 40 वर्षीय पत्नी सुनीला और बाबू अवस्थी की 48 वर्षीय पत्नी अन्नपूर्णा षामिल है। सरकार ने हादसे में मृतक परिवार को इमदाद का मरहम लगाते हुए 4-4 लाख रूपये आर्थिक मद्द के रूप में देने का ऐलान किया है।

## बुखार के प्रति लोगों को किया जागरुक

**लखीमपुर खीरी।** करुणा फाउंडेशन की युवा अध्यक्ष एवं मेडिकल की अंतिम वर्ष की छात्रा वैशाली ने गोटैय्याबाग गोला रोड में बच्चों को बदलते मौसम में बुखार के बारे में जागरूक किया। वैशाली ने कहा कि बदलते मौसम में संक्रमण जैसे फ्लूए चिकन पॉक्सए निमोनियाए टाईफाइड से बचने के बारे में बुखार को बारीकी से बताते हुए कहा कि बुखार में जब शरीर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है यानी शरीर गर्म होने लगता है तो उसे ही बुखार कहते हैं। बुखार आना कोई रोग नहीं लेकिन लक्षण हैए यह किसी संक्रमण की शरीर द्वारा दी गई प्रतिक्रिया है। जब बुखार तेजी से बढ़ता है तो किसी रोगी की गंभीरता की ओर संकेत करता है। बुखार आने में ठंड महसूस होना कपकपी आनाए भूख न लगनाए थकान आनाए डिप्रेशनए निर्जलीकरणए नींद ना आनाए पसीना आनाए या कुछ दवाइयों के साइड इफेक्ट के लक्षण हो सकते हैं।



वैशाली ने बुखार से बच्चों को बचाने के लिए गर्मियों में अधिक समय तक धूप से बचनेए बार.बार पानी पीते रहनेएऔर बीमार लोगों के संपर्क से बचने की सलाह दी। उन्होंने बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाने व उपचार के लिए पैरासीटामोलए एसिटामिनोफेनए ;टायलोनोमद्धए या इबोप्रोफेनए ;एलविलए माटरीन आईबीद्ध दवा लेकर तथा ठंडे पानी की पट्टी माथे पर रख कर बुखार को कम किया जा सकता है। इसके अलावा वैशाली ने बच्चों को नित्य क्रिया के बाद साबुन से हाथ धोने व नित्य दातों की सफाई व प्रतिदिन सामान्य तापमान के पानी से नहाने की भी टिप्स दिए।

# कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा है नंबर वन पार्टीः धर्मपाल

**संवाददाता। सीतापुर**

**भारतीय जनता** पार्टी एक पार्टी हीं नहीं, बल्कि परिवार है। इसमें कार्यकर्ता एक दूसरे के सुख-दुख कर ध्यान रखते हैं। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा नंबर वन पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा का विजय रथ हर दिन नया इतिहास बनाता हुआ आगे बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सीतापुर भाजपा जिला कार्यालय पर कही। वे संगठन के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होने कहा कि जल्द ही निकाय चुनाव आने वाले हैं, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से ही तैयारियों में जुट जाएं। जैसे पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव व सांसद के चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय पताका फहराई है। वैसे ही निकाय चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों के साथ - साथ सांसद और विधायक भी नगर निकाय के





चुनाव की रणनीति बनाएं। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के तहत कार्य कर रही है। पार्टी के कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं, इसलिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत होरहे कार्यक्रम की समीक्षा की । इस दौरान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि हाल के ही चुनावों में अन्य दलों ने भाजपा का दम देखा है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 9 में 8 विधानसभा क्षेत्रों में जीत का परचम लहराया है। पंचायत चुनाव हों, क्षेत्र पंचायत चुनाव हो या फिर जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव हो। हर जगह भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। यह जीत केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार, प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों व कार्यकर्ताओं की मेंहनत के बल पर प्राप्त हुई है। इसी तरह से पूरे मनोयोग से कार्यकर्ता व पदाधिकारी निकाय चुनाव में भी जुटेंगे और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत का रास्ता प्रशस्त करेंगे। बैठक में जिला प्रभारी त्रियंबक त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, त्रियंबक तिवारी, अवध क्षेत्र महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ गोदावरी मिश्रा, राज्य मंत्री सुरेश राही, विधायक ज्ञान तिवारी, शशांक त्रिवेदी, आशा मौर्या, मनीष रावत, रामकिशन भार्गव, शिव कुमार गुप्ता, एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, रामपाल यादव, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, अजय गुप्ता, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, रोहित सिंह, राजेश शुक्ला, रमेश भार्गव दीपू, संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, नीरज वर्मा, करुणा शंकर त्रिपाठी, जय सिंह, राजकुमार अग्रवाल, सुनील मिश्रा, उदित बाजपेई समेत मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, पूर्व विधायक, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

## रामलीला का हुआ शुभारंभ

**मोहम्मदी.खीरी।** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला श्री राम लीला का विधिवत आज शुभारंभ हुआ। मेला मैदान में गणेश पूजन कर ध्वज की स्थापना की गई। इससे पूर्व आर्य समाज मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। मेला श्री रामलीला का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में आज आर्य समाज मंदिर से तमाम देव स्वरूपों की झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमे बैंड बाजों की धुन पर रामनामी दुपट्टा ओढ़े हुए नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई भाजपा नगर अध्यक्ष शौरभ गुप्ताए रवि शुक्लाए सुशील वर्माए विनोद तिवारीए गोपाल मोहन रस्तोगीए रमाकांत द्विवेदी सहित तमाम लोग रामलीला मैदान पहुंचे। वहां पर पंडित चंद्रभाल मिश्रा ने पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी से गणेश पूजन और ध्वज स्थापना करवाई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित व ओएसडी शिवनंदन रस्तोगी सहित नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# शांति और सद्भावपूर्ण माहौल में मनाएं त्यौहारः डीएम

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**

**मंगलवार को** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित आयोजित हुई। बैठक का संचालन अनिल शुक्ल ने किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखते हुए अपने त्योहारों को मनाए। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। ना ही त्यौहार के नाम पर कोई मार्ग अवरुद्ध होगा। यदि कहीं समस्याएं आती है तो अपने क्षेत्रीय एसडीएम.सीओ को सूचित करेए उसका निदान कराए। यथाआवश्यक एडीएम.एएसपीए सीडीओए उन्हें व एसपी को बताए। आज की बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के संबंध में आपके सुझाव एवं समस्याएं जानना है। साथ ही प्रशासन द्वारा सभी जरूरी बातों को सूचित करना है। सभी का सहयोग निरंतर मिलता रहा हैए उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आगे भी मिलता रहेगा। त्यौहार अच्छे से गुजरेए लोगों के घरों में खुशहाली आए। खुराफाती तत्वों पर प्रशासन की सतर्क दृष्टि रहेगीए चिन्हित होने पर ऐसी कार्यवाही करेंगे कि वह हमेशा याद करेंगे। उन्होंने आगामी त्योहारों के संबंध में शुभकामनाएं दी।



एसपी संजीव सुमन ने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखते हुए सभी त्यौहार मनाए जाए। त्योहारों में कोई भी मार्ग अवरुद्ध नहीं होगा। जुलूस या शोभायात्रा में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन पूर्णतया वर्जित है। एसडीएम सीओ अपने.अपने क्षेत्रों में सुनिश्चित कराएं कि सभी आयोजन समितियां शोभा पंडाल एवं मूर्ति की सुरक्षा हेतु राउंड ओ क्लॉक स्वयंसेवी तैनात करे व सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए। एसडीएम.सीओ अपने क्षेत्रों में सभी मेला स्थलों एवं पूजा पंडालों का भ्रमण अवश्य कर ले। जुलूस एवं शोभायात्रा में भड़काऊ एवं अश्लील गाने नहीं बजेंगे। पारंपरिक रूटों पर ही यात्राएं निकालेंगी। कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। नदियों में जलस्तर बढ़ा हैए इसलिए विसर्जन के लिए कोई नया विकल्प तैयार रखें यथा गड्ढा खोदकर विसर्जन करें। विसर्जन के दौरान सतर्कता बरतेंए ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।उन्होंने कहा कि खीरी इन त्योहारों में एक अच्छी मिसाल पेश करें। जनपद वासियों का हमेशा बेहतर सहयोग मिलता रहा हैए इसे आगे भी बनाए रखें। सोशल मीडिया पर प्रशासन व पुलिस सतर्क दृष्टि रखेगा। किसी भी आपत्तिजनक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज को कदापि फॉरवर्ड ना करेंए बल्कि प्रशासन व पुलिस को इसकी सूचना दें।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की स्थापना की जा रही हैए जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। जो आने वाली समस्याओं का निदान कराएगा। इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का नंबर 05872.278100ए 05872.259985 है।बैठक में बिजली विभाग के अफसरों का न केवल परिचय बताया बल्कि अपने नंबर भी बैठक में मौजूद लोगों को नोट कराया। कहा कि बिजली समस्या आने पर उन्हें नोट कराएंए ताकि उसका त्वरित समाधान कराया जा सके। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण सिंह ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। वहीं धर्मगुरुओ एवं समाज के संभ्रांत एवं प्रबुद्ध जनों ने भी अपने विचार रखें।बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंह अधीक्षण अभियंता विद्युत राम शब्द व अशोक सुंदरम एक्सईएन पीडब्लूडी तरुणेंद्र कुमार एसडीएम श्रद्धा सिंह पंकज श्रीवास्तवए विनीत उपाध्याय अनुराग सिंहए धीरेंद्र सिंह राजेश कुमारए कार्तिकेय सिंह सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस एडीआईओ नरेंद्र कुमारए ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु मौजूद रहे।

## भारी मात्रा में अवैध कबाड़ बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता। हरगांव सीतापुर**

**कबाडियों पर** हरगांव पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए दो ट्रक स्क्रैब सहित वाहनों के पाट्र्स बरामद करते हुए एक आरोपी को जेल भेजनें की कार्रवाई की। क्षेत्र के सलारपुर में कबाड़ का अवैध कारोबार कर रहे लोगों पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को ट्रैक्टर काटने की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष हरगांव आलोकमणि त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ कबाडियों के कारोबार स्थल पर जाँच की। जिसमें रहीस अहमद गुड्डू पुत्र अजीज अहमद इब्राहिमपुर लहरपुर कबाड़ रखने व बेंचने का कोई भी कागजात नही दिखा सके। दो ट्रैक्टर के इंजन और एक ट्रक के कटे पाट्र्स, टायर, टंकी, स्टेयरिंग ड्राइवर सीट आदि सामग्री बरामद हुयी। एक ट्रक और पकड़ा गया जिसमें कागजात दिखाए गये। उसको असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल जीएसटी अनिल गौड़ ने टैक्स चोरी पर प्रतिबंधित भी किया। कबाड़ी रईस अहमद गुड्डू को 41, 411, 414, के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है!



# अब स्कूलों में छात्रों की सेहत का ख्याल रखेंगे गुरुजी

**संवाददाता। लखीमपुर खीरी**

**● स्वास्थ्य विभाग छात्रों को सेहतमंद रखने की शिक्षकों को दे रहा ट्रेनिंग**

**जिले के सरकारी** स्कूलों में अब छात्रों को पढ़ीस बनाने के साथ ही उनकी सेहत का भी ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए बाकायदा शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद यह शिक्षक अपने स्कूलों में बच्चों को सेहतमंद रहने का भी पाठ पढ़ाएंगे। शिक्षकों को इसके लिए प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम भी आज से शुरू हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत किशोरों में स्वास्थ्य सर्वधन गतिविधियोंए बीमारियांए बीमारी की रोकथाम एवं एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं को स्कूल स्तर तक सुलभ बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों के माध्यम से छात्र.छात्राओं में चोटए हिंसाए मादक द्रव्य सेवनए जोखिम भरा यौन व्यवहारए मनोवैज्ञानिक एवं भावानात्मक विकार को कम किये जाने पर केंद्रित है। उन्होंने ने बताया कि जिले के समस्त ब्लॉकए विकास खण्ड में उच्च प्राथमिकए जूनियर हाई स्कूल एवं इण्टर कॉलेजों से दो शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आज 27 सितंबर 2022 से प्रारम्भ कर दिया गया। दो शिक्षकों में एक महिला शिक्षक व एक पुरुष शिक्षक का चयन किया गया है। प्रशिक्षण उपरान्त शिक्षक को हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेस्डर के नाम से जाना जायेगा। जो अपने स्कूल में प्रत्येक मंगलवार को एक घण्टे का सत्र स्वास्थ्य पर लिया करेंगे। इस सत्र में उसी विद्यालय से 10 चयनित हेल्थ एण? वेलनेस मैसेंजर शिक्षकों और छात्र छात्राओं के बीच समन्वय स्थापित कराने का कार्य करेंगे। जिले में 1271 स्कूलए कॉलेजों से 2542 शिक्षकों को स्वास्थ्य विभाग से मास्टर ट्रेनर ;डॉक्टर्सद्ध द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ बीसी पन्त ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने स्कूल में कई बिंदुओं पर स्वास्थ्य को लेकर छात्रों के साथ चर्चा करेंगे। जिसमें स्वास्थ्य बढ़ानाए भावनात्मक दृढ़ता एवं मानसिक स्वास्थ्य अंतरए व्यक्ति संबंधए नैतिक मूल्य एवं नागरिक लिंग समानताए पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छताए इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोगए चोट एवं हिंसा से सुरक्षाए प्रजनन स्वास्थ्य एवं एड्सए स्वास्थ्य जीवन शैली को प्रोत्साहनए मादक पदार्थों से बचाव एवं उपचार आदि विषयों पर चर्चा होगी।आयुष्मान भारत योजना के तहत किशोरों में स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियां बीमारी की रोकथाम एवं एकीकृत स्वास्थ्य सेवाओं को स्कूल स्तर तक सुलभ बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कोऑर्डिनेटर सचिन गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के कई उद्देश्य हैं। स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण के बारे में उचित जानकारी देनाए जीवन में बच्चों के बीच स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करनाए बच्चों और किशोरों में शुरुआती बीमारियों का पता लगाना और कुपोषण एवं एनीमिया के ग्रसित बच्चों का चिन्हांकन एवं संदर्भ करनाए स्कूल में सुरक्षित पेयजल के उपयोग को बढ़ावा देनाए लड़कियों में महावारी स्वच्छता के प्रबंधन को बढ़ावा देनाए चिन्हित एवं प्रशिक्षित हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर द्वारा किशोरों में योग एवं ध्यान गतिविधियों को बढ़ावा देनाए बच्चों के स्वास्थ्य कल्याण और पोषण के अनुसंधान को प्रोत्साहित करना शामिल है।

## बाढ़ चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र फूलबेहड़ का सीएमओ डॉण् अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। इस दौरान वह पहले सीएचसी फूलबेहड़ पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी फूलबेहड़ अधीक्षक डॉण् अमितेश द्विवेदी से जानकारी ली उसके बाद वह बाढ़ राहत कार्य के लिए नीलपुरवा चौराहा पर बनाई गई बा? चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर चौकी पर पहुंचे। जहां उन्होंने दी जा रही दवाओं को देखा और उपस्थित बाढ़ पीड़ितों से उनको मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। जिस पर सभी ने दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रशंसा की। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी की समस्या का सामना ना करना पड़े। दवाओं की पूर्ण आपूर्ति रखी जाए और खासकर संक्रामक रोगों से बचाव के व्यापक प्रबंध किए जाएं। इस दौरान उनके साथ फूलबेहड़ सीएचसी अधीक्षक डॉण् अमितेश द्विवेदी जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्री राम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा सेन्टर में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**बरेली ।** श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा सेन्टर फार परफर्मिंग एण्ड फाइन आर्टस, बरेली में वाद-विवाद प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) का आयोजन हुआ। संस्था के सचिव श्री आदित्य मूर्ति जी ने दीप प्रज्जवलत करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का विषय ''भारतीय मीडिया स्वतंन्त्र भूमिका निभाने के बजाये राजीनति से प्रेरित है'' था। इस प्रतियोगिता में विषय को पक्ष एवं विपक्ष दो वर्गों में बांटा गया था। वाद-विवाद प्रतियोगिता में हर टीम को विषय के पक्ष एवं विपक्ष में बोलना था एवं हर वक्ता को पांच मिनट में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहा गया था। इस प्रतियोगिता में श्री सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी, बरेली, श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी एण्ड रिर्सच, बरेली, खण्डेंलवाल कालेज आफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलाजी बरेली, श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलाजी, बरेली, एसआरएमएस कालेज ऑफ फार्मेसी, एस0आर0एम0एस0 कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट, एस0आर0एम0एस0 स्कूल ऑफ नर्सिगं, एस0आर0एम0एस0 मेडिकल कालेज, एस0आर0एम0एस0 कालेज ऑफ लॉ, एस0आर0एम0एस0 इस्ट्टीयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बरेली, बरेली कॉलेज, बरेली, साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय बरेली, महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, बरेली, राजश्री इस्ट्टीयूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नालॉजी, बरेली, एस0आर0एम0एस0 कालेज ऑफ नर्सिग, बरेली आदि महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता मो0 शारिक शबाव जैदी, द्वितीय विजेता प्रेरणा जैन, तृतीय विजेता राज गुप्ता, व सात्वना पुरस्कार-पक्ष - वैष्नवी शर्मा, रहे ।इस वर्ष के चलवैजन्ती पुरस्कार के लिये बरेली कालेज, बरेली को चयनियत किया गया। यह पुरस्कार उनको 2 अक्टूबर, 2022 को प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर ट्रस्ट की ट्रस्टी श्रीमती आषा मूर्ति, प्राचार्य आई0एम0एस0, डॉ0 एस0बी0 गुप्ता, डीन एकेडिमिक्स डा0 प्रभाकर गुप्ता, ट्रस्ट सलहाकार ई0 सुभाष मेहरा, श्रीमती रीता शर्मा, डीन स्टूडेन्टस वैलफेयर ई0 कपिल भूषण, उप प्रषासक श्रीमती रूचि शर्मा एवं टायरो टीम आदि उपस्थित रहे।

# सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़े वैज्ञानिक समुदाय

**राष्ट्रपति ने किया आह्वान**

**भाषा।** बेंगलुरु

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने बृहस्पतिवार को वैज्ञानिक समुदाय से सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ने और स्वदेशीकरण की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह सुनिश्चित करना सभी की संयुक्त जिम्मेदारी होनी चाहिए कि 2047 का भारत अधिक समृद्ध और मजबूत राष्ट्र होगा। राष्ट्रपति ने यहां हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन निर्माण केंद्र (आईसीएमएफ) का उद्घाटन करने और जोनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (दक्षिण क्षेत्र) की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही।

मुर्मू ने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर, मुझे अपने पूर्ववर्ती माननीय डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की याद आ रही है। हम उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जानते हैं, लेकिन उनके जीवन का एक और पहलू था, जिस पर मैं कुछ प्रकाश डालना चाहती हूं। उन्होंने हमेशा सामाजिक समावेश के साथ-साथ




प्रौद्योगिकीय विकास का मार्ग अपनाया। राष्ट्रपति ने कहा कि विज्ञान एक अभूतपूर्व क्रांति और लोगों के जीवन में बदलाव ला सकता है। डॉ. कलाम भी कलाम-राजू स्टेंट तैयार करके लोगों के जीवन में बदलाव लाए थे। यह स्वदेशी कोरोनरी स्टेंट (हृदय की धमनी के इलाज में इस्तेमाल होने वाला छल्ला) था, जिसने हजारों रोगियों की मदद की। यह आयात किए गए स्टेंट की तुलना में काफी सस्ता था। उन्होंने कहा, मेरे कहने का मतलब यह है कि डॉ. कलाम द्वारा अपनाई गई स्वदेशीकरण की भावना का हमारे समाज पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हमारे वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और शोध कई लोगों के जीवन को बचा सकते हैं। मैं भारत के वैज्ञानिक समुदाय से सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ने का आग्रह करती हूं। एचएएल के एकीकृत क्रायोजेनिक इंजन विनिर्माण केंद्र (आईसीएमएफ) से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए एक ही स्थान पर रॉकेट इंजन का समस्त उत्पादन किया जा सकेगा। केंद्र का निर्माण 4,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में किया गया है। यहां भारतीय रॉकेटों के क्रायोजेनिक (सीई20) और सेमी-क्रायोजेनिक (एसई2000) इंजनों के निर्माण के लिए 70 उन्नत उपकरण और परीक्षण केंद्र होंगे। साल 2013 में, एचएएल की अंतरिक्ष विज्ञान डिवीजन में क्रायोजेनिक इंजन मॉड्यूल का विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे और बाद में 2016 में इसमें संशोधन कर 208 करोड़ रुपए के निवेश के साथ आईसीएमएफ की स्थापना का लक्ष्य रखा गया। राष्ट्रपति ने कहा कि एचएएल और इसरो का गौरवशाली अतीत हमें भरोसा दिलाता है कि वे भविष्य में भी महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा, हमने एक स्वतंत्र देश के रूप में 75 साल पूरे कर लिए हैं। हम अगले 25 वर्षों में नए भारत की कल्पना और इसे एक विकसित देश बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। यह सुनिश्चित करना हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है कि 2047 का भारत एक बहुत अधिक समृद्ध व मजबूत राष्ट्र होगा। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ, एचएएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सी. बी. अनंतकृष्णन समेत अन्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## राजस्थान सीमा से बीएसएफ ने एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

**नई दिल्ली।** राजस्थान के श्रीगंगानगर सेक्टर से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 20 वर्षीय एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बल के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद वकास नामक व्यक्ति को सोमवार की शाम भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया था। प्रवक्ता ने कहा, शुरुआती पूछताछ के दौरान, उक्त व्यक्ति ने खुलासा किया कि वह तहरीक-ए-लब्बैक का सदस्य है। उसने अपने संगठन की विचारधारा का प्रचार करने के लिए भारत में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद वकास पाकिस्तान के बहावलनगर जिले के करमपुर गांव का रहने वाला है। अधिकारी ने कहा कि खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों का एक संयुक्त दल व्यक्ति से पूछताछ कर रहा है। उसे जल्द ही स्थानीय पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### आतंकवाद, राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए व्यापक योजना तैयार है : जम्मू कश्मीर के डीजीपी

**जम्मू।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ व्यापक स्तर पर जारी कार्रवाई के बीच जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि देश में आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी तत्वों से निपटने के लिए व्यापक योजना तैयार है। उन्होंने कहा कि आतंकी नेटवर्क के खिलाफ की जाने वाली कार्वाई का निश्चित तौर पर सकारात्मक प्रभाव होगा और देश भर में जारी छापेमारी की कार्रवाई को सांप्रदायिक कोण से नही देखना चाहिए। पुलिस प्रमुख ने यहां 20-27 सितंबर के दौरान आयोजित 11वी जम्मू एवं कश्मीर निशानेबाजी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही।

### अरुणाचल में पकड़ा गया उल्फा (आई) का एक उग्रवादी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले में म्यांमार सीमा के निकट उल्फा (आई) का एक उग्रवादी पकड़ा गया है। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने सोमवार को म्यांमार सीमा के निकट नोगलो गांव से उग्रवादी को पकड़ा। उन्होंने बताया कि उग्रवादी की पहचान असम के डिब्रूगढ़ निवासी दिब्ज्योति सेनापति उर्फ दीपेन असोम के तौर पर की गई है।

### पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेता को अन्नाद्रमुक से हटाया

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अंतरिम महासचिव के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता पनरुट्टी एस रामचंद्रन को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से हटाए जाने की घोषणा की। यह कदम ऐसे वक्त आया है जब रामचंद्रन ने कथित रूप से पार्टी के अंतरिम प्रमुख के खिलाफ कुछ आलोचनात्मक टिप्पणी की थी। पार्टी की ओर से जारी बयान में पलानीस्वामी ने कहा कि रामचंद्रन को संगठन को बदनाम करने के लिए पार्टी के संगठन सचिव के पद के साथ-साथ अन्नाद्रमुक की प्राथमिक सदस्यता से हटाया जाता है।

### न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है। शीर्ष न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान के अनुसार सोमवार को प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बैठक हुई। बयान में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 26 सितंबर, 2022 को हुई अपनी बैठक में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की अनुशंसा की है।

### सीबीआई में संयुक्त निदेशक के तौर पर राकेश अग्रवाल और संपत मीणा का कार्यकाल बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के तौर पर राकेश अग्रवाल और संपत मीणा का कार्यकाल बढ़ा दिया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अग्रवाल के कार्यकाल को 2 सितंबर 2022 के बाद छह महीने के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी है। अग्रवाल 1994 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी है।

### एचसीएल टेक का नया लोगो

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख टेक्नो लॉजी कंपनी एचसीएल टेक्नोंलॉजीजएचसीएल टेक ने अपने ब्रैंड की नई पहचान और लोगो को लॉन्च किया है। यह एचसीएल टेक की सुपरचार्जिंग प्रोग्रेसज्ड की अनूठी पोजीशनिंग पर जोर देता है जिसमें इसके ग्राहकों, लोगों, समुदायों और धरती के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता झलकती है। एचसीएल टेक् का नया ब्रैंड और लोगो कंपनी की मार्केट तक पहुंचने की रणनीति का हिस्सा होगा। यह अलग-अलग सेवाओं और उत्पा दों का प्रतिनिधित्वं करता हैए जिससे उपक्रमों को बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव के लिए सुपरचार्ज किया जाता है। आज जब कंपनी 12 बिलियन के राजस्व के करीब पहुंच गई है, एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा ने इस घोषणा को विशिष्ट ग्लोबल ब्रैंड पहचान के रूप में एचसीएल टेक के उभरने का संकेत माना है।

## हम वफादार नहीं होते तो कभी गिर गई होती कांग्रेस सरकारः मुख्य सचेतक जोशी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा अलग से बैठक किए जाने को अनुशासनहीनता करार दिए जाने के कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन के बयान पर पलटवार करते हुए सरकार के मुख्य सचेतक डॉ महेश जोशी ने मंगलवार को कहा कि हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं और अगर हम वफादार नहीं होते तो राज्य की कांग्रेस सरकार कब की गिर गई होती। इसके साथ ही जोशी ने कहा कि वफादारी तो उन लोगों को साबित करनी होती है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम लोगों की वफादारी पर कोई अगर शक खड़ा करेगा तो हम उस वफादारी को हर हाल में सिद्ध करेंगे। हमने आलाकमान के प्रति वफादारी में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने कहा, अगर हमारी वफादारी नहीं होती तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार कब की गिर गई होती। हम पार्टी के निष्ठावान लोग हैं।

परोक्ष रूप से सचिन पायलट खेमे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हम अपनी वफादारी सिद्ध कर चुके हैं, सिद्ध तो उनको करना है जिन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक कराने यहां आए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी माकन ने सोमवार को कहा था कि (गहलोत के वफादार विधायकों द्वारा) विधायक दल की आधिकारिक बैठक में न आकर उसके समानांतर बैठक करना अनुशासनहीनता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक रविवार रात को मुख्यमंत्री के निवास पर होनी थी, लेकिन गहलोत के वफादार विधायक इसमें नहीं आए। इन विधायकों ने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के बंगले पर बैठक की और फिर वहां से विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी से मिलने गए और अपने इस्तीफे उन्हें सौंपे।

## गोलवलकर को लेकर आपत्तिजनक वॉट्सऐप स्टेटस पर कांग्रेस पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर।** सोशल मीडिया मंच वॉट्सऐप पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रमुख एमएस गोलवलकर को लेकर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में इंदौर में कांग्रेस के एक पार्षद के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मल्हारगंज पुलिस थाने के प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि संघ के स्थानीय स्वयंसेवक राजपाल जोशी की शिकायत पर वॉर्ड क्रमांक 58 के पार्षद अनवर कादरी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 505(2) (अलग-अलग वर्गों में दुश्मनी, घृणा या वैमनस्य फैलाने वाला कथन) और धारा 188 (किसी सरकारी अफसर का हुक्म नहीं मानना) के तहत सोमवार रात मामला दर्ज किया गया। उन्होंने प्राथमिकी के आरोपों के हवाले से बताया कि गोलवलकर को लेकर कादरी के 25 सितंबर को डाले गए आपत्तिजनक वॉट्सऐप स्टेटस से त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द्र और समरसता बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था।

## देश में 2014 से पहले चिकित्सा शिक्षा में सुधार के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने पैसा बनायाः शाह

**भाषा।** अहमदाबाद

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2014 से पहले कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान पार्टी नेताओं ने स्वास्थ्य ढांचे में सुधार के बजाय चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं को उन्नत बनाने के नाम पर पैसा बनाया। गांधीनगर जिले के कलोल में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्तासीन होने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में परिदृश्य में बदलाव आया। उन्होंने कहा, आयुष्मान भारत या पीएम-जेएवाई योजना के तहत 60 करोड़ गरीब नागरिकों को पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने योजना के क्रियान्वयन के लिए जरूरी स्वास्थ्य ढांचे को खड़ा करने के लिहाज से 64,000 करोड़ रुपए आवंटित किए



हैं। इस योजना के तहत 600 जिलों के अस्पतालों में 35,000 नए बिस्तर बढ़ाए गए हैं।

शाह ने कहा कि देश में एकीकृत प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना के लिए।,600 करोड़ रुपए का अलग बजटीय प्रावधान किया गया है। शाह सोमवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं जहां इस साल दिसंबर में चुनाव होने हैं। शाह ने आज दो अस्पतालों की आधारशिला भी रखी। 750 बिस्तरों के एक अस्पताल का संचालन एक ट्रस्ट करेगा और 150 बिस्तर का एक और अस्पताल कलोल में बनाया जाएगा जिसका संचालन कर्मचारी राज्य बीमा योजना के हाथ में होगा। गांधीनगर से लोकसभा सदस्य शाह ने कहा, अगर अस्पतालों में डॉक्टर ही नहीं हों तो ऐसे बुनियादी ढांचे का क्या मतलब? कांग्रेस शासन में नेता चिकित्सा शिक्षा सुविधाओं में सुधार के नाम पर पैसा बनाने में व्यस्त थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद परिदृश्य को सुधारा। उन्होंने कहा कि देश में 2013-14 में निजी और सरकारी, दोनों क्षेत्रों में 387 मेडिकल कॉलेज चल रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से यह संख्या 600 तक पहुंच गई है। शाह ने कहा, एमबीबीएस सीटों की संख्या भी बढ़ी है। 2013-14 में 51,384 सीटें थीं जो अब बढ़कर 89,875 हो गई हैं। पीजी सीटें भी 31,185 से बढ़कर आज 60,202 हो गई हैं।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीईटी उत्तरपुस्तिका को नष्ट करने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की उत्तर पुस्तिका (ओएमआर शीट) नष्ट करने में कथित अनियमितताओं के मामले की जांच मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया। अदालत ने इसके साथ ही पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य को इस मामले में आज रात आठ बजे तक सीबीआई के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। अदालत टीईटी परीक्षा देने वाले कुछ उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई कर रही है जिन्होंने शिक्षक भर्ती में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने भट्टाचार्य को तय समय में सीबीआई के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है।

# सीएम योगी ने कसी लम्पी पर लगाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### कारगर साबित हुई योगी की रणनीति, लम्पी के प्रकोप को रोकने में सबसे सफल राज्य बनकर उभरा यूपी, देश भर में अब तक 20 लाख 57 हजार 700 पशु संक्रमित, 97 हजार की मृत्यु

**देश भर** में पशुओं पर कहर बनकर टूट रहे लम्पी स्किन डिजीज के प्रसार पर रोक लगाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति कारगर साबित हो रही है। देश के 14 राज्यों में अपने पैर पसार चुके इस वायरस के कदम यूपी में रुक गए हैं। सर्वाधिक प्रभावित छ बड़े राज्यों से अगर तुलना की जाए तो उत्तर प्रदेश इस वायरस के प्रकोप को रोकने में देश में सबसे सफल राज्य बनकर उभरा है। भारत सरकार के पशु पालन और डेयरी विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वायरस से देश भर में अब तक 20 लाख 57 हजार 700 पशु संक्रमित हैंए जबकि 97 हजार से ज्यादा पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। राज्यों के लिहाज से देखें तो सबसे खराब हालत राजस्थान के हैंए जहां 14 लाख से ज्यादा पशु इससे संक्रमित हुए हैं और 64 हजार से ज्यादा पशुओं की मृत्यु हो चुकी है। पंजाब में संक्रमित हुए पशुओं की



संख्या 1,73,159 है, जिनमें 17,200 पशुओं की मृत्यु हुई है और मृत्यु दर 10 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं गुजरात में 1,56,236 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें 5,544 की मृत्यु हुई है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में 66,333 पशु संक्रमित हुए हैं, जिनमें 2,993 मृत्यु हुई है। हरियाणा में 97,821 पशु प्रभावित हुए हैं, जिनमें मृत्यु हुई 1,941 है। जम्मू-कश्मीर में संक्रमित हुए पशुओं का आंकड़ा 32,391 हैए जिनमें 333 पशुओं की मृत्यु हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश में अब तक 26,024 पशु इस वायरस से प्रभावित हुए हैं, जिनमें में 273 पशुओं की मृत्यु हुई है। बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जनपद लम्पी स्किन रोग से प्रभावित हैं। योगी सरकार की सजकता एवं प्रभावी कार्यवाही से पशुओं के संक्रमण से ठीक होने का प्रतिशत 64 प्रतिशत है और मृत्युदर मात्र 01 प्रतिशत है। पशुओं को इस वायरस से बचाने के लिए सरकार लगातार टीकाकरण अभियान चला रही है। इस बारे में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री जी निर्देश पर हमने कोरोना की तर्ज पर टीम 9 बनाकर नियमित समीक्षा कर रहे हैं। हमने इलाज और वैक्सिनेशन का वृहद अभियान चलाया है। इस पर काबू करने में हमें सफलता मिली है।

**हर जिले में होगा टीकाकरण**

इसके लिए योगी सरकार ने प्रदेश में 1126 टीमें टीकाकरण के लिए गठित की है, जिनके द्वारा प्रदेश में 50 लाख गोटपॉक्स के टीके लगाए जा चुके हैं। पशुओं को बचाने के लिए सरकार अब हर जिले में टीकाकरण की कार्यवाही करने जा रही है, जिसके तहत 10 अक्टूबर तक एक करोड़ टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 1.22 करोड़ टीके उपलब्ध हैं।

### रिंग एवं बेल्ट के माध्यम से टीकाकरण

यह डिजीज अन्य क्षेत्रों में न फैले इसलिए सरकार ने एक रणनीति बनाईए जिसके तहत सुरक्षा कवच को सुदृढ़ करते हुए रिंग एवं बेल्ट के माध्यम से सघन टीकाकरण करता जा रह है। बेल्ट-1 नेपाल से मध्यप्रदेश तक 320 किमी. तथा बेल्ट-2 बुन्देलखण्ड क्षेत्र 155 किमी. तक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है, जो 10 किमी. चौड़ा है। अर्न्तराज्यीय एवं अर्न्तजनपदीय सीमा से लगे जनपदों में सीमावर्ती/विकासखण्ड/ग्रामों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जा रही है।

### टीम-9 का किया गठन

सरकार ने इस रोग पर नियंत्रण पाने के लिए टीम-9 का शुरूआत में ही गठन कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त जनपदों में जनपदीय एवं विकासखण्ड स्तर पर कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त संक्रमित गोवंश को स्वस्थ पशुओं से अलग किया जा रहा है।

### 76 आइसोलेशन सेंटर स्थापित

पशुओं को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 127 मोबाइल वेटेनरी यूनिट संचालित की जा रही है। गोआश्रय स्थलों के प्रभावित पशुओं को अलग रखने के लिए 76 आइसोलेशन सेंटर स्थापित किये गये हैं। बीमारी से बचाव के लिए सभी जनपदों में पर्याप्त दवायें उपलब्ध हैं।

## नड्डा ने भाजपा के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को पार्टी की ओर से नियुक्त विभिन्न राज्यों के केंद्रीय प्रभारियों के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव सहित अगले साल होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। नड्डा ने इस महीने की शुरुआत में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों व प्रमुख नेताओं को राज्यों और संघशासित प्रदेशों का प्रभार सौंपा था। प्रभारियों के साथ यह उनकी पहली बैठक थी। बैठक में संगठन महासचिव बी एल संतोष भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने और 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां के बारे में विशेष रूप से मंथन किया गया।



बैठक में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब, भाजपा महासचिव अरुण सिंह, विनोद तावड़े, तरुण चुग और सुनील बंसल भी मौजूद थे। इस साल के अंत तक हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। हिमाचल में जहां उसके सामने सत्ता बचाए रखने की चुनौती है, वहीं गुजरात में उसके समक्ष अपना गढ़ संभाले रखने की चुनौती है। अगले साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड और मिजोरम में चुनाव होने हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, त्रिपुरा में जहां भाजपा की सरकार है।

## महाराष्ट्र के मंत्री महाजन के खिलाफ रंगदारी के आरोपों की जांच अब सीबीआई करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन पर मारपीट और रंगदारी मांगने के लगे आरोपों की जांच करेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलगांव स्थित एक शिक्षण न्यास के निदेशक ने मंत्री पर ए आरोप लगाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 22 जुलाई को महाजन के खिलाफ जांच की सिफारिश सीबीआई से की थी और दो सितंबर को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने यह अनुशंसा जांच एजेंसी को भेजी।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के तहत सीबीआई नए सिरे से मामला दर्ज करेगी। सबसे पहले इस मामले में जलगांव पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी और पिछले साल पांच जनवरी को जांच पुणे पुलिस ने अपने हाथ में ले ली थी। प्राथमिकी पुणे स्थानांतरित की गई क्योंकि कथित अपराध पुणे शहर में हुआ था। पुलिस ने इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता महाजन सहित 28 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।जलगांव जिला मराठा विद्या प्रसारक सहकारी समाज के निदेशक विजय पाटिल ने दिसंबर 2020 में निम्बभोर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पाटिल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में वह और उनके सहकर्मी बड़े भाई नरेंद्र पाटिल के निर्देश पर संस्थान के पूर्व सचिव तानाजी भोइटे से संस्थान के दस्तावेज प्राप्त करने पुणे गए थे। नरेंद्र पाटिल उस समय संस्थान के अध्यक्ष थे। शिकायत के मुताबिक पुणे में एक आरोपी नीलेश भोइटे ने कथित तौर पर पाटिल से कहा कि वह, उसे संस्थान को सौंप दे क्योंकि महाजन की इसमें रुचि है। प्राथमिकी के मुताबिक उसने महाजन को वीडियो कॉल भी की, जिन्होंने पाटिल को कथित तौर पर कहा कि सभी निदेशक अपना इस्तीफा दे दे और जिम्मेदारी नीलेश भोइटे को सौंप दे।

## 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ के कारोबार का लक्ष्यः राजनाथ



आगामी होने वाले डिफेंस एक्सपो 22 की तैयारी की समीक्षा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ रुपए के कारोबार का लक्ष्य रखा है और सैन्य उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योगों को समर्थन देने के प्रयासों के तहत घरेलू कंपनियों से सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए इस साल के रक्षा बजट में लगभग 85,000 करोड़ रुपए की राशि अलग से रखी है। सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय अलग-अलग समयसीमा के बाद 309 रक्षा वस्तुओं का आयात न करने से संबंधित तीन सूची पहले ही जारी कर चुका है।

उन्होंने रक्षा उत्पादन के लिए रणनीतिक साझेदारी मॉडल पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य देश में लड़ाकू जेट, सैन्य हेलीकॉप्टर, टैंक और पनडुब्बियों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) की वार्षिक आम बैठक में उन्होंने कहा, हमें बस चलते रहना है, बिना थके चलते रहना है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश को पिछले वित्त वर्ष में कुल 83.57 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत में निवेश करने को लेकर दिलचस्पी दिखा रही है क्योंकि देश एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा, यह दर्शाता है कि अब बहुत तेज गति से आगे बढ़ने का समय है।

### सेना ने चीन से लगी सीमाओं पर कई तरह के रॉकेट और तोपें तैनात कर गोलाबारी की क्षमता बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सेना ने चीन से लगी सीमा पर कई तरह के रॉकेट और तोपें तैनात कर गोलाबारी की अपनी ताकत में काफी इजाफा किया है। साथ ही, इसकी योजना और 100, के-9 वज्र होवित्जर और मानव रहित यान(यूएवी) सहित बड़ी संख्या में अतिरिक्त सैन्य उपकरण खरीदने की है। भारतीय थल सेना की तोपखाना इकाइयां, के-9 वज्र ट्रैक्ड सेल्फ प्रोपेल्ड होवित्जर , अत्यधिक हल्के एम-777 होवित्जर, पिनाका रॉकेट प्रणालियां और धनुष तोप प्रणालियां पहले ही तैनात कर चुकी हैं। रक्षा प्रतिष्ठान सूत्रों ने बताया कि सेना की योजना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी तोपखाना इकाइयों को 90 किमी की रेंज वाले मानव रहित यान से लैस करने की है। एक सूत्र ने बताया, हम 15-20 किमी की दूरी तय करने वाले और चार घंटों तक 80 किमी के दायरे में निगरानी करने वाले मानव रहित यान खरीदने पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि सेना 100 और के-9 वज्र होवित्जर की नई खेप हासिल करने वाली है। यह 2017 में इस तरह की 100 तोपों के लिए दिए गए ऑर्डर के अतिरिक्त होगी। सूत्र ने कहा, रक्षा खरीद परिषद ने 100 और के-9 वज्र का आर्डर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अनुरोध प्रस्ताव जल्द ही जारी किया जाएगा। के-9 वज्र को मुख्य रूप से रेगिस्तानी क्षेत्र में तैनात करने के लिए खरीदा गया था लेकिन पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद सेना ने काफी संख्या में होवित्जर को अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में तैनात किया है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त तृणमूल कांग्रेस को घेरने के लिए नई रणनीति बना रही है भाजपा

**भाषा।** कोलकाता

**अंदरूनी** झगड़ों, नेताओं, पदाधिकारियों के दल-बदल आदि से जूझ रही भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी और केन्द्रीय एजेंसियों की छापेमारी झेल रही सत्तारूढ़ तृणमूल को चुनौती देने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रही है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनावों में मिली हार से आहत भाजपा राज्य में सत्ता पाने के लक्ष्य से तृणमूल कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रही है और पार्टी के महासचिव सुनील बंसल को आशा है कि नई रणनीति राज्य में पार्टी में नई जान फूंकने में सक्षम होगी। बंसल ने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी की स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई बड़ी समस्या है। जो भी मुद्दे हैं, उनका समाधान निकाल लिया जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 सितम्बर 2022



# जयशंकर, ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग पर चर्चा की

भाषा। वाशिंगटन



**विदेश मंत्री एस जयशंकर** और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा कि इससे एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत का योगदान बढ़ेगा। वाशिंगटन की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर सोमवार को ऑस्टिन से मुलाकात के लिए पेंटागन गए थे। पेंटागन ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि भारत और अमेरिका अपनी साझेदारी में एक और उन्नत चरण की ओर बढ़ रहे हैं। ऑस्टिन और जयशंकर ने अमेरिकी और भारतीय सेनाओं के बीच गहन संचालनगत समन्वय के लिए सूचना-साझाकरण और रसद सहयोग के विस्तार को लेकर प्रतिबद्धता जताई। पेंटागन ने कहा, उन्होंने (जयशंकर और ऑस्टिन ने) एक क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत के योगदान के समर्थन में द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा की, जिसमें इस साल के अंत में एक नया रक्षा संवाद शुरू करना शामिल है क्योंकि अमेरिका और भारत अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और यूरोपीय भागीदारों के बीच गहन सहयोग के मूल्य को रेखांकित किया। पेंटागन में विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए ऑस्टिन ने हाल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ फोन पर हुई अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि ए बातचीत दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी और आकांक्षाओं को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा, इन सब से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हमारी सेनाएं तैयार हैं। ऑस्टिन ने कहा, मैं आपकी मित्रता का आभारी हूं और हम एक मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत के अपने साझा दृष्टिकोण की दिशा में मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में एक शानदार बातचीत की आशा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा को बनाए रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हाल के महीने में हमने चीन को नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय अदालत को चुनौती देने का प्रयास करते, ताइवान की खाड़ी और आसपास अप्रत्याशित उकसावे वाली कार्वाई करते देखा है। विदेश मंत्री और ऑस्टिन ने इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि इस साल विशेषकर हिंद-प्रशांत में चुनौतियों के कारण वैश्विक चुनौतियां बढ़ गई हैं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों विशेषकर रक्षा संबंधों और मजबूती लाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं की यह टिप्पणी क्षेत्र में चीन के लगातार बढ़ते धौंस जमाने वाले रवैए के बीच आई है। इस दौरान वह अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन समेत अमेरिकी कैबिनेट के कई मंत्रियों के साथ विचार विमर्श करेंगे।

जयशंकर ने यहां पेंटागन में सोमवार को ऑस्टिन के साथ बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस साल विभिन्न कारणों से विशेषकर हिंद-प्रशांत के कारण वैश्विक स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हिंद-प्रशांत की स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित की जाए। इसके लिए दो देशों के बीच सहयोग सबसे अच्छा उपाय है। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर में लगभग सभी हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रूनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों का दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। पूर्वी चीन सागर में चीन का जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद भी है। जयशंकर ने कहा कि उनका मानना है कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग हमारे समकालीन संबंधों का आधार है।

## रूस ने संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहे जापानी राजनयिक को हिरासत में लिया

**मॉस्को।** रूस ने अपने पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक में पदस्थ एक जापानी राजनयिक को संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने की कोशिश के आरोप में हिरासत में लिया है। रूसी समाचार एजेंसियों ने यह जानकारी दी। वहीं, जापान ने जासूसी के आरोपों में जापानी वाणिज्य दूतावास के एक अधिकारी को हिरासत में लेने के आरोपों को खारिज करते हुए रूसी अधिकारियों पर अपमानजनक तरीके से पूछताछ करने का आरोप लगाया और रूस से मामले में माफी की मांग की। रूस की एजेंसियों ने एफएसबी के हवाले से एक खबर में कहा था, पैसे लेकर संवेदनशील जानकारी लेते हुए जापान के एक राजनयिक को रंगे हाथों पकड़ा गया है। वह रूस के बारे में ऐसी जानकारी हासिल कर रहा था, जिसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में किसी अन्य देश के साथ साझा करने पर रोक है।

समाचार एजेंसियों के अनुसार, रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने आरोप लगाया कि व्लादिवोस्तोक में पदस्थ वाणिज्य दूत मोतोकी तत्सुनोरी ने पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव से जुड़ी जानकारी भी हासिल करने की कोशिश की। वहीं, जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक अधिकारी को 22 सितंबर को हिरासत में लिया गया था और उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर पूछताछ की गई थी, उनके साथ बदसलूकी की गई और हम इसका विरोध करते हुए माफी की मांग करते हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को मॉस्को में जापान के दूतावास को सूचना दी थी कि अधिकारी को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और गैरकानूनी जासूसी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते उसे 48 घंटे में देश छोड़ने को कहा गया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने पत्रकारों से कहा कि रूस द्वारा की गई कार्वाई पूरी तरह से आधारहीन है। मात्सुनो ने बताया कि जापान के उप विदेश मंत्री ताकियो मोरी ने रूसी राजदूत को तलब कर इस घटना पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है।

## यूक्रेन में रूसी नियंत्रण वाले इलाकों में जनमत संग्रह के लिहाज से कराया जा रहा चुनाव संपन्न

**कीव।** यूक्रेन में रूस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में जनमत संग्रह के लिहाज से हो रहे चुनाव का आज अंतिम दिन है। इस चुनाव के तहत हो रहा जनमत संग्रह नियंत्रण वाले क्षेत्रों को रूस में शामिल होने की भूमिका साबित होगा। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने इस पूरी कवायद को दिखावा बताते हुए नकार दिया है। क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बेहद रूखे शब्दों में चेतावनी जारी की है कि रूस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में यूक्रेन की बढ़त को रोकने के लिए रूस परमाणु हथियार का उपयोग करने को तैयार है। रूसी नियंत्रण वाले क्षेत्रों के लोग रूस में शामिल होना चाहते हैं या नहीं, इस मुद्दे को लेकर पांच दिन चला यह मतदान, कैसा भी रहा हो लेकिन निष्पक्ष और स्वतंत्र बिल्कुल नहीं था। क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पलायन कर गए हैं और साझा की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रूसी सेना के सशस्त्र सैनिक घर-घर जाकर यूक्रेनी नागरिकों पर वोट डालने के लिए दबाव बना रहे हैं।

## ब्लिंकन, बिलावल ने भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के बीच बातचीत के दौरान भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व और इस्लामाबाद पर चीन के बढ़ते कर्ज के समाधान के मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में बैठक के दौरान ब्लिंकन ने यह भी कहा कि अमेरिका और पाकिस्तान आतंकवाद से मुकाबले के मुद्दे पर काम करते रहेंगे। ब्लिंकन ने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों के 75 साल पूरे होने पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज हमारी चर्चा में हमने भारत के साथ जिम्मेदारीपूर्ण संबंध के महत्व पर बात की और हमने अपने सहयोगी से कर्ज राहत तथा इससे जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चीन को शामिल करने को कहा ताकि पाकिस्तान बाढ़ से हुए नुकसान से जल्द उबर सके। कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से होने वाले सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते और बिगड़ गए।

इस फैसले के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंध घटा दिए और भारतीय राजदूत को निष्कासित कर दिया। इसके बाद से पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध में कोई सुधार नहीं हुआ है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने लोकतंत्रिक देश के रूप में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने, धर्म की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मूल मूल्यों को बनाए रखने के महत्व के बारे में भी बात की। बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों में न केवल लचीलापन है बल्कि यह समय की कसौटी पर खरे भी उतरे हैं।

## आईएईए और ईरान के अधिकारियों ने वियना में की बैठक

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी इकाई के प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईरान में अघोषित स्थलों पर पाए गए मानव निर्मित यूरेनियम कणों की चल रही जांच को लेकर वियना में अपने ईरानी समकक्ष से मुलाकात की। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने सोमवार रात ट्वीट किया, लंबित सुरक्षा उपायों के मुद्दों पर स्पष्टीकरण को लेकर ईरान के साथ बातचीत फिर से शुरू हो गई है। ग्रॉसी ने कहा कि उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से मुलाकात की। बयान के साथ अपनी, इस्लामी और अन्य वार्ताकारों की तस्वीर डाली। आईएईए वर्षों से यूरेनियम कणों के बारे में अपने सवालों के जवाब ईरान से मांगती रही है। जांच का विषय इस्लामिक गणराज्य और विश्व शक्तियों के बीच 2015 के समझौते को पुनर्जीवित करने से संबंधित बातचीत में एक महत्वपूर्ण बिंदु रहा है।

## संरा सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत-जापान का समर्थन करेगा श्रीलंका: विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता के लिए भारत-जापान के प्रयास का समर्थन करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो अबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे फिलहाल जापान में हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी से मंगलवार को एक मुलाकात के दौरान विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका को जापान की ओर से मुहैया कराए गए समर्थन की सराहना की। विज्ञप्ति के मुताबिक विक्रमसिंघे ने कहा कि उनकी सरकार संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने के लिए चलाए गए दोनों देशों (भारत-जापान) के अभियान का समर्थन करने की इच्छुक है।

सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से चलाए जा रहे प्रयास को लेकर भारत काफी सक्रिय रहा है। भारत का कहना है कि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है और सुरक्षा परिषद का मौजूदा प्रारूप 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकता को नहीं दर्शाता। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पांच स्थाई सदस्य और 10 अस्थाई सदस्य देश हैं। अस्थाई सदस्यों का चयन दो वर्ष की अवधि के लिए संरा महासभा द्वारा किया जाता है। पांच स्थाई सदस्यों में रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका शामिल हैं और इन देशों के पास वीटो अधिकार होता है, जिससे वह किसी प्रस्ताव को चाहें तो रोक सकते हैं। सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्यों में फिलहाल भारत भी है, लेकिन इसका कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो जाएगा।

## कर धोखाधड़ी मामले में घिरे इटली के पूर्व पीएम सिल्वियो बर्लुस्कोनी करीब एक दशक बाद फिर सांसद निर्वाचित

**रोम।** कर धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहराए जाने के चलते लगी रोक के करीब एक दशक बाद इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी एक बार फिर सांसद (सीनेटर) के रूप में निर्वाचित होकर संसद पहुंचे हैं। तीन दशक तक इटली की राजनीति में दबादबा रखने वाले बर्लुस्कोनी रविवार को मोंजा सीट से 50 फीसदी से अधिक वोट पाकर इटली की संसद के ऊपरी सदन के लिए चुने गए। उनकी पार्टी फोर्जा इटालिया 2018 के आम चुनाव जैसा प्रदर्शन नहीं कर सकी। रोम के मर्केटरम विवि में राजनीतिक विश्लेषक मस्सीमिलानो पनरारी ने कहा, एक बार फिर निर्वाचित होना बर्लुस्कोनी के लिए निजी तौर पर बदला लेने के समान है क्योंकि वह सभी तरह की न्यायिक दिक्कतों से पार पाकर संसद पहुंच रहे हैं। 2013 में, सीनेट ने बर्लुस्कोनी को उनके मीडिया व्यवसाय से संबंधित कर धोखाधड़ी मामले में मिली सजा के कारण निष्कासित कर दिया था।

## स्पेन में कर धोखाधड़ी के मुकदमे का सामना करेंगी शकीरा

**बार्सिलोना।** स्पेन के एक न्यायाधीश ने मंगलवार को कर धोखाधड़ी के आरोप में कोलंबियाई पॉप गायिका शकीरा के खिलाफ मुकदमे की मंजूरी दे दी। स्पेनिश अभियोजकों ने 2018 में गायिका पर 2012 और 2014 के बीच अर्जित आय पर 1.45 करोड़ यूरो (1.39 करोड़ डॉलर) के कर का भुगतान करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अभियोजक कर चोरी के दोषी पाए जाने पर आठ साल की जेल की सजा और भारी जुर्माना की मांग कर रहे हैं। शकीरा (45) कोई भी गलत काम से बार-बार इनकार करती रही हैं और मुकदमे से बचने के लिए अधिकारियों के साथ एक समझौते के प्रस्ताव को उन्होंने खारिज कर दिया था। उनके लिए जनसंपर्क का काम देखने वाली कंपनी ने कहा कि उन्होंने (शकीरा ने) पहले ही समूचा बकाया चुका दिया है और ब्याज के तौर पर 30 लाख यूरो (28 लाख डॉलर) का भी भुगतान किया है। मुकदमे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। मामला 2012-14 के दौरान का है जब शकीरा वहां रहती थीं। बार्सिलोना में अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि ग्रैमी विजेता ने उस अवधि में आधे से अधिक समय स्पेन में बिताया और उन्हें देश में करों का भुगतान करना चाहिए था, भले ही उनका आधिकारिक निवास बहामास में था। शकीरा का पूरा नाम शकीरा इसाबेल मेबारक रिपोल है और वह तबसे स्पेन से जुड़ी हैं जब वह फुटबॉल खिलाड़ी गेरार्ड पिक के साथ रिश्ते की शुरुआत कर रही थीं। युगल बार्सिलोना में रहता था और उनके दो बच्चे भी हैं हाल ही में उन्होंने अपना 11 साल पुराना रिश्ता खत्म कर लिया था। स्पेन पिछले एक दशक में लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे फुटबॉल सितारों पर करों का पूरा भुगतान नहीं करने के लिए कार्वाई कर चुका है। दोनों खिलाड़ियों को चोरी का दोषी पाया गया और उन्हें जेल की सजा मिली थी।

## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 38 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट आई और धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में नुकसान से सेंसेक्स करीब 38 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों के बाजार से पैसा निकालने की वजह से निवेशक सतर्क बने हुए हैं। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स एक समय 560 अंक तक उछल गया था। लेकिन अंत में यह केवल 37.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,107.52 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 8.90 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 17,007.40 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील सबसे ज्यादा 2.25 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक तथा एचडएफसी लि. नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, डॉ. रेड्डीज, एचसीएल टेक और नेस्ले इंडिया शामिल हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सुरक्षित माने जाने वाले डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। इससे घरेलू बाजार में गिरावट जारी है। हाल में बैंक और वाहन शेयर लाभ में रहे थे, लेकिन अब उनमें भी गिरावट का रुख है। आईटी और दवा कंपनियों के शेयर मजबूती दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, कच्चे तेल के दाम में नरमी है। हालांकि यह आशंका है कि तेल निर्यातक देशों के संगठन और उनके सहयोगी देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी को देखते हुए उत्पादन में कटौती कर सकते हैं। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। कोटक सिक्योरिटीज लि. में इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव रहा...धातु और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली जारी रही।

## एडीबी एशिया-प्रशांत क्षेत्र में खाद्य संकट से निपटने के लिए 14 अरब डॉलर देगा

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि वह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में गहराते खाद्य संकट से पार पाने में मदद के लिए 2025 तक संबंधित परियोजनाओं के लिए 14 अरब डॉलर देगा। एडीबी ने कहा कि क्षेत्र में गरीबी और खाने के सामान के बढ़ते दामों के कारण स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा खाना खाने से वंचित 1.1 अरब लोगों की मदद के लिए उसने व्यापक कार्यक्रम की योजना बनाई है। फिलिपीन स्थित बहुपक्षीय संस्थान ने सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की। एडीबी के अध्यक्ष मासत्सुगु असाकावा ने कहा, यह खाद्य संकट से पार पाने के लिए समय पर उठाया गया ऐसा कदम है जिसकी तत्काल जरूरत थी। इस संकट से एशिया में बहुत से गरीब परिवार खाने से वंचित हो रहे हैं और गरीबी में फंसते जा रहे हैं।

योजना में जलवायु परिवर्तन और जैवविविधता के नुकसान से पार पाने को लेकर खेती और खाद्य आपूर्ति को मजबूत करके दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर भी जोर दिया गया है। एडीबी ने कहा कि कोष का उपयोग खेती, खाद्य उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन तथा सामाजिक समर्थन से संबंधित मौजूदा और नई परियोजनाओं में किया जाएगा।

असाकावा ने कहा कि अल्पकाल में समर्थन का लक्ष्य संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित लोग यानी महिलाएं हैं। उन्होंने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आर्थिक परिदृश्य बदतर हुआ है। कई जिंसों के दाम बढ़े हैं और कई विकासशील देशों में मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट तथा ब्याज दर बढ़ने के कारण आर्थिक परिवेश कठिन हुआ है। एडीबी ने अपनी ताजा रिपोर्ट में क्षेत्र के लिए वृद्धि के अनुमान को कम कर 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 5.2 प्रतिशत था। अगले साल इसके 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

### चीन खुद को अलग-थलग महसूस करेगा भारत के लिए अवसर बढ़े : गौतम अडाणी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडाणी का मानना है कि बढ़ते राष्ट्रवाद और आपूर्ति श्रृंखला और प्रौद्योगिकी से संबंधित अंकुशों के कारण चीन खुद को अलग-थलग महसूस करने लगेगा। चीन में प्रौद्योगिकी संबंधी प्रतिबंधों से दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को खतरा है। अडानी समूह के संस्थापक-चेयरमैन ने मंगलवार को सिंगापुर में एक सम्मेलन में कहा कि चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना का कई देशों में विरोध हो रहा है। मेरा अनुमान है कि वैश्वीकरण के चैंपियन के रूप में देखा जाने वाला चीन तेजी से अपने आपको अलग-थलग महसूस करेगा। बढ़ते राष्ट्रवाद, आपूर्ति श्रृंखला जोखिम और प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों का प्रभाव पड़ेगा। अडाणी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि ए सभी अर्थव्यवस्थाएं समय के साथ फिर से पटरी पर आ जाएंगी और मजबूती से वापसी करेंगी। इस बार अर्थव्यवस्था में वापसी अधिक कठिन लग रही है।

### अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने जयशंकर से वाणिज्यिक संबंधों, आईपीईएफ पर चर्चा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंधों और हाल में गठित हिंद-प्रशांत आर्थिक प्रारूप (आईपीईएफ) पर चर्चा की। बैठक के संबंध में अमेरिका द्वारा जारी बयान के मुताबिक रायमोंडो ने आईपीईएफ में भारत की भागीदारी और आईपीईएफ पर जयशंकर के विचारों का स्वागत किया। उन्होने जोर दिया कि इस पहल से आईपीईएफ के सभी सदस्यों को फायदा मिलना चाहिए। उन्होंने आगे की चर्चाओं में भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद जताई।

### राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर रिक्तियां 4.82 लाख के अबतक उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर सक्रिय उपलब्ध रिक्तियां सोमवार को 4.82 लाख के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एनसीएस पोर्टल को जुलाई, 2015 में शुरू किया था। इस पोर्टल के जरिए नौकरी चाहने के इच्छुक पात्र अभ्यार्थी संभावित नियोक्ताओं से संपर्क कर सकते है। एनसीएस इन अभ्यार्थियो की रोजगार की काबिलियत बढ़ाने मे भी मदद करता है। ऐसे लोगो को सलाह, व्यावसायिक निर्देशन और कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है।

### कैस्ट्रॉल ने मैकेनिक्स के लिये ट्रेनिंग शुरू की

**नई दिल्ली।** ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में मैकेनिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हालांकि नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज में मैकेनिक्स के पर्याप्त ढंग से प्रशिक्षित न होने से काफी दिक्कतें आती हैं। भारत की प्रमुख लुब्रिकेंट कंपनी कैस्ट्रॉल ने प्रासंगिक व्यावसायिक और सामाजिक पहलों से मैकेनिक समुदाय को लगातार सहयोग दिया है। मैकेनिक्स के कौशल को बढ़ाने के लिए और प्रदूषण.रहित तथा ज्यादा स्थायित्वपूर्ण यातायात को अपनाने में योगदान के लिये कैस्ट्रॉल इंडिया ने मैकेनिक्स के लिये एक अनूठा ट्रेनिंग प्रोग्राम पेश किया। इस पहल के बारे में कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप सांगवान ने कहा कि हमने व्यवसाय और सामाजिक लिहाज से विभिन्न पहलों द्वारा हमेशा मैकेनिक समुदाय को सहयोग दिया है, चाहे कैस्ट्रॉल सुपर मैकेनिक कॉन्टेस्ट हो या हमारा कैस्ट्रॉल एकलव्य। स्वतंत्र ऑटो मैकेनिक्स के लिये हमारे ट्रेनिंग प्रोग्राम्स खास तरीके से डिजाइन किये गये हैं, ताकि नई ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज पर उन्हें जानकारी दी जा सके और उन्हें बदलते ट्रेंड्स पर अपडेट रखने में मदद मिले।

### डिश टीवी के शेयरधारकों ने वित्तीय ब्योरे समेत चार प्रस्तावों को खारिज किया

**नई दिल्ली।** डिश टीवी के शेयरधारकों ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए वित्तीय लेखे-जोखे को स्वीकार करने तथा स्वतंत्र निदेशक राकेश मोहन की नियुक्ति समेत चार प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना मे कहा कि डिश टीवी ने 26 सितंबर को हुई सालाना आम बैठक मे छह प्रस्तावो पर शेयरधारकों से मंजूरी मांगी थी। इसमें 2021-22 और 2022-23 के लिए कॉस्ट आडिटर के पारितोषिक को मंजूरी दे दी गई। शेयरधारकों ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए एकल और एकीकृत आधार पर वित्तीय ब्योरे को स्वीकार करने तथा निदेशक मंडल और ऑडिटर की रिपोर्ट की मंजूरी से जुड़े साधारण प्रस्तावों को खारिज कर दिया। इसके अलावा शेयरधारकों ने वॉकर चांडिओक एंड कंपनी एलएलपी के स्थान पर एस एन धवन एंड कंपनी एलएलपी को वैधानिक ऑडिटर नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। सूचना के अनुसार शेयरधारकों ने राकेश मोहन को गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किए जाने के विशेष प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया।

### मोबिल ने विक्रम वेधा के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** भारत में इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड मोबिल ने बहुप्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज़ होने जा रही है। ऋतिक रोशन, सैफअली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देनेए उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और ग्राहकों को उनकी असली क्षमता पहचानने की अपनी ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है। विक्रम वेधा एक ऐक्शनथ्रिलर है जिसके लेखक और डायरेक्टर पुष्करगायत्री हैं। विक्रम वेधा की कहानी कई रोमांचक ट्विस्ट और टर्न्स से भरी है क्योंकि इसमें एक कड़क पुलिस ऑफिसर विक्रम सैफअली खान एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा ऋतिक रोशन का पता लगाने और उसका पीछा करने के लिए तैयार है। अंत में यह बिल्ली और.चूहे की दौड़ साबित होती है। इस सहयोग के विषय में एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओए विपिन राणा ने कहा कि अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में सपोर्ट करने के लिए हमारी मजबूत प्रतिबद्धता ही वह बुनियादी मूल्य है जो हमारे बिजनेस को परिभाषित करता है।

## भारत में गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध से सिंगापुर में आटा हुआ महंगा

**सिंगापुर।** भारत में गेहूं निर्यात पर मई से प्रतिबंध लागू होने का असर सिंगापुर के भोजनालयों में दिखाई दे रहा है। खासतौर से रोटी पसंद करने वाले पंजाबी समुदाय को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। सुपरमार्केट श्रृंखला फेयरप्राइस ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में मांग बढ़ने के कारण गेहूं के आटे की आपूर्ति कम रही है। भारत में गेहूं और आटे के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण ए स्थिति हो सकती है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार फेयरप्राइस के आपूर्तिकर्ता अब श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका जैसे विभिन्न देशों से गेहूं का आटा मंगवा रहे हैं।

### टैली सोल्युशन्स10 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले एमएसएमई को ई-इनवॉयसिंग अपनाने में देगा सहयोग

**कानपुर।** 10 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिज़नसेज़ के लिए ई इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम दिनांक करीब आ रही हैए ऐसे में टैली सोल्युशन्स, पूरी तरह से कनेक्टेड सोल्युशन टैली प्राइम के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी कानपुर के बिज़नसेज़ को इसके बारे में हर ज़रूरी जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिज़नसेज़ कम्प्लायन्ट बने रहें। कानपुर के एमएसएमई लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए 360 डिग्री कैंपेन की शुरूआत की गई है, जिससे सैंकड़ों बिज़नसेज़ को ई इनवॉयसिंग ई वे बिलए ऑडिट ट्रेल आदि को समझने में मदद मिलेगी, वह जान सकेंगे कि किस तरह टेक्नोलॉजी के ज़रिए वे आसानी से ई इनवॉयसिंग को अपना सकते हैं और साथ ही साथ अपने बिज़नेस की उत्पादकता में सुधार ला सकते हैं। अर्चन मुखर्जी जनरल मैनेजर ईस्ट ज़ोन, टैली सोल्युशन्स ने कहा कि भारत सरकार ने 1 अक्टूबर से 10 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले बिज़नसेज के लिए ई इनवॉयसिंग अपनाना ज़रूरी कर दिया है, यह बिज़नसेज़ के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## गूगल इंडिया की नीति प्रमुख अर्चना गुलाटी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** गूगल इंडिया की सरकारी मामलों और सार्वजनिक नीति की प्रमुख अर्चना गुलाटी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह सरकारी सेवा छोड़ने के बाद सिर्फ पांच महीने पहले गूगल के साथ जुड़ी थीं। अर्थशास्त्र स्नातक और आईआईटी दिल्ली से पीएचडी गुलाटी इससे पहले नीति आयोग में संयुक्त सचिव (डिजिटल संचार) थीं। नीति आयोग एक सरकारी थिंक टैंक है, केंद्र सरकार को नीति पर सलाह देता है। मामले से परिचित सूत्रों ने बताया कि गुलाटी ने गूगल इंडिया से इस्तीफा दे दिया है। इस बारे में संपर्क करने पर गुलाटी और गूगल, दोनों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अभी तक यह पता नहीं चला है कि उन्होंने गूगल से इस्तीफा क्यों दिया। गुलाटी का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब गूगल भारत में कई मामलों और सख्त तकनीकी नियमन का सामना कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), जहां गुलाटी ने पहले काम किया था, स्मार्ट टीवी बाजार में गूगल के व्यापार आचरण, इसके एंड्रॉइड ऑपरेटिंग सिस्टम और साथ ही ऐप भुगतान प्रणाली की जांच कर रहा है।

### पूरे पूर्वोत्तर को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा: चंद्रशेखर

**कोहिमा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि पूरे पूर्वोत्तर को 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा और नगालैंड के हर हिस्से में इंटरनेट की सुविधा होगी। चंद्रशेखर ने नगालैंड की तीन दिन की यात्रा के अंतिम दिन दीमापुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी भारतीयों को जोड़ने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में नगालैंड और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में 4जी इंटरनेट होगा। उन्होंने कहा, नगालैंड के हर हिस्से को इंटरनेट की सुविधा मिलेगी, जिसमें बीएसएनएल और निजी कंपनियां अहम भूमिका निभा रही हैं। दीमापुर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक बैठक में केंद्रीय उद्यमिता और कौशल विकास राज्यमंत्री चंद्रशेखर ने जोर देकर कहा कि किसी भी जिले के लिए कौशल प्रयासों को क्षेत्र के युवाओं की पसंद के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

## पूनावाला ने टीकों के वैश्विक प्रमाणीकरण के लिए पहल की

**सिंगापुर।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसे बहुपक्षीय संगठनों को किसी अन्य महामारी से पूर्व टीकों के प्रमाणीकरण पर सामंजस्य स्थापित करना चाहिए। पूनावाला ने सोमवार को सिंगापुर में फोर्ब्स ग्लोबल सीईओ सम्मेलन में यह स्पष्ट करते हुए कहा, मैं इसका (ऐसी प्रमाणन संधि) प्रस्ताव कर रहा हूं। उन्होंने यहां सम्मेलन से इतर कहा, संयुक्त राष्ट्र और डब्ल्यूटीओ जैसे बहुपक्षीय संगठनों को टीकों के प्रमाणन में सामंजस्य स्थापित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

### डीलरों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** केएसबी लिमिटेड ने एक होटल में दिल्ली नॉर्थ ज़ोन डीलर सम्मेलन का आयोजन किया। यह आयोजन वर्ष 2021 के लिए कंपनी के प्रदर्शन का जश्न मनाने और भविष्य के विकास के लिए योजनाबद्ध रणनीतिक पहलू पर चर्चा करने के लिए आयोजित किया गया था। केएसबी लिमिटेड की प्रबंधन टीम के साथ दिल्ली वेस्टर्न यूपी हरयाणा और उत्तराखंड राज्य के कृषि और घरेलू श्रेणी के प्रमुख डीलरों ने सम्मेलन में भाग लिया। कठिन कोविड स्थिति के बावजूद वर्ष 2021 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीलरों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए केएसबी लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर फारूख भथेना ने कहा केएसबी का ध्यान हमेशा उत्पाद नवाचार और ऐसे उत्पादों को लाने पर रहा है जो कम से कम लागत पर अधिक व्यापक मांग को पूरा करते हैं।

### अयोध्या में लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण आज

# कार्यक्रम से प्रधानमंत्री भी जुड़ेंगे वर्चुअली

## रामनगरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लता मंगेशकर चौराहे का करेंगे लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या

**प्रदेश** सरकार द्वारा अयोध्या में सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर बने स्मृति चौक का लोकार्पण समारोह बुधवार को आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली लोकार्पण समारोह से जुड़ेंगे जबकि अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौराहे का लोकार्पण करेंगे।लोकार्पण समारोह में केंद्रीय मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जी किशन रेड्डी भी शामिल होंगे। लता मंगेश्कर चौक के उद्घाटन समारोह में उनके भतीजे आदित्य मंगेशकर व बहू कृष्णा भी आ रहे हैं। लोकार्पण समारोह सुबह 10रू50 बजे शुरू होकर अपराह्न 12रू25 तक चलेगा।लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जी किशन रेड्डी द्वारा किया जाएगा। इसके बाद सभी अतिथि रामकथा पार्क पहुंचेंगे। जहां लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर रामकथा पार्क में भव्य मंच एव पंडाल सजाया गया है। यहां लता मंगेशकर के भजनों की प्रस्तुति प्रख्यात गायिका सावनी रविंद्र द्वारा किया जाएगा। लता मंगेशकर चौक के निर्माण को दर्शाती एक लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी। वहीं अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इंसाइक्लोपीडिया ऑफ रामायण की 11 पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में ही प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश भी प्रसारित किया जाएगा। समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास व प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित संत.धर्माचार्य भी मौजूद रहेंगे। लोकार्पण समारोह की तैयारियों में प्रशासन जुटा हुआ है। डीएम नितीश कुमार व विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में मानक के अनुसार मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की ड्युटी लगायी गयी है। यहां सायं 06 बजे सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री सावनी रवीन्द्र द्वारा लता स्वरांजलि की प्रस्तुति की जायेगी। जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा इसकी व्यापक समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से अन्य महानुभावों के अलावा पत्रकार को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया हैए तथा सायं आयोजित स्वरांजलि कार्यक्रम का अवलोकन करें। इस क्रम में उपनिदेशक सूचना ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए मीडिया को अलग से कोई पास जारी नही किया जा रहा है। अपने मान्यता कार्ड एवं संस्थान द्वारा जारी परिचय पत्र के आधार पर मानक के अनुसार कवरेज करेंगे और सूचना विभाग की टीम भी मौके पर उपस्थित रहकर सहयोग करेगी। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का अयोध्या आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री जी का मुख्य कार्यक्रम अयोध्या परिक्षेत्र स्थित नयाघाट पर भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का लोकार्पण है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संस्कृति पर्यटन मंत्री जी0 किशन रेड्डी व उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह आदि अतिथि आ रहे है। यह कार्यक्रम रामकथा पार्क में दिनांक 28 सितम्बर 2022 को लगभग 10:30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को सुचार रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज राम कथा संग्रहालय के सभागार में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंहए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त वर्मा ने कार्यक्रम हेतु तैनात किये गये मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों के साथ तैयारियों के सम्बंध में बैठक आहुत की गयी हैए जिसमें तैनात किये गये मजिस्ट्रेटो एवं पुलिस अधिकारियों को ड्युटी के दौरान निर्धारित किये गये कर्तव्यों को व्यापक रूप से ब्रीफ किया गया तथा निर्देश दिया गया कि सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपने ड्युटी स्थल को तब तक नही छोड़ेंगे जब तक कि मा0 मुख्यमंत्री जी का प्रस्थान न हो जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर श्री मधुवन सिंहए अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेलए अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंहए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री महेन्द्र कुमार सिंहए अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव श्री सत्येन्द्र सिंहए अपर नगर आयुक्त श्री शशिभूषण रायए उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह सहित सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारीगण के अलावा अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### धरना दे रहे किसानों पर हमले का मामला

# भाजपा जिलाध्यक्ष समेत 150 पर मुकदमा दर्ज

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा से सटे कासगंज जिले में कथित रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े एक ग्राम प्रधान के जरिए रिश्वत लेने के आरोपी दारोगा के खिलाफ सदर कोतवाली में धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष समेत 150 लोगों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले को लेकर काफी देर तक बवाल मचा रहा ओर इस दौरान किसानों ने कासगंज कोतवाली का घेराव किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि किसानों का आरोप है कि कासगंज सदर कोतवाली में तैनात भूदेव नामक एक दारोगा ने कुछ दिन पहले एक ग्राम प्रधान के माध्यम से एक किसान से रिश्वत ली थी। कुमार ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है और इसी मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के कार्यकर्ता कोतवाली के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं इसमें कुछ बाहरी लोग थाने पर आए तो उनके तथा किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। इसमें जो भी लोग शामिल होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। किसी को भी माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। आरोप है कि वह ग्राम प्रधान भाजपा से जुड़ा है। इस मामले में मंगलवार को दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे और कई किसान सोमवार रात करीब 10 बजे कासगंज कोतवाली पर धरने पर बैठे थे तभी भाजपा जिला अध्यक्ष के. पी. सिंह सोलंकी और स्थानीय नेता डी. एस. लोधी सहित दर्जनभर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर हमला कर दिया जिससे पांडे समेत कई किसानों को गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष के. पी. सिंह सोलंकी और डी. एस. लोधी समेत 150 लोगों के खिलाफ बलवा, उपद्रव, हमला और लूट करने तथा चोट पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण शर्मा ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पांडे गंभीर रूप से घायल हैं और उनका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ समुचित कार्यवाही नहीं की तो यूनियन कार्यकर्ता कासगंज में एक बड़ी पंचायत कर भविष्य की रणनीति तय करेंगे। शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर यूनियन अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं से कासगंज आने की अपील की है।

## कई पीढ़ियों का कल्याण करती है भागवत कथाः रामानुजदास

**सुलतानपुर।** श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से एक पीढ़ी नहींए कई पीढ़ियों का कल्याण होता है। जब पुण्य का उदय होता है तब धर्म के प्रति रुचि होती है। यह उद्गार मध्य प्रदेश के सागर जिले से पधारे रामानुजदास राकेश भाई जी महाराज ने व्यक्त किया। वे मंगलवार को चौकिया गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा के प्रथम दिवस राजा परीक्षित की कथा सुना रहे थे। कथा का श्रवण करने पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान सांसद मेनका गांधी भी पहुंची। उन्होंने कथाव्यास की आरती उतारी और पूजन.अर्चन किया'। लम्भुआ-दुर्गापुर रोड पर स्थित चौकिया गांव में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। कथाव्यास रामानुज दास महाराज ने प्रथम दिवस महाराज राजा परीक्षित की कथा सुनाई। उन्होंने काल को नजदीक देख राजा परिच्छित द्वारा श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का विनय किए जाने का मार्मिक वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रेम सरोवर में डूबने वाले लोग भक्ति के साथ कथा में गोते लगाते हैं। कथा के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे आचार्य गोविंद देव तिवारी, मुख्य यजमान राम जन पांडेय, रामचेत शुक्ल, तुलसीराम शुक्ल, कमला पांडेय, मोहन सिंह समेत बड़ी संख्या में भागवत प्रेमी मौजूद रहे। वहीं शाम करीब पांच बजे क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी कथास्थल पर पहुंची। कथा आयोजक राम जन पांडेय ने सपरिवार सांसद मेनका गांधी का स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने व्यासपीठ की आरती उतारी। उनके साथ विजय त्रिपाठी, रंजीत सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### मंदिर परिसर में मिला साधु का शव, हत्या की आशंका

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के जैत क्षेत्र के सुनरख मार्ग स्थित चामड़ देवी मंदिर परिसर मे मंगलवार की सुबह एक साधु का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणो ने साधु की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूलरूप से मध्यप्रदेश के चित्रकूट के रीवां के रहने वाले 55 वर्षीय सुधाकर दास उर्फ लाल बाबा जैत गांव स्थित बुर्ज वाली माता के मंदिर मे रहते थे और नवरात्रि शुरू होने पर वह मंदिर पर अखंड ज्योति जलाकर माता की पूजा अर्चना करने गए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर में एक तख्त पर उनका शव पाया गया। सूत्रों के मुताबिक ग्रामीणो ने साधु की हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि जिस जमीन पर वह मंदिर बना है, उसे लेकर पिछले कुछ समय से विवाद था। ग्रामीणों का दावा है कि इसे लेकर साधु को भी धमकी दी जा रही थी।

### घर-घर बैंकिंग सेवाओं के साथ मन रहा अमृत महोत्सव

**लखनऊ।** वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक इकाई महाग्राम ने फ़िनटेक सॉल्यूशंस के माध्यम से हर कोने के ग्रॉसरी स्टोर के ज़रिये बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। कंपनी का मिशन ग्रामीण महिलाओं को पास की बैंक शाखा तक जाने के लिए मीलों यात्रा करने के बजाय आसपास के किराना स्टोर में पैसों की बचत करने योग्य बनाना है। श्री राम श्रीराम सीईओ महाग्राम के नेतृत्व में कंपनी ने नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने का पोर्टल ग्रामसेवक डॉट कॉम लॉन्च किया है, ताकि देश के ग्रामीण व शहरी इलाकों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग और ई.गवर्नेंस सेवाएं उनके घर तक उपलब्ध कराई जा सकें। ये सभी चीज़ें डिजिटल सेवाओं से युक्त प्रतिनिधि यानी महाग्राम सेवक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी को उम्मीद है कि ग्रामसेवक प्रोजेक्ट के अंतर्गत करीब 10 लाख बेरोज़गार युवा पंजीकरण करा सकेंगे जिससे उन्हें नियमित आय का स्रोत मिल सकेगा।

### बांदा में 48 घंटे में दूसरी शर्मनाक घटना

## पिता ने किया नाबालिग बेटी से दुष्कर्म फिर 60 हजार में बेच दिया



**बांदा।** जिले में 24 घंटे में दूसरी रिश्तों को शर्मशार कर देनी वाली घटना सामने आई हैए जिसको सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे। शराबी पिता ने नशे की हालत में बेटी के साथ बलात्कार किया उसके बाद उसे एक भठ्ठे के मुनीम को 60 हजार में बेच दिया जो नाबालिग को पत्नी बनाकर रखता था। लड़की के आरोप लगाने के बाद पुलिस ने पिता को हिरासत में ले लिया है। बेटी की जवानी को देखते हुए नशेड़ी शराबी पिता ने बेटी के साथ स्वयं दुष्कर्म किया और अपनी बेटी को ईट भट्ठा मालिक मुनीम के हाथ ?60000 में बेच दिया वह मुनीम बेटी को बंधक बनाकर लगातार दो वर्ष से उसके साथ बलात्कार कर रहा था लड़की नाबालिक थी इस बात की जानकारी इसकी मां को भी थी माने उसमें कोई भी हस्तक्षेप नहीं किया आखिर क्यों क्या गरीबी का कारण था या फिर जानबूझकर उन्होंने सबको भेज डाला छोटे भाई को ?6000 में फतेहपुर के किसी व्यक्ति के हाथ भेज दिया जो उसे मार मार कर काम कर आता है उसका बहुत ही शोषण कर रहा है भाई बहुत परेशान है ऐसा आरोप उसकी पीड़िता बेटी अपनी आपबीती पर सुनाया बेटी ने बताया कि पिता के साले अर्थात उसके मामा का नंबर पाकर फोन किया तो मामा कालिंजर बांदा निवासी मौके पर पहुंचकर 2 वर्ष से बंधक बनी बेटी को रिहा कराया बांदा आने के बाद बेटी ने पुलिस को आपबीती सुनाई पुलिस उपाधीक्षक नगर अंबुजा जी ने स्वत संज्ञान लेते हुए तत्काल मुकदमा पंजीकृत कराया बेटी को बेचाना उसके साथ बलात्कार करना और फिर उसका सहयोग करते हुए 2 वर्ष तक उस मुनीम के द्वारा बंधक बनाकर बलात्कार किया जाता रहा इन सभी की टीम बनाकर जांच व्यापक तरीके पर शुरू कर दी गई है धरपकड़ जारी है लड़के को भी उस से मुक्त कराया जाएगा बंधुआ मजदूरी एक्ट के तहत इन लोगों के खिलाफ मुकदमे कायम होंगे और जो इन्होंने यौन शोषण किया है उसकी भी धाराएं लगेंगी सब अपराधी बहुत जल्द होंगे जेल के अंदर।

## नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की माँ ब्रह्मचारिणी की अर्चना



वाराणसी। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन दुर्गाघाट स्थित भगवती ब्रह्मचारिणी देवी के दरबार में अलसुबह से देर रात हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका एवं मॉ को नारियल-चुनरी, सिन्दूर, प्रसाद आदि चढ़ाया। मॉ ब्रह्चारिणी देवी के दर्शन की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं ने मंगलवार की भोर से लाइन में लग गये, जैसे ही मॉ की मंगला आरती खत्म हुई दरबार खुला और हजारों नर-नारियों मॉ का जयकारा लगाते हुए गर्भगृह में पहुँचकर दर्शन पूजन किया एवं सुख-समृद्धि के लिए मॉ से आर्शीवाद मांगा। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। मॉ ब्रह्चारिणी देवी के दर्शन-पूजन के लिए देर रात तक भीड़ लगी रही। नवरात्र के तीसरे दिन मॉ चन्द्रघंटा देवी के दर्शन-पूजन का महात्म्य है। इनका मंदिर चौक स्थित लक्खी चौतरा गली में स्थित है।

### एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन



**वाराणसी।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय और भारत के सारे विश्वविद्यालय महाविद्यालय में फ़ीस वृद्धि के खिलाफ वाराणसी एनएसयूआई कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंकने का प्रयास किया पर पुलिस प्रशासन ने बल का प्रयोग कर छात्रों के साथ छीन झपटी करते हुए पुतला को छीन लिया। छात्रसंघ महामंत्री प्रभु पटेल ने कहा कि जिस तरह भाजपा सरकार लगातार महंगाई का मार जानता पर कर रही हैं इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अब छात्रों की फीस जिस तरह वृद्धि की जा रही हैं इससे साफसमझ आता हैं कि नरेन्द्र मोदी छात्र विरोधी हैं। जिलाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार की हम नौजवान दिखा देंगे की सरकार कैसे गिराई जाती हैं अगर फीस वृद्धि को वापस नही लिया गया तो हम सब एनएसयूआई के साथी बड़े से बड़ा आंदोलन करेंगे ।।महानगर अध्यक्ष संदीप पाल ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के हित मे कार्य करती आई हैं आज के समय मे जिस तरह शिक्षा मंत्री से फीस में वृद्धि किया हैं ये साफसमझ आता हैं कि ये छात्रों को रोजगार नही देना चाहते हैं और भारत से शिक्षा की खत्म करना चाहते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई के प्रदेश सचिव हरिकेश हेरी, जिलाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय,महानगर अध्यक्ष संदीप पाल, छात्रसंघ महामंत्री प्रभु पटेल,इकाई अध्यक्ष लोरिक यादव, छात्र नेता नीरज पाण्डेय, जिला महासचिव सूजन खान, सुमित सिंह,मानिक यादव,जितेन्द्र, दीपेंद्र, हिमांशु पाण्डेय उपस्थित रहे ।

### मॉक इंटरव्यू कार्यशाला में अभ्यर्थियों ने दिखाया उत्साह

**वाराणसी।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा के आगामी साक्षात्कार चरण की तर्ज पर उत्कर्ष क्लासेस द्वारा डॉ. सम्पूर्णानन्द मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सात दिवसीय मॉक इंटरव्यू कार्यशाला का पहला दिन अभ्यर्थियों के जोश व उत्साह से भरा रहा। सोमवार, 26 सितंबर को कार्यशाला के औपचारिक उद्घाटन सत्र के दौरान साक्षात्कार विशेषज्ञ एवं प्रेरक वक्ताओं के रूप में मौजूद पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों व शिक्षाविदों ने अभ्यर्थियों से रूबरू होकर वास्तविक साक्षात्कार के बारे में अपने व्यक्तिगत अनुभवों को उनके साथ साझा किया।


## रन फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

**विश्व** पर्यटन दिवस के अवसर पर वाराणसी टूरिज्म गिल्ड द्वारा रन फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म दौड़ में गिल्ड के सदस्य शामिल हुए। नदेसर स्थित होटल से दौड़ को डिप्टी डायरेक्टर यूपी टूरिज्म प्रीति श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। टूरिस्ट सदस्यों की दौड़ शास्त्री घाट पहुंच कर संपन्न हुई। इस यात्रा में टूरिज्म से जुड़े छात्र , छात्राओं, गाइड बंधु, ड्राइवर बंधु, होटल के सदस्य, टूर ऑपरेटर,नाविक, वाराणसी टूरिज्म गिल्ड के सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रीति श्रीवास्तव ने हुए कहा कि इस तरह के कार्यों से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और भारत में आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में पंकज सिंह,अनिल त्रिपाठी,सुभाष कपूर,प्रवीण मेहता,राशिद खान,राजीव रंजन श्रीवास्तव, नाडर जी,शिव त्रिपाठी,विवेक तिवारी,जितेंद्र सिंह,अजय सिंह, जैनेंद्र राय, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### विश्व पर्यटन दिवस पर हुई इंडिया असिस्ट ट्रैवल असिस्टेन्स की लॉचिंग

वाराणसी-2019 में लॉन्च किया गया इंडिया असिस्ट जो पेटेंटेड एवं भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शोकेस स्टार्टअप है अब सभी स्वदेशी एवं अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों को विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने के लिए टैव्रल असिस्टेन्स सर्विसेज़ के रूप में बी2बी अवतार में फिर से लौट रहा है जो होटलों ट्रैवल एजेंट्स एवं एयरलाईन्स को कनेक्ट करते हुए यात्रियों को अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। इंडिया असिस्ट के संस्थापक हरीश खत्री ने बताया। दो सालों के दौरान महमारी के चलते बहुत से कारोबारो को अपने प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं में बदलाव लाना पड़ा। टेकनोलॉजी स्टार्ट-अप्स भी अलग नहीं हैं। इंडिया असिस्ट एक ऐसा ऐप्लीकेशन है जिसे भारत आने वाले विदेशी यात्रियों के लिए डिज़ाइन किया गया था जिन्हें यात्रा के दौरान किसी आपातकालीन सहायता (मेडिकल चोरी आदि या अन्य सहायता (जैसे भोजन खरीददारी आदि की ज़रूरत पड़ती थी। 2019 में लॉन्च की गई इस सर्विस को महामारी के चलते संकट का सामना करना पड़ा जब अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा पूरी तरह से रुक गई थी। किंतु सही मायनों में भारतीय कंपनी होने के नाते इंडिया असिस्ट नहीं रुका और मार्च 2020 में महामारी के दौरान विभिन्न गंतव्यों में फंसें 3000 से अधिक विदेशी पर्यटकों को मुफ्त सेवाएं प्रदान करता रहा।



प्रयागराज में शहीद भगत सिंह की 115वीं जयंती पर छात्रों ने चंद्रशेखर आजाद को पुष्पांजलि अर्पित की

### भरोसे के साथ काफी अवधि तक चलने का वादा

**वाराणसी।** आज उद्योग का अध्ययन करने वालों का अनुमान है कि यूज़र्स लगभग ढाई सालों तक अपनी डिवाईस का इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों के व्यवहार में होने वाले इस परिवर्तन को देखते हुए ओप्पो ने ऐसी टिकाऊ डिवाईस बनाने के लिए अपने आरएंडडी प्रयासों को बल दिया, जो लंबे समय तक चल सकें।लंबी चलने वाली, सुरक्षित और तेजी से चार्ज होने वाली बैटरी स्मार्टफोन की उम्र बढ़ाने में बैटरी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ओप्पो के पास सुपरवूक फ्लैश चार्ज टेक्नॉलॉजी है और अब यह अपने प्रोप्रायटरी बैटरी हैल्थ इंजन (बीएचई) के साथ अपनी सीमाओं का विस्तार कर रहा है। बीएचई चिप में बेहतर सुरक्षा और परफॉर्मेंस के लिए स्मार्ट बैटरी हैल्थ एलगोरिद्म और बैटरी हीलिंग टेक्नॉलॉजी है।

## समीक्षा में उठा स्कूल ड्रेस के पेमेंट का मामला, डीएम ने बैंकों को दिए निर्देश

**बांदा।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आधार सीडिंग व फीडिंग की वजह से जूता, मोजा, ड्रेस की धनराशि विद्यार्थियों के अभिभावकों के खाते में भेजने में बैंक से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और डायरेक्ट बेनिफिट का लाभ नहीं हो पा रहा है। इस पर अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि एक फॉर्मेट भरकर एक फोटो के साथ आधार कार्ड की प्रतिलिपि बैंक में जमा करना होगा और ईकेवाईसी वेरिफिकेशन होना चाहिए। इसके पश्चात लाभार्थी आशीष सुखेजा ने अवगत कराया कि केनरा बैंक में ब्रेड की फैक्ट्री डालने के लिए लोन पत्रावली लंबित है और बैंक के वकील अवकाश पर हैए जिस पर जिलाधिकारी बांदा ने 7 दिवस के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। लाभार्थी अनवरी बेगम ने इंडियन बैंक ग्राम दुबरिया में पत्रावली लंबित होने की बात बताई और कहा कि



बैंक प्रबंधक जी टाल रहे हैं। लाभार्थी रविंद्र सिंह अतर्रा ने शिकायत किया कि इंडियन बैंक अतर्रा में तेल कारखाना लगवाने हेतु 07 लाख रूपये की लोन पत्रावली स्वीकृत करने हेतु प्रबंधक से मिला किंतु काम नहीं हो रहा है जबकि इसी शाखा का पुराना लोन में अदा कर चुका हूं।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी श्री अनुराग पटेल ने जमाऋण अनुपात कम होने पर नाराजगी व्यक्त कीए बैंक ऑफ इंडियाए एक्सिस बैंकए यू बी आईए एस बी आईए पंजाब नेशनल बैंक और यूको बैंक को सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए एवं एक्सिस बैंक से बैठक में प्रतिभाग ना करने पर एलडीएम को शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। कृषि क्षेत्र में केसीसी पशुपालकों एवं मत्स्य पालकों के कार्ड बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रवि का सीजन आ रहा है और बुवाई के समय को दृष्टिगत रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोन वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में खादी ग्रामोद्योग अधिकारी से जानकारी प्राप्त की गयी कि लाभार्थियों के लिए क्या कार्यवाही की गयीए उनके द्वारा कोई जानकारी न दिये जाने पर प्रतिकूट प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिये गये। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक पुष्कर कुमार नाबार्डए जिला प्रबंधक श्री गौतम एनएम के कोऑर्डिनेटरए डी0सी0एन0आर0एल0एम0 राघवेन्द्र तिवारी सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक डूडा अधिकारीए जिला उद्योग केंद्रए खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थीगण प्रतिभाग किए। अंत में जिलाधिकारी द्वारा अटल पेंशन योजना में शीर्ष योगदान प्राप्त करने पर बधाई दी गइ।

# हाथ खोलने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

- टी20 विश्व कप से पहले डैथ ओवरों में गेंदबाजी बेहतर करने पर जोर
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 आज



**भाषा।** तिरूवनंतपुरम

**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के जरिए भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले डैथ ओवरों की अपनी गेंदबाजी बेहतर करने और बल्लेबाजों को अच्छा अभ्यास देने के इरादे से उतरेगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि डैथ गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। भारतीय टीम को अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार की कमी खलेगी जिन्हें टी20 विश्व कप से पहले आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी अभी तक कोरोना संक्रमण से उबर नहीं सके हैं और वह तीनों मैच नहीं खेल पाएंगे। हर्षल पटेल चोट से उबरने के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में लौटे लेकिन 12 की औसत से रन दे डाले और उनका इकॉनामी रेट नौ से ऊपर रहा। विश्व कप के लिए स्टैंडबाय दीपक चाहर को पिछली श्रृंखला में मौका नहीं मिला और अब तीन मैचों मे तेज गेंदबाजों को रोटेट किए जाने पर वह खेल सकते हैं।अर्शदीप सिंह से स्लॉग ओवरों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी जो जसप्रीत बुमराह का साथ देंगे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैचों में पिच सपाट रहने के बाद तीसरे मैच में टर्निंग पिच पर युजवेंद्र चहल ने अच्छी गेंदबाजी की। आस्ट्रेलिया की पिचों को ध्यान में रखते हुए चहल अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेंगे। विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को मौका देने की बात रोहित शर्मा कर चुके हैं लिहाजा आर अश्विन को अंतिम एकादश में उतारा जा सकता है। बल्लेबाजी में केएल राहुल आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं चल सके और वह इसकी भरपाई इस श्रृंखला में करना चाहेंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा फॉर्म में हैं और राहुल को भी तेज गति से रन बनाने होंगे। दिनेश कार्तिक को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ आठ गेंद खेलने को मिली और रोहित पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय देने की जरूरत है। विश्व कप टीम में शामिल दीपक हुड्डा कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को उतारा जा सकता है। भारत ने घरेलू द्विपक्षीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को हराया नहीं है।आस्ट्रेलिया में विश्व कप के ग्रुप चरण में दोनों टीमों का सामना होगा लेकिन उसमें हालात अलग होंगे। दोनों टीमें इन तीन मैचों में अपनी कमजोरियों का पता करके उन पर मेहनत कर सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी ने कहा , आस्ट्रेलिया में पिचें अलग होंगी और मैदान बड़े होंगे लेकिन गेंदबाज को हमेशा अपने प्रदर्शन पर काम करते रहना चाहिए। भारतीय बल्लेबाजों को आजमाने का यह सुनहरा मौका होगा।

## भारत में नई गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा: बावुमा



**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचो की टी20 श्रृंखला से पहले कहा कि उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी के शुरुआती ओवरो मे स्विंग होती तेज गेंदो का सामना करने की होगी। बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच मे हार का सामना करने के बाद तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को 2-। से जीतने पर भारतीय टीम की तारीफ की। ऑस्ट्रेलिया मे अगले महीने से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह श्रृंखला दोनो देशों के लिए काफी अहम है। बावुमा ने श्रृंखला की शुरुआत की पूर्व संध्या पर कहा, (भारत में) नई गेंद के गेंदबाजो का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। वे गेंद को काफी अधिक स्विंग करते है। हम दक्षिण अफ्रीका मे जिन परिस्थितियो के आदी है यहां भारतीय गेंदबाज उससे ज्यादा गेद को स्विंग कराते है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज ज्यादा प्रभावित नही कर सके। तीसरे टी20 मैच मे जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार ने सात ओवर मे 79 रन लुटाए।

## कोहली का पावरगेम लौट रहा है : मांजरेकर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली का पावरगेम धीरे धीरे लौट रहा है और टी20 विश्व कप से पहले वह चिर परिचित लय मे आ रहे है। कोहली ने करीब तीन साल तक खराब फॉर्म से जूझने के बाद एक महीने का ब्रेक लिया था। वह एशिया कप मे फॉर्म मे लौटे और भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। इसके बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया। मांजरेकर ने स्पोटर्स 18 के स्पोर्ट्स ओवर द टॉप शो पर कहा , एशिया कप के हर मैच से उन्होंने रन बनाए और सिर्फ रन ही नही बनाए बल्कि प्रदर्शन मे सुधार भी हुआ है। मुझे लगता है कि पावरगेम लौट आया है। उसका अपने पावरगेम पर भरोसा लौट रहा है। एक समय था जब उसके रन बन रहे थे लेकिन पावरगेम नही लौट रहा था। अब वह लौट रहा है। उन्होंने कहा कि वह अच्छे चौके छक्के लगा रहे है जो अच्छा संकेत है। वह अच्छी गेंदो पर चौके छक्के लगा रहा है और यह आत्मविश्वास से आता है। यह ऐसा खिलाड़ी है जिसका आत्मविश्वास जबर्दस्त है और इसी से वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करता आया है लेकिन लंबे समय से रन नही बन रहे थे जिससे उसका आत्मविश्वास हिल गया था। तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए।

## ओस के कारण लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहे: राठौड़

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**टी20** अंतरराष्ट्रीय मैचों में लक्ष्य का बचाव करते हुए भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने आश्चर्यजनक रूप से ओस को इसका एक कारण बताया जबकि हाल ही में संपन्न एशिया कप के दौरान ऐसा नहीं था। एशिया कप के सुपर चार चरण से भारत ने छह टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं और उनमें से तीन में उसे हार और तीन में जीत मिली। भारत को पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों हार का सामना लक्ष्य का बचाव करते हुए करना पड़ा। राठौड़ के दावों के विपरीत दुबई में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद मीडिया से बात करने वाले भारतीय टीम के किसी भी सदस्य ने इसके लिए ओस को जिम्मेदार नहीं ठहराया जिससे स्कोर का बचाव करना मुश्किल हो गया है। राठौड़ ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, हम लक्ष्य का बचाव करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन हमारे गेंदबाजों के लिए निष्पक्ष रहूं तो टॉस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर बार जब हम लक्ष्य का बचाव करने में विफल रहे तो ए वे स्थान थे जहां ओस होती है जिससे लक्ष्य का पीछा करना आसान हो जाता है। राठौड़ शायद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में हुए मुकाबले का संदर्भ देना चाह रहे थे जहां भारत 200 से अधिक के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाया था। वह गेंदबाजों के प्रति सहानुभूति रखते हैं जिन्हें पिछले कुछ समय में आलोचना का सामना करना पड़ा है। भारत के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज ने कहा, मैं गेंदबाजों के प्रति कठोर रुख नहीं अपनाऊंगा क्योंकि वे मैच को आखिरी ओवर तक ले जाने में सक्षम रहे हैं, हर बार, जब हम लक्ष्य का बचाव कर रहे थे। निश्चित रूप से हम बहुत अच्छा कर रहे हैं लेकिन उम्मीद है कि हम बेहतर होंगे। बल्लेबाजी कोच इस बात से भी सहमत नहीं थे कि भारत पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पर्याप्त बड़े लक्ष्य नहीं दे पा रहा है।

### पार्मा लेडीज ओपन में सक्कारी और स्टीफेंस ने जीत दर्ज की

**पार्मा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने यूक्रेन की कैटरीना बेडल को 6-7, 6-2, 6-3 से हराकर पार्मा लेडीज ओपन टेनिस के दूसरे दौर मे प्रवेश कर लिया। सक्कारी को लाल क्लेकोर्ट के इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड मिला है। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर मे हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अमेरकी ओपन 2017 चैम्पियन स्लोएने स्टीफेंस ने 121वीं रैंकिंग वाली मैगडालीना फ्रेच को 3-6, 6 -3, 6-4 से हराया जबकि छठी वरीयता प्राप्त अना बोगडेन ने लौरा पिगोसी को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। अन्ना कैरोलीना ने रेका लुका जानी को 6-2, 6-4 से हराया।

### इटली नेशंस लीग फाइनल्स में, इंग्लैंड और जर्मनी ने ड्रॉ खेला

**लंदन।** लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई नही कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2-0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे। इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड मे होने वाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार मे जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमे शामिल होगी जिन्हें मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3-3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों मे से एक भी जीत नही सका है और नेशंस लीग में निचले चरण मे खिसक गया। वही जर्मनी ने सात मे से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए3 मे 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

### चेन्नइयिन ने केरल के खिलाड़ी प्रशांत से करार किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नइयिन एफसी ने केरल के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी प्रशांत के. को 2022-23 सत्र के लिए टीम मे शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। कोझिकोड का 25 साल का यह खिलाड़ी इससे पहले पांच साल तक केरल ब्लास्टर्स एफसी टीम का हिस्सा था। प्रशांत ने अपने पेशेवर करियर में अब तक 76 मैच खेले है। उन्होने इस दौरान तीन गोल किए और तीन गोल करने मे साथी खिलाड़ियों की मदद की। उन्होंने 2017 में आई-लीग टीम चेन्नई सिटी के साथ पेशेवर करियर का आगाज किया और फिर केरल ब्लास्टर्स से जुड़े। प्रशांत ने क्लब से जारी विज्ञप्ति में कहा, मै इस क्लब का हिस्सा बनकर वास्तव मे खुश और अभिभूत हूं। मै यहां अपना 100 प्रतिशत देने आया हूं। एआईएफएफ एलीट अकादमी में खेल के गुर सीखने वाले प्रशांत ने अंडर-17 और अंडर-20 स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

### आईओए–आईओसी की बैठक सार्थक रही, गतिरोध पर समाधान की संभावना: सूत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अधिकारियों के बीच मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लुसाने में बैठक सार्थक रही और सूत्रों के अनुसार दिसंबर से पहले आईओए के चुनाव कराने के लिए के संविधान में संशोधन का प्रस्ताव लाया जा सकता है। आईओसी ने इस महीने के शुरू मे आईओए को दिसंबर तक चुनाव कराने या फिर प्रतिबंध झेलने की चेतावनी दी थी। आईओसी ने मंगलवार को संयुक्त बैठक बुलाई थी ताकि आईओए के चुनाव का खाका तैयार करने के लिए ठोस समाधान पर सहमति बन सके। सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बैठक बहुत अच्छी रही। बैठक सार्थक रही।

# इंग्लैंड की भारत-पाक टेस्ट श्रृंखला की मेजबानी की पेशकश, बोर्ड का इंकार

**भाषा।** लंदन

**इंग्लैंड एवं** वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय टेस्ट श्रृंखला की मेजबानी करने की औपचारिक पेशकश की है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि निकट भविष्य में ऐसी कोई संभावना नहीं है। ब्रिटिश दैनिक टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष मार्टिन डार्लो ने मौजूदा टी–20 श्रृंखला के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ बातचीत की तथा भविष्य में तीन मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड के मैदानों पर आयोजित करने की पेशकश की। ईसीबी ने जहां अपने फायदे के लिए यह पेशकश की है वहीं बीसीसीआई ने इस पर कहा अगले कुछ वर्षों में ऐसी कोई संभावना नहीं है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मंगलवार को गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, पहली बात तो यह है कि ईसीबी ने भारत–पाक श्रृंखला को लेकर पीसीबी से बात की है जो कि थोड़ा अजीब है। किसी भी तरह से पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का फैसला बीसीसीआई नहीं बल्कि सरकार करेगी। अभी यथास्थिति बरकरार है। हम पाकिस्तान के खिलाफ केवल बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ही खेलेंगे। भारत और पाकिस्तान ने आखिरी बार द्विपक्षीय श्रृंखला 2012 में भारत में खेली थी। यह सीमित ओवरों की श्रृंखला थी जबकि दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट श्रृंखला 2007 में खेली गई थी। इन दोनों देशों के बीच तनाव पूर्ण राजनीतिक संबंधों को देखते हुए बीसीसीआई ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए मना किया है फिर चाहे वह स्वदेश में खेली जाए या विदेश में या फिर किसी तटस्थ स्थल पर। समाचार पत्र ने ईसीबी की इस पेशकश के कारण भी गिनाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ब्रिटेन में इन मैचों में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचेंगे क्योंकि यहां दक्षिण एशियाई देशों की काफी जनसंख्या है। इसके अलावा मैचों से मोटी प्रायोजन धनराशि की मिलेगी और टेलीविजन पर भी इन्हें काफी दर्शक देखेंगे। समाचार पत्र ने हालांकि साफ किया है कि यहां तक कि पीसीबी भी भारत के खिलाफ किसी तटस्थ स्थल पर खेलने का इच्छुक नहीं है लेकिन उसने ईसीबी का आभार भी जताया है, जिससे दोनों देशों के बोर्ड के बीच बढ़ती घनिष्ठता का पता चलता है।

### विश्व चैंपियन कार्लसन ने नीमैन पर धोखेबाजी का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** शतरंज विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने साथी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन पर उन्होंने जितना स्वीकार किया उससे अधिक धोखेबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ नहीं खेलेंगे जो इस तरह के गलत काम में लिप्त हो। कार्लसन ने सोमवार देर रात बयान जारी किया जिससे एक हफ्ते पहले वह जूलियस बेयर जेनरेशन कप में इस अमेरिकी के खिलाफ सिर्फ एक चाल के बाद मुकाबले से हट गए थे। इससे पहले नॉर्वे के 31 साल के कार्लसन नीमैन के खिलाफ हैरान करने वाली हार के बाद सेंट लुई में सिंकफील्ड कप से भी हट गए थे। कार्लसन ने लिखा, मेरा मानना है कि नीमैन ने हाल के समय में बहुत अधिक धोखेबाजी की है, जितना उसने सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है उससे भी अधिक। उसकी प्रगति असामान्य रही है और सिंकफील्ड कप में हमारी बाजी के दौरान मुझे यह अहसास हुआ कि वह बिलकुल भी तनाव में नहीं है और यहां तक कि अहम लम्हों पर खेल पर पूरी तरह से ध्यान भी केंद्रित नहीं कर रहा था।

# भारत ए ने न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराकर क्लीन स्वीप किया

**भाषा।** चेन्नई





**कप्तान** संजू सैमसन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद राज बावा की धारदार गेंदबाजी से भारत ए ने तीसरे अनौपचारिक एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड ए को 106 रन से हराकर श्रृंखला में विरोधी टीम का 3–0 से सूपड़ा साफ किया। भारत ए ने बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लेकिन कप्तान सैमसन (54), शारदुल ठाकुर (51) और तिलक वर्मा (50) के अर्धशतक के बावजूद टीम 49.3 ओवर में 284 रन बनाकर आउट हो गई। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ए की टीम अंडर–19 विश्व कप में भारत में की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों शामिल रहे बावा (11 रन पर चार विकेट), कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) और राहुल चाहर (39 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 38.3 ओवर में 178 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज डीन क्लीवर ने 83 रन की पारी खेली लेकिन उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। माइकल रिपोन 29 रन बनाकर टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड ए ने अंतिम पांच विकेट सिर्फ 22 रन जोड़कर गंवाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत को अभिमन्यु ईश्वरन (39) और राहुल त्रिपाठी (18) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। मैथ्यू फिशर (61 रन पर दो विकेट) ने ईश्वरन को क्लीवर के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। जो वॉकर (36 रन पर एक विकेट) ने त्रिपाठी को पगबाधा करके भारत ए का स्कोर 65 रन पर दो विकेट किया। कप्तान सैमसन और तिलक वर्मा ने तीसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। ए दोनों हालांकि जब टीम को मजबूत स्थिति में ले जा रहे थे तब रचिन रविंद्र (37 रन पर एक विकेट) ने वर्मा को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 62 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और तीन छक्के मारे।

### विश्व कैडेट शतरंज : भारत की शुभी गुप्ता और चार्वी को खिताब

**भाष।** बटुमी (जॉर्जिया)

**भारत की** शुभी गुप्ता और ए चार्वी ने मंगलवार को यहां फिडे विश्व कैडेट्स शतरंज चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों के अंडर–12 और अंडर-आठ वर्ग का खिताब जीता। गाजियाबाद की रहने वाली शुभी गुप्ता ने 11 दौर में 8.5 अंक हासिल करके अंडर-12 वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। लड़कियों के अंडर-आठ वर्ग में चार्वी ने 11 दौर में 9.5 अंक हासिल किए। चार्वी एक समय इंग्लैंड की बोधना शिवानंदन से पीछे चल रही थी लेकिन वह उनकी बराबरी करने में सफल रही।

# वियतनाम से 0–3 से हारा भारत

- अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच

**भाषा।** हो ची मिन्ह सिटी



**भारत को** मंगलवार को यहां हुंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे और अंतिम मैच में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली वियतनाम की टीम से 0–3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की 104वें नंबर की टीम भारत को 97वें नंबर की टीम वियतनाम ने दूसरे हाफ में बुरी तरह से पछाड़ दिया। भारतीय टीम ने जून में एशियाई कप क्वालीफायर में तीन आसान जीत दर्ज की थी और फिर यहां शनिवार को इसी टूर्नामेंट में सिंगापुर से।–। से ड्रॉ खेला था लेकिन आज मेजबान टीम ने उसे कोई मौका नहीं किया। वियतनाम की ओर से फान वेन डुक (10वें मिनट), एनगुएन वेन टोएन (49वें मिनट) और एनगुएन वेन कुएट (70वें मिनट) ने गोल दागे जबकि भारत को उसकी रक्षा पंक्ति ने निराश किया, विशेषकर दूसरे हाफ में। भारतीय टीम पहले हाफ में वियतनाम को टक्कर देने में सफल रही थी लेकिन दूसरे हाफ में मेजबान टीम के सामने उसकी एक नहीं चली। वियतनाम ने इसके साथ ही दो मैच में दो जीत के साथ टूर्नामेंट जीत लिया। टीम ने अपने पहले मैच में सिंगापुर को 4–0 से हराया था। भारत और वियतनाम ने अतीत में कई यादगार मैच खेले हैं। इनमें से एक 2002 एलजी कप फाइनल था जिसमें भारत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3–। की जीत के साथ खिताब अपने नाम किया था। भारत और वियतनाम पिछली बार 2010 में पुणे में अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में भिड़े थे जिसमें मेजबान टीम ने सुनील छेत्री की हैट्रिक से

### हरमनप्रीत आईसीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



**दुबई।** इंग्लैड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियो की रैंकिंग मे पांचवें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैड को 3-0 से हराने के बाद भारतीय खिलाड़ियो की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है। हरमनप्रीत ने दूसरे मैच मे 111 गेंद मे नाबाद 143 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा की रैंकिंग मे भी सुधार हुआ है।मंधाना एक पायदान चढकर छठे और शर्मा आठ पायदान चढकर 24वें स्थान पर पहुंच गई। पूजा वस्त्राकर चार पायदान चढकर 49वें स्थान पर है और हरलीन देयोल 46 पायदान चढकर 81वें स्थान पर है। रेणुका सिंह 35 पायदान चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गई है। झूलन गोस्वामी पांचवी पायदान से रिटायर हुई है।

### एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट : उलटफेरों का नाम रहा दूसरा दिन, : गैर वरीय खिलाड़ी पड़े भारी

**लखनऊ।** राजधानी में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट के अंडर 16 का दूसरा दिन उलटफेरों के नाम रहा। आज बालक वर्ग में तीन खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हुए वहीं बालिका वर्ग में एक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह युगल मुकाबलों में भी उल्टफेर से खिलाड़ी बच नहीं पाए। बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इशिता मिधा और ऐंजल पटेल को गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी सताक्षिका सहायक और परीझा यादव ने 2-6,7-6,510-6 को प्रतियोगिता के युगल वर्ग से बाहर कर दिया। इसी तरह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी अर्जन खोराकीवाल और सृष्टि राणा को हार का सामना करना पड़ा। इन्हें सिधक कौर और रिंधिमा सिंह की जोड़ी सीधे सेटों में 6-2,6-1 से हरा दिया। लखनऊ के विजयंतखंड मिनी स्टेडियम के टेनिस कोर्ट्स पर हो रही इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सबसे बड़ा उलटफेर छठी वरीयता प्राप्त भारत के अज़ान अज़िज को झेलना पड़ा। उन्हें गैर वरीयता प्राप्त भारत के ही आद्वित तिवारी ने कड़े संघर्ष के बाद 6-7,6-0,6-4 से हराकर सबको चौंका दिया। इसके अलावा सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणव मिश्रा को गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूद्र बाथम में सीधे सेटों में 6-1,6-3 से हरा दिया। बालिका वर्ग में हुए प्री.क्वार्टर राउंड मकाबलों शीर्ष वरीयता प्राप्त जया कपूर ने आसान मुकाबले में सिधक कौर को 6,0,6-1 से हरा दिया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त इशिता मिधा ने अपनी प्रतिद्वंदी एंजेल पटेल को 6-3,2-6,6-3 को हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारत की शगुन कुमारी ने अपनी प्रतिद्वंदी शक्ति मिश्रा को 6.3,6.2 से हरा दिया।

### शुभमन गिल ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक



**होव।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने मंगलवार को यहां ग्लेमोर्गन की तरफ से ससेक्स के खिलाफ 119 रन की लाजवाब पारी खेली जो काउंटी चैंपियनशिप डिविजन दो मे उनका पहला शतक है। गिल ने सुबह 91 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और दूसरे दिन के आठवें ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीन हंट पर दो रन लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक पूरा किया। इस 23 वर्षीय भारतीय बल्लेबाज ने ऑफ स्पिनर जैक कार्सन की गेंद पर कैच थमाने से पहले 139 गेंदे खेली तथा 16 चौके और दो छक्के लगाए। ग्लेमोर्गन के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरने पर गिल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए। उनकी शानदार पारी से ग्लेमोर्गन ने पहले दिन तीन विकेट पर 221 रन बनाए थे। गिल जब आउट हुए तो उसका स्कोर पांच विकेट पर 277 रन था। गिल का यह काउंटी चैपियनशिप मे तीसरा मैच है।

# विश्व कप हॉकी : भारत का पहला मैच 13 जनवरी को स्पेन से

**भाषा।** नई दिल्ली

**मेजबान भारत** पुरुष विश्वकप हॉकी में अपना शुरुआती मैच प्रतियोगिता के पहले दिन 13 जनवरी को अपने से कम रैंकिंग के स्पेन के खिलाफ नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, राउरकेला में खेलेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवे नंबर पर काबिज तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इंग्लैंड (विश्व रैंकिंग छह), स्पेन (विश्व रैंकिंग आठ) और वेल्स (विश्व रैंकिंग 16) के साथ पूल डी में रखा गया है। भारत अपना दूसरा मैच राउरकेला में ही 15 जनवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा और इसके बाद वह भुवनेश्वर में 19 जनवरी को वेल्स का सामना करेगा। अगले साल के शुरू में भारत में होने वाले विश्वकप हॉकी के मंगलवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन चार मैच खेले जाएंगे। इनमें भारत और स्पेन के अलावा रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना का सामना दक्षिण अफ्रीका से जबकि विश्व के नंबर एक ऑस्ट्रेलिया का फ्रांस से होगा। ए दोनों मैच भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद राउरकेला में दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच इंग्लैंड और वेल्स के बीच होगा जबकि दूसरे मैच में शाम सात बजे से भारत और स्पेन आमने–सामने होंगे। ओडिशा में ही 2018 में खेले गए विश्व कप में चैंपियन बनने वालइ विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम 14 जनवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ भुवनेश्वर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसी दिन पूर्व चैंपियन नीदरलैंड का सामना राउरकेला में मलेशिया से होगा। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाला ऑस्ट्रेलिया पूल ए में है जहां उसका सामना अर्जेंटीना, फ्रांस और अफ्रीकी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### इस सत्र में भी चार विदेशी खिलाड़ियों को ही खेलने की अनुमति मिलेगी आई लीग में

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आई लीग क्लबों को मैच वाले दिन के लिए एक एशियाई सहित छह विदेशी खिलाड़ियों को टीम में रखने की अनुमति दे दी है लेकिन 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस सत्र में भी क्लब अंतिम एकादश में केवल चार खिलाड़ियों (मौजूदा 31 नियम के अनुरूप) को ही रख पाएंगे। पिछले सत्र में आई लीग क्लबों को छह विदेशी खिलाड़ियों को पंजीकृत करने की अनुमति दी गई थी लेकिन एक एशियाई खिलाड़ी सहित केवल चार खिलाड़ियों को ही मैच में भाग लेने की अनुमति मिली थी। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक घरेलू लीग में अधिक विदेशी खिलाड़ियों को रखने के पक्षधर नहीं हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे भारतीय खिलाड़ियों को कम मौके मिलेंगे।

# बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग: प्रणय की शीर्ष 15 में वापसी, लक्ष्य नौवें स्थान पर बरकरार

**भाषा।** नई दिल्ली



**स्टार भारतीय बैडमिंटन** खिलाड़ी एचएस प्रणय ने लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ (बैडमिंटन विश्व महासंघ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में वापसी की। लगातार दो टूर्नामेंट विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 के फाइनल में पहुंचे प्रणय एक स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। युवा लक्ष्य सेन नौवें स्थान पर बरकरार हैं और पुरुष रैंकिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। चोट के कारण विश्व चैंपियनशिप और जापान ओपन से बाहर रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला रैंकिंग में छठे स्थान पर बनी हुई हैं। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल एक स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार स्वर्ण पदक और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी पहले की तरह आठवें स्थान पर बनी हुई है। विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी तीन स्थान आगे बढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी दो स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर हैं।

# डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालयों का किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**डीएम नेहा** जैन ने अकबरपुर विकास खण्ड के माती किशुनपुर स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया, डीएम ने आँगनवाडी केन्द्रों का भी निरीक्षण किया, डीएम ने छात्रों से पढाई की जानकारी शिक्षकों के अध्यापन कार्य की जानकारी ली।

डीएम ने अकबरपुर ब्लाक के विद्यालयों का निरीक्षण करते हुये व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुये शिक्षकों से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुये, छात्रों को शतप्रतिशत पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।माती किशुनपुर में निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापिका ने डीएम को बताया कि विद्यालय में कुल 79 छात्र एवं छात्रायें पंजीकृत है डीएम ने छात्रों की उपस्थित कम होने पर सहायक अध्यापक को अनुपस्थित बच्चों के विद्यालय में आने के लिये प्रबन्ध करने के निर्देश दिये, डीएम को निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक ही अध्यापक मौजूद मिला जबकि विद्यालय में 5 अध्यापक कार्यरत है। विद्यालय को गोद न लिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी होने पर डीएम ने बीएसए से तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विद्यालय में काया कल्प अभियान के अॅतर्गत कोई काम न होने पर उन्होंने अकबरपुर ईओ को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। डीएम ने छाॅ से पुस्तक का पाठन कराकर शिक्षा के स्तर की जानकारी ली, डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 7 व 8 के छात्र छात्राओं को पुस्तकें वितरित की, डीएम ने जागिन जसी के प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। यहॉ निरीक्षण के दौरान जर्जर अवस्था में विद्यालय भवन पाये जाने व शिक्षा का स्तर खराब होने पर उन्होंने कडी फटकार लगाते हुये बीएसए को कार्यवाही के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान बीएसए, रिद्धि पाण्डेय, बीआरसी अकबरपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


डीएम नेहा जैन प्राथमिक विद्यालय के छात्र से जानकारी लेती हुयी

## डीएम और एसपी ने संगीन मामलों में कार्रवाई के दिए निर्देश




**कानपुर देहात।** डीएम नेहा जैन व एसपी सुनीति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व शॉति व्यवस्था की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं व अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम व एसपी ने न्यायालय में विचाराधीन सॅगीन मामलों में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। बैठक में एएसपी घनश्याम चौरसिया ने वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये। डीएम ने एसडीएम को गुण्डा एक्ट,गैंगस्टर, एनएसए के अर्न्तगत भू माफिाओं को चिन्हीकृत करते हुये नीतिगत रूप से प्रकरण प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये, जिससे अराजकतत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये।

# डीएम व एसपी ने दुर्घटना स्थल का लिया जायजा

- सोमवार की शाम को जैनपुर में हाईवे पर डीसीएम की टक्कर से दो मासूमों की मौत का मामला

**कानपुर देहात।** सोमवार की देर शाम अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जैनपुर क्षेत्र में हाईवें में बाइकसवार को बचाने में अनियंत्रित हुये डीसीएम की चपेट में आने से दो मासूम की मौत के मामले में डीएम व एसपी ने घटना स्थल का जायजा लिया। जनपद में हुयी इस हृदय विदारक घटना से आक्रोशित परिजनों ने जाम लगाने का प्रयास किया था परन्तु एसपी सुनीति के निर्देशन में पुलिस द्वारा कार्यवाही के आश्वासन पर संतुष्ट परिजनों ने अपना इरादा बदल दिया। सोमवार की देर शाम झॉसी से कानपुर की ओर जा रही डीसीएम जैसे ही पेप्सी चौराहे के पास पहुॅचा अचानक से एक बाइक सवार सामने आ गया बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित डीसीएम डिवाइडर तोडता हुया सर्विस लेन पर आ गया, सर्विस लेन पर कोचिंग से वापस आ रहे 10 वर्षीय आर्यन व 9 वर्षीय अॅश डीसीएम की चपेट में आ गये जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं गुनगुन गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुॅचा तथा आक्रोशित परिजनों को समझाया बुझाया, डीएम व एसपी भी अस्पताल पहुॅचे तथा परिजनों को सॉत्वना देते हुये शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया वहीं गम्भीर रूप से घायल गुनगुन का हालचाल लेने के लिये भी डीएम व एसपी निजी अस्पताल गये। तथा निजी अस्पताल के सॅचालक व चिकित्सकों से गुनगुन के उपचार में किसी तरह की कोताही न बरतने के निर्देश दिये। घटना के बाद चालक डीसीएम छोडकर भाग गया, डीसीएम को कस्टडी में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

# प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में की गई प्रांतीय सम्मेलन पर चर्चा

- बैठक में प्रधानाचार्यों को दी गईं तहसीलवार जिम्मेदारियां
- 29 एवं 30 अक्टूबर को संपन्न होगा प्रांतीय सम्मेलन

संवाददाता। रूरा कानपुर देहात

**मंगलवार को** चिरंजी देवी बालिका इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद कानपुर देहात की एक मासिक बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रदेश सम्मेलन कराए जाने पर चर्चा की गई। वहीं उपस्थित प्रधानाचार्यों को तैयारियों की जिम्मेदारी भी सौंपी गईं।

जिला संरक्षक रामशंकर गुप्त ने बताया की 29 एवं 30 अक्टूबर 2022 को झींझक के रामरतन गुप्त ए के इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न होगा। इसमें पूरे प्रदेश के प्रधानाचार्य सम्मिलित होंगे। जिसमें शिक्षा के उन्नयन की चर्चा होगी। वहीं प्रधानाचार्यों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आने की संभावनाएं हैं। तैयारियों के लिहाज से प्रधानाचार्य परिषद के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को बैठक में आमंत्रित किया गया था। जिलाध्यक्ष उप्र प्रधानाचार्य परिषद कानपुर देहात डॉ.इन्द्र भूषण सिंह ने बताया कि तैयारियों के मद्देनजर तहसीलवार जिम्मेदारी सौंपी गई है। रसूलाबाद में कुलदीप दुबे व आदित्य चतुर्वेदी, डेरापुर में उमाशंकर गुप्ता, मैथा में विनोद कुमार द्विवेदी, सिकंदरा में हाकिम सिंह एवं सुशील कुमार, भोगनीपुर में रामआसरे कटियार एवं डॉ इंद्र भूषण सिंह और अकबरपुर में योगेश मिश्रा एवं अवनीश कुमार शुक्ला को प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर जिला के मीडिया प्रभारी विनोद द्विवेदी को जिला कोषाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। चिरंजी देवी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमनलता सिंह, श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा के प्रधानाचार्य राम नाथ वर्मा, छेदी खां शमशुल कमर इंटर कॉलेज असालत गंज के प्रधानाचार्य संदीप कुमार कमल समेत परिषद के सदस्यगण भी मौजूद रहे। जिला संरक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष रविशंकर तिवारी ने अध्यक्षता की और जिला अध्यक्ष डॉ. इंद्र भूषण सिंह बैठक का संचालन कर रहे थे।


बैठक में मौजूद परिषद के पदाधिकारी

# जन अधिकार पार्टी ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**जन अधिकार** पार्टी ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को फतेहगढ़ में सौंपा । जिला अध्यक्ष कैप्टन प्रभात शाक्य के नेतृत्व दिए ज्ञापन में मांग की गई । जातिगत जनगणना भागीदारी का आधार है और भागीदारी हमारा अधिकार है। इसलिए जन अधिकार पार्टी प्रत्येक प्रदेश में जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग करती है। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी क्षेत्र की कंपनियों , उद्योग पति ओ को कोडियो के दाम बेचा जा रहा है। इससे राष्ट्र की अपूरणीय क्षति होती हैं । इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाय । पेट्रोल,डीजल पर अधिरोपित टैक्स को केंद्र व राज्य कम करे जिससे पेट्रोल डीजल ,सस्ता हो सके और बड़ी हुई कीमत घटाई जा सके । सामान्य वर्ग की तरह अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्र वृति प्रदान की जाएं ।जन अधिकार पार्टी नई शिक्षा नीति का विरोध करती है।पूरे देश में शिक्षा का पाठ्य क्रम एक समान किया जाय क्योंकि नई शिक्षा नीति देश में पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यकों को देश की चली आ रही वर्ण व्यवस्था की तरफ ले जाने वाली है।

ऐसा कानून जो बहुसंख्यक समाज को शिक्षा से वंचित करना चाहती हो उसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं किया जाना चाहिए। किसानों को खाद, बीज व कीटनाशक दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए और सिंचाई के लिए निशुल्क बिघुत की व्यवस्था की जाए । छोटे व मझोले किसानों ,दुकानदारों, व्यापारी का कर्ज एवम् बिजली का बिल माफ किया जाए। किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान तत्काल किया जाए । बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना सरकार का स्वेधानिक अधिकार है इसलिए सरकार से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तत्काल कार्यवाही की मांग जन अधिकार पार्टी करती है।

# बीडीओ ने प्रार्थना लेने से किया इनकार तो ग्रामीणों ने काटा हंगामा

- अन्ना घूम रहे गोबंशों से निजात दिलाने की मांग को लेकर ब्लाक पहुंचे थे गांव वाले

**घाटमपुर।** अन्य घूम रहे गोबंशों से छुटकारा दिलाये जाने की मॉंग को लेकर ग्राम पंचायत इछौली से पंहुचे ग्रामीणों ने बिकास खंण्ड अधिकारी के कार्यालय में जमकर हंगामा काटा और अन्ना घूम रहे गोंबंशों के न पकड़े जाने पर तहसील प्रागंण में घरना देने की चेतावनी दी है, गांव निवासी सुमन श्रीवास्तव की अगुवाई में दर्जन भर से अधिक ग्रामीण मंगलवार सबेरे तहसील मुख्यालय पंहुचे और उप जिलाधिकारी अमित ओमर से मिले तथा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव तथा आस–पास सैकड़ों की संख्या में अन्ना गोबंश घूम रहे हैं जो खेतों में खड़ी ज्वार–बाजरा और अरहर की फसल को नुकसान पंहुचा रहे हैं ग्रामीणों ने अन्ना घूम रहे गोबंशों से निजात दिलाने की मॉंग भी की। शिकायत सुनने के बाद उप जिलाधिकारी ने उन्हें ब्लाक में जाकर बीडीओं को प्रार्थना देने की बात कह लौटा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले 19 सितम्बर को भी वो लोग गोबंशों द्वारा खेतों में खड़ी फसल को नुकसान करने को लेकर जन सुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करायी थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है शिकायत प्रार्थना पत्र देने वालों में कामता प्रसाद, रामनरायन, मयंक तिवारी, राजा, रामलखन, देवेन्द्र कुमार, शत्रुधन, और अभय तिवारी आदि प्रमुख थे।


खंण्ड बिकास अधिकारी कार्यालय के बाहर मौजूद ग्रामीण फोटो पायनियर

## क्विक न्यूज

### पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन काट कर की हत्या

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से किसी विवाद को लेकरए पति ने धारदार हथियार सेए गर्दन काट कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आज मंगलवार को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खानपुर नगला निवासी सुनील कठेरिया उम्र करीब 40 वर्ष नेएसोमवार मध्य रात्रि मेंए किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद इतना बढ़ गया थाए सुनील कठेरिया ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार करकेएहत्या कर दी। जनपद शाहजहांपुर के थाना मदनापुर के ग्राम गुलाब की निवासिनी किरन उम्र करीब 38 वर्ष का दूसरा विवाह सुनील कठेरिया के साथ हुआ हुआ था। उससे एक पुत्रए एक पुत्री है। घटना की जानकारी आज मंगलवार करीब 1. 30 बजे तड़के पुलिस को हुई। इसके बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति सुनील कठेरिया को गिरफ्तार कर लिया।

### नलकूप की रखवाली कर रहे ग्रामीण की हत्या

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में नलकूप की रखवाली करने वाले अधेड़ ग्रामीण की वजनदार बस्तुएसे सिर में प्रहार करके हत्या कर दी गई। पुलिस ने आज मंगलवार को बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वुड़नामऊ का रहने वाला उम्र करीब 50 वर्ष रामकुमार कटियार कल सोमवार को रात्रि में गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर लगे नलकूप की रखवाली के लिए गया था। जहां अज्ञात हमलावरों ने वजनदार वस्तुएसे उसके सिर पर प्रहार करके हत्या कर दी। आज मंगलवार जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर गए तो नलकूप की रखवाली करने वाले ग्रामीण रामकुमार कटियार को खून से मृत अवस्था में देखा। इधर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक ग्रामीण केशब के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### शराब बंदी मुक्ति मोर्चा की आपात बैठक

**फर्रुखाबाद।** शराब मुक्त देश की मांग को लेकर संगठन शराब बंदी मुक्ति मोर्चा की आपात बैठक टाउन हॉल स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई । बैठक में निर्णय लिया गया कि विकास सक्सेना एड की अध्यक्षता में आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर मुख्य मंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र जिला प्रशासन को सौप जायेगा । शराब बंदी को लेकर एक ज्ञापन गांधी जयंती पर प्रशासन को सोपा जायेगा शराब मुक्त देश की मांग को लेकर संगठन शराब बंदी मुक्ति मोर्चा की आपात बैठक टाउन हॉल स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई । बैठक में निर्णय लिया गया कि विकास सक्सेना एड की अध्यक्षता में आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर मुख्य मंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र जिला प्रशासन को सौप जायेगा ।

### त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग ने भरे नमूने

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति के आदेश पर नवरात्रि/दशहरा पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु एवं आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सचल दल द्वारा जनपद स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्यवाही की गयी। जिसमें अग्रवाल प्रोविजन स्टोर, खागा से सिंघाड़ा का आटा का एक व साबूत सिंघाड़ा का एक नमूना, लक्ष्मी किराना, किशनपुर से मखाना का एक नमूना, गायत्री ट्रेडर्स, किशनपुर से घी का एक नमूना, विनोद किराना, किशनपुर बाजार से साबूदाना का एक नमूना संग्रहित किया गया। कुल 5 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। दुकानों के निरीक्षण दौरान टीम द्वारा दुकानदारों को मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचने, दुकान परिसर में स्वच्छता बनाये रखने, खाद्य पदार्थों की शुद्धता बनाये रखने तथा खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण के बिना खाद्य कारोबार न करने के निर्देश दिये गये।

### जहर खा युवती ने दी जान

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम धारूपुर में पति से लड़ने के बाद तीस वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा से उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया जिसकी रास्ते मे ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धारूपुर गांव निवासी बीरेन्द्र की पत्नी सविता देवी का अपने पति से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिससे युवती ने जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने महिला की हालत चिन्ताजनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

### सर्प दंश से महिला की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्यूटी में दोपहर प्राइमरी स्कूल में कार्यरत 42 वर्षीय रसोइया को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ब्यूटी गांव निवासी स्व0 जानकी की पत्नी रानी देवी जो प्राइमरी स्कूल में रसोइया के पद पर कार्यरत थी। दोपहर स्कूल में काम करते समय जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब स्कूल के कर्मचारियो को हुई तो उसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। उसी दौरान उसने दम तोड दिया।

### संदिग्ध अवस्था में महिला ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** औग थाना क्षेत्र के ग्राम खदरा में शाम सदिग्ध अवस्था में 27 वर्षीय महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका के परिजनो ने सांस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के गुजैनी निवासी पवन ने बताया कि बहन संध्या की शादी 12 मार्च 2015 को खदरा गांव निवासी अनुज पासवान के साथ की थी। देर शाम सदिग्ध अवस्था में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में भाई पवन ने बताया कि शादी के बाद से ही सास विजय लक्ष्मी दहेज को लेकर उसको प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते बहन ने घटना को अजाम दिया है। जब कि पति का कहना है कि थोड़ी-थोड़ी बात में उसकी पत्नी उससे लड़ने को तैयार रहती थी। कई बार उसने व उसकी मां ने संध्या को समझाया लेकिन वह नहीं मानी और आत्महत्या कर ली।

### आकर्षक डील्स की घोषणा

**लखनऊ।** सबसे बड़ा और महीने भर तक चलने वाला जश्न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल जो 23 सितंबर से शुरू हो चुका है, लेकर आया है पूरे भारत में सभी व्यवसायों के लिए अनूठे उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स। अमेजन बिजनेस के ग्राहक न केवल जीएसटी लाभ उठाएंगे बल्कि अतिरि?त बिजनेस डील्स और बल्क डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकेंगे। । इतना ही नहीं बिजनेस ग्राहकों को ढेर सारे नए लॉन्च होने वाले उत्पादों को खरीदने का मौका मिलेगा और बिजनेस संबंधी चयन पर स्पेशल ऑफर भी हासिल कर सकेंगे। अमेजन बिजनेस उपहार और खुद के उपयोग दोनों के लिए खासतौर से तैयार किया गया स्टोर है जिसमें अमेजन बिजनेस अकाउंट को लॉगइन कर खरीदारी की जा सकती है।

# कोविड प्रोटोकॉल के साथ मनेगी गांधी-शास्त्री जयन्ती

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद में** 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती धूम धाम से मनाए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि प्रातः 07:55 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यालाध्यक्षो द्वारा ध्वजारोहण करेंगे और शपथ भी लेंगे। प्रातः 08 बजे कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए कार्यालाय/ विद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं के किसी बड़े हाल या कक्ष में वरिष्ठ अधिकारी/प्रधानाचार्य महात्मा गांधी व स्व0 लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा, के पश्चात गांधी जी के जीवन संघर्ष एवं उनकी देश सेवा व उनके जीवन मूल्यों पर भी चर्चा की जायेगी। समस्त उपजिलाधिकारी द्वारा अपने–अपने तहसील मुख्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाए।

प्रातः 09 बजे जनपद के समस्त प्राथमिक/माध्यमिक/महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थानो में वन विभाग से समन्वय बनाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक वृक्षारोपण कराये। प्रातः 10 बजे जिला कारागार में अधीक्षक जिला कारागार द्वारा कैदियों के बीच महात्मा गांधी के जीवन परिचय व उनके विचारधारा के सम्बंध में गोष्ठी का आयोजन किया जाए। प्रातः 10:30 बजे ग्राम सेवा संस्थान में चरखा कतई बुनाई का कार्यक्रम, लोगो को खादी वस्त्रों का महत्व व उपयोगिता के प्रति जागरूक किया जाए। यह कार्य जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा सम्पन्न किया जाए व इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जाए। पूर्वाह्न 11:30 बजे अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतो के मलिन बस्तियों में अभियान चलाकर साफसफाई कराये और जिला पंचायत राज अधिकारी सफाई की कार्ययोजना बनाकर ग्रामो व विद्यालयों में साफ सफाई कराए। मुख्य चिकित्साधिकारी चिकित्सालयों में साफ सफाई कराएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि साफ सफाई कराने के लिए लिखित आदेश जारी किए जाय। प्रधानमंत्री द्वारा दिये गए राष्ट्रीय स्वच्छता संदेश के अनुसार प्लास्टिक से निर्मित एक बार प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं का बहिष्कार किया जाए ताकि इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बचा जा सके। सादा जीवन उच्च विचार मितव्यता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाय। उन्होंने कहा कि देश को कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करना उनका पुनीत कर्तव्य है जिसका संकल्प दोहराया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर, बिन्दकी, खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध अवस्था में होमगार्ड की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बवारा के समीप स्थित मन्दिर के पास अचेत अवस्था में पड़े 45 वर्षीय होमगार्ड को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के पुत्र ने अज्ञात लोगो पर नशीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार बवारा गांव निवासी स्व0 दयाराम का पुत्र भीखम सिंह जो पीआरवी 112 बाइक चालक था और राधा नगर में तैनात था। देर रात वह अपने छोटे पुत्र नितिन के साथ गाजीपुर कस्बा पहुचा और चौराहे पर अपने पुत्र को बाइक चलने को बोला। देर रात लगभग दो बजे गांव से एक किलोमीटर दूर स्थित मन्दिर के पास अचेत अवस्था में पडा मिला। जिसे तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गयां। जहा इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्ट मार्टम हाउस पुत्र का कहना था कि अज्ञात लोगो द्वारा उसे कुछ जहरीला पदार्थ खिलाया गया।

# निर्माण कार्यों की समीक्षा में डीएम ने कसे अधीनस्थों के पेंच

संवाददाता। फतेहपुर

**50 लाख** से अधिक की लागत से जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस यूनिट–55 द्वारा मेडिकल कॉलेज, कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम इकाई–1 कानपुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसवां, दपसौरा, कृषि कल्याण केन्द्र हसवां, खजुहा, असोथर, धाता, विजयीपुर, कार्यदायी संस्था पैक्सफेड द्वारा बालिका छात्रावास हुसेनगंज, मलवां, सहिली, राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय खासमऊ, डायलिसिस यूनिट, 50 शैय्या युक्त आयुष चिकित्सालय का निर्माण, कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा आईटीआई फतेहपुर एवं जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर व कार्यदायी संस्था उप्र विकास परिषद द्वारा आईटीआई जहानाबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जहांगीर नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बकेवर, अल्लीपुर बहेरा, ड्रग वेयर हाउस फतेहपुर, एकेडमी भवन विजयीपुर, हसवां, कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा पॉलिटेक्निक बालिका छात्रावास, न्यायिक आवास खागा, फतेहपुर, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस यूनिट–15 प्रयागराज द्वारा मलिन बस्तियों में आश्रय स्थल निर्माण, असोथर में पंचायत भवन, कार्यदायी संस्था उप्र वक्फ विकास लि द्वारा अस्ती वार्ड में सदभाव मंडल का निर्माण, कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा तहसील खागा में निरीक्षण भवन, बारहवीं वाहिनी पीएसी में 200 व्यक्तियों की क्षमता का बैरिक, पुलिस चौकी किशनपुर, आईटीआई भवनों का निर्माण, तहसील बिन्दकी में आवासीय/अनावासीय भवनों का निर्माण किया जाय रहा है की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपस मे समन्वय बनाकर समय सीमा व गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जायें। अधिकारी सुनिश्चित कर लें कि अपने अधीन विभाग की चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं को देखे और समय के साथ कार्य को पूरा करायें। कार्य पूर्ण होने के पश्चात कार्य की गुणवत्ता हेतु तकनीकी टीम से जांच कराकर हैंडओवर करेंगे। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस यूनिट–55 को निर्देश दिए कि 05 अक्टूबर के भीतर जो मेडिकल कालेज के छात्रावास में जो शेष कार्य है, को पूर्ण कराया जाए। निर्देश किये कि जिन परियोजनाओं का समय निर्धारित है, के अंतर्गत पूर्ण कराएंगे और किसी भी परियोजना के स्टीमेट के रेट रिवाइज नही होगा। जो भी कार्य पूर्ण हो जाते हैं। उन्हें बुकलेट से हटा दें और बैठक के पूर्व कराये गए कार्यो का पूर्ण विवरण दर्ज कराये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील भारती, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जोगेंद्र सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, सीएमएस पुरुष सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाएं आदि मौजूद रहीं।



पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 28 सितंबर, 2022



# लालगंज तहसील में तैनात लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते पकड़ा

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**लालगंज तहसील** में तैनात लेखपाल मनीष पासवान पुत्र रामप्रसाद को तहसील कार्यालय भवन के सभागार के सामने एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों घूस लेते हुए पकड़ा है। वह लालगंज विकासखंड के जगत पुर भिचकौरा गांव का ही निवासी है। वर्तमान में तहसील क्षेत्र के सरेनी ब्लाक के भोजपुर में तैनात था मंगलवार दोपहर 12बजे एंटी करप्शन टीम ने उसे पीड़ित की शिकायत पर रंगे हाथों पकड़ा है ।बताते हैं कि पूरे नवल थाना सरेनी निवासी राजेश यादव ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ कार्यालय को प्रार्थना पत्र देकर जमीन पैमाइश के नाम पर लेखपाल मनीष के द्वारा घूस मांगे जाने की शिकायत की थी जिस पर विभाग ने प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में टीम बनाकर लालगंज तहसील भेजा । मंगलवार को लेखपाल मनीष ने जैसे ही पीड़ित किसान राजेश यादव से पैसे लिया ,वैसे ही पहले से घात लगाए बैठी एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथो घूसखोर लेखपाल मनीष को 5हजार रुपए लेते धर दबोचा।



एंटी करप्शन की टीम के द्वारा घूस लेते लेखपाल उस समय पकड़ा गया जब एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह अपने कक्ष में मौजूद थे। घूसखोर लेखपाल के पकड़े जाते ही तहसील के अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वही लालगंज तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार भी सामने आ गया है। अभी कुछ दिनों पहले लालगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने काम के बदले घूस लेने की रेट लिस्ट भी निकाली थी ।लेखपाल के पकड़े जाने से वकीलों के द्वारा कही गई भ्रष्टाचार की बात सामने आ गई हैं ।एंटी करप्शन टीम के द्वारा घूसखोर लेखपाल के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गई है। वही पीड़ित किसान राजेश यादव ने बताया कि उसने काफी दिन पहले जमीन पैमाइश के लिए लालगंज एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर लेखपाल पैसे मांग रहा था। उसके पास लेखपाल को देने के लिए पैसा नहीं था जिसके चलते उसने भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ कार्यालय की शरण ली जहां से उसने लेखपाल मनीष को घूस लेते रंगे हाथों पकड़वाया है।

## पदयात्रा जगतपुर पहुंचने पर पदयात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा

**जगतपुर**। भारत जोड़ो पदयात्रा के संदर्भ में ओम प्रकाश त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में जगतपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संचालन कर रहे जिला सचिव ब्लॉक प्रभारी एम फारूकी जी, मुख्य अतिथि जिला महासचिव विधान सभा प्रभारी महेश शर्मा जी ने बैठक को संबोधित कर कहा कि राहुल गांधी जी भारत जोड़ो पदयात्रा निकालकर कर देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, नफरत , कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ देश को जोड़ रहें हैं, राहुल गांधी जी की प्रेरणा से प्रदेश के सभी जिलों में भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली जाएगी जिसकी रूप रेखा तैयार की गई है। हर ब्लॉक से 15 कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गयी। जिला पंचायत सदस्य जिला सचिव राकेश सिंह राना जी ने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा का मतलब बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, और नफरत के खिलाफ एकजुट होकर देश आज एक संदेश दे रहा है। अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी जी ने कहा की जिले से आ रही पदयात्रा जगतपुर पहुंचने पर पदयात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस बैठक में साभार उपस्थित – ब्लॉक उपाध्यक्ष स्वतंत्र पांडेय, समर सिंह, आशा पाल सिंह, बावेंद्र तिवारी, हारून अली, विश्वनाथ त्रिवेदी, देवनाथ यादव, रावेन्द्र सिंह, छत्रपाल यादव, केके सिंह, राजकुमार पाल, जगदीश कुरील, इंद्रसेन, व अन्य कांग्रेस जन आदि।




## क्विक न्यूज

### सर्पदंश से नवयुवती की हुई मौत

**गौरीगंज ,अमेठी**। सर्पदंश से नव युवती की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाली मुंशीगंज के पूरे कालू मिश्र मजरे लोहंगपुर वासी जय प्रकाश मिश्रा की पुत्री यशस्वी मिश्रा उम्र 19 वर्ष को दोपहर घर में ही जहरीले जन्तु ने डस लिया, बिटिया ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, उन्होंने तुरन्त इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक लडकी की मौत हो चुकी थी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाते ही नायब तहसीलदार राजस्व कर्मियों के साथ मौकास्थल पर पहुंचे। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजस्व टीम में कानूनगो लालमणि पाण्डेय, वीरेंद्र, राकेश, मनीष, गौरव और कुलदीप मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने उठाई सड़क की मांग

**शुकुल बाजार, अमेठी**। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत इन्होंने रुदौली सड़क पर काफी दिनों से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी तमाम लोग तो हद से हादसे शिकार हो गए हैं क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी द्वारा इस सड़क को बनवाने के लिए इससे पूर्व भी लोक निर्माण विभाग मैं कई बार पत्र भेजा गया परंतु उनकी बात को संज्ञान में नहीं लिया गया आपको बताते चलें कि शुकुल बाजार विकासखंड से निकलने वाली पूर्वांचल एक्सप्रेस बनाते समय भारी गाड़ियों के आवागमन से यह रोड क्षतिग्रस्त हो गई थी इस रोड को बनाने के लिए ना तो लोक निर्माण विभाग आ गया या ना ही यूपी डा जिसके कारण यह रोड काफी समय से गड्ढों में तब्दील हो गई क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी द्वारा इसी सप्ताह फिर से लोक निर्माण विभाग को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें उन्होंने सड़क को बनवाने के लिए कर एक बार फिर से मांग उठाई है जिससे दुर्गा पूजा दशहरा में लोगों को आवागमन में वह मूर्ति विसर्जन के समय कोई समस्या ना हो क्षेत्र के लोगों ने विधायक इस प्रयास की सराहना की है जल्द ही सड़क को बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**शिवगढ़,रायबरेली**। शिवगढ़ क्षेत्र के श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार विभिन्न प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाकर बच्चों का भविष्य संवारने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मंगलवार को श्री बरखण्डी विद्यापीठ के सभागार में आयोजित संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश यही था कि डीबीटी के माध्यम से बच्चों के माता-पिता अभिभावकों के खाते में भेजी जाने वाली धनराशि को लेकर जन समुदाय को जागरूक करना, विद्यालयों में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना, आउट ऑफस्कूल के बच्चों का चिंन्हाकन कर नामांकन हेतु जागरूक करना, दिव्यांग बच्चों हेतु समर्थ कार्यक्रम एवं विद्यालयों के संबंध में जागरूक करना, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों को समस्त विद्यालयों के संवर्द्धन हेतु प्रेरित करना, मिशन प्रेरणा के अंन्तर्गत विद्यालय में गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में चर्चा करना सहित कई मुद्दों को लेकर इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जहां प्राथमिक विद्यालय रायपुर नेरुवा के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तो वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने नशा उन्मूलन अभियान के तहत एकांकी प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर शिवगढ़ खण्ड विकास अधिकारी शिवकुमार, शिवगढ़ खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव, एडीओ पंचायत जितेंद्र बहादुर ,श्री बरखण्डी विद्यापीठ इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता, गयेदु सिंह,अनिरुद्ध सिंह,सुरेंद्र वर्मा, बृज किशोर वर्मा,डा. प्रकाश वर्मा, सरला वर्मा, आशुतोष यादव, अनिता, संतोषी तिवारी, गीता बिष्ट, गायत्री देवी,अवधेश कुमार, सुनील कुमार, लेखाकार अनिल कुमार, मोहम्मद इमरान आदि शिक्षक शिक्षिका एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे। संगोष्ठी में खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव के साथ ही विद्यापीठ के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता व शिक्षक शिक्षिकाओं एवं ग्राम प्रधानों ने अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने संकल्प लिया कि वे पूरी तन्मयता से परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से सामंजस्य बनाकर विद्यालय को बेहतर बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

## दूसरे दिन भी श्री राम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**● नारद का अभिमान भगवान ने ही तोड़ा-स्वामी प्रणव पुरी**

संवाददाता। गौरीगंज, अमेठी

**जब भक्त के** हृदय में अभिमान का अंकुर प्रस्फुटित होता है तब भगवान उसे दूर करने के लिए भी माया रचते हैं। मंगलवार को स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह के यहां चल रही श्रीराम कथा में दूसरे दिन कथा वाचक स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने नारद मोह प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। जिसमें उन्होंने मानस की पंक्तियों का उद्धरण देते हुए बताया कि

**नारद कहेउ सहित अभिमाना।**
**कृपा तुम्हारि सकल भगवाना॥**

करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गरब तरु भारी॥ देवर्षि नारद ने अभिमान के साथ कहा – भगवन! यह सब आपकी कृपा है। करुणानिधान भगवान ने मन में विचारकर देखा कि इनके मन में गर्व के भारी वृक्ष का अंकुर पैदा हो गया है। इस अहंकार को नष्ट करने के लिए भगवान ने माया रची। जिसमें भगवान का रूप ले करके ही नारद जी स्वयंवर में भाग लिए भगवान की कृपा से ही इनका मोह दूर हुआ घमंड चकनाचूर हुआ। उन्होंने भगवान को श्राप भी दिया। इस प्रसंग को स्वामी जी ने बहुत ही मार्मिक ढंग से विस्तार पूर्वक सुनाया। बताया कि अभिमान रावण को भी हुआ था, लेकिन वह दूसरी तरह का अभिमान था।इसलिए उसे चकनाचूर करने के लिए भगवान को दूसरी युक्ति खोजनी पड़ी।नारद जी को अभिमान हुआ किंतु वह भगवत शरणागति थे। उन्होंने कहा जो कुछ है वह आपकी कृपा से है लेकिन फिर भी अभिमान उनको थ। इसलिए उसे दूर करने के लिए भगवान ने दूसरी माया रची। यह प्रसंग सुन श्रोता भावबिभोर हो गए।कथा मुख्य रूप से जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीष जी किरण कुमार सिंह मुन्ना ब्लाक प्रमुख तिलोई धर्मेंद्र सिंह बबलू पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सुल्तानपुर अशोक मिश्रा अध्यक्ष शिक्षक संघ अमेठी शिवमूर्ति सिंह प्रधान कोछित काशी सिंह सिंह काशी सिंहबांके बिहारी सिंह ज्ञान सिंह तीरथ राज मिश्रा बब्बन सिंह ललित सिंह प्रधान सराय भागमानी बोधे तिवारी सहित हजारों की संख्या कथा प्रेमी उपस्थित रहे।



कथा सुनाते कथावाचक स्वामी प्रणव पुरी

## छत से कूदकर नगदी उठा ले गए,पीड़ित ने दी पुलिस को सूचना

**●अंदर जहां पर हाल बना हुआ है वहां सब सामान बिखरा हुआ था और जहां मैं पैसे रखता था, उसका लाकर टूटा था**

संवाददाता। शुकुल बाजार ,अमेठी

**थाना क्षेत्र** शुकुल बाजार में इस समय चोरों के हौसले बुलंद हैं ।कस्बा बाजार शुकुल की मार्केट में आए दिन छुटपुट चोरी की घटनाएं होती रहती हैं ।बीती रात साईं गंज चौराहे पर स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक संचालक की दुकान पर छत से कूदकर चोरों ने नगदी पर हाथ साफ कर दिया पीड़ति का कहना है कि रोज की तरह जब मैं सुबह अपनी क्लीनिक पर आया तब अंदर देखा तो मेरे होश उड़ गए ।अंदर जहां पर हाल बना हुआ है वहां सब सामान बिखरा हुआ था और जहां मैं पैसे रखता था, उसका लाकर टूटा था । छत पर जाकर देखा तो छत से नीचे की तरफ आने वाला दरवाजा भी टूटा हुआ था ।मुझे शक हुआ है कि चोर मेरी छत पर पीछे की तरफ से आए हैं और मेरी नगदी उठाकर चले गए।इसी तरह मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार शुकुल मैं मवैया निवासी एक दिहाड़ी मजदूर सुंदर पासी दवा लेने के लिए साइकिल खड़ी कर कर अंदर दवा ले रहा था बाहर जब निकला तो उसकी साइकिल गायब हो गई। गरीब मजदूर काफी परेशान था घंटो खोजबीन के बाद भी उसकी साइकिल का कोई अता पता नहीं चला । सूत्रों की माने तो थाना बाजार शुकुल के बैंक के आसपास वा लगने वाले साप्ताहिक बाजार के आसपास साइकिल चोर सक्रिय हैं ऐसी अन्य भी घटनाएं पहले हो चुके हैं।

## झाड़ियों में छिप गई हैं सड़कें


झाड़ियों के बीच से जाता हुआ टेंपो

**मुसाफिरखाना अमेठी**। क्षेत्र के ज्यादातर गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गो को इन दिनों बारिश के कारण उगने वाले झाल झंखाड़ से घिरे हुए हैं।जिसके कारण राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।मुसाफिरखाना विकास क्षेत्र अंतर्गत शामिल राजस्व गांवों व उनके मजरों को जोड़ने के लिए पीडब्ल्यूडी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के साथ ही जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र विकास निधि से बनाई गई है।सड़कों की हालत जर्जर होने के साथ ही बारिश के मौसम के कारण उगने वाली घास फूस व झाल झंखाड़ से घिर गई है।मुसाफिरखाना से दुवरिया कनकुपुर के पूरे होलई से दतनपुर मवई से नारा अढनपुर से नारा कोछित नेवादा से भैदपूर सहित आधा दर्जन से अधिक सड़कों के साथ ही शारदा नहर की पटरियों को दोनो तरफ से घास फूस के साथ कंटीली झाड़ियों से पट चुकी हैं।जिससे कारण मार्ग पर चलने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### मूर्ति विसर्जन को लेकर एसडीएम ने गोकना घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा

**ऊंचाहार**। शारदीय नवरात्रि स्नान, मेला और मूर्ति विसर्जन को लेकर एसडीएम ने गोकना घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस बाबत तीर्थपुरोहितों के साथ जानकारी प्राप्त की। बैठक हुई। पुरोहित एवं मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के सचिव पं. जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के स्नान के लिए घाट पर बैरिकेटिंग व नाव की व्यवस्था रहती है। एसडीएम ने घाट के किनारे दुर्गा प्रतिमाओं के भू विसर्जन के लिए स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम आशीष कुमार मिश्रा ने बैरिकेडिंग, नाव-नाविक, गोताखोर की व्यवस्था, साफ सफाई आदि का अवलोकन किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार अजय कुमार गुप्त, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने लोगों से को समस्त बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर तीर्थपुरोहित पं. जितेन्द्र द्विवेदी, राजस्व राम प्रकाश त्रिपाठी, लेखपाल हनुमंत प्रसाद भी मौजूद रहे।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संकुल बैठक का हुआ आयोजन

**मुसाफिरखाना अमेठी**। स्थानीय विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय मठाभुसुंडा में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसका संचालन नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्रा ने किया। अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर के सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव विशेष उपस्थित एआरपी अर्चना मौर्य राम सुन्दर राम नरेश यादव तथा मुख्य वक्ता के रूप में भागूपुर के प्रधानाध्यापक उमेश विश्वकर्मा और विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने अपने अपने विचार रखे।

बैठक में सम्पूर्ण विद्यालय को निपुण बनाने,निर्धारित समय अवधि के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करने,शैक्षिक वातावरण का माहौल पैदा करने,निर्धारित नीतियों नियमो का ससमय पालन करने,पाठ्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य करने विद्यालयों में स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत मे कम्पोजिट विद्यालय मठाभुसुंडा के प्रधानाध्यापक पवन कुमार द्वारा सभी उपस्थित अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार यादव, संदीप यादव,सालिक राम मौर्य,शरद कान्त, उमेश कुमार , अंकुर यादव राम राज यादव सावित्री वृजेश यादव पूजा यादव मजीदुल निशा अमित यादव सौरभ विवेक कक्क? सगीर अहमद मिथलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



संकुल बैठक में शामिल शिक्षक गण

## पूर्व कार्यक्रम से एक दिन पूर्व 29 को अमेठी आएंगी स्मृति ईरानी

संवाददाता। अमेठी

**केंद्रीय महिला** एवं बाल विकास व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति इरानी अब आगामी 29 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र आएंगी। पहले यह कार्यक्रम 30 सितंबर के लिए प्रस्तावित था। दीदी के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सभी कार्यक्रम पूर्ववत हैं, बस आने का कार्यक्रम एक दिन पहले हो गया है। वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल होगी और करोड़ों की लागत से स्थापित होने वाली परियोजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति अब 29 सितंबर को विमान से लखनऊ पहुंचेगी और वहां से सड़क मार्ग से मुसाफिरखाना स्थित भाले सुल्तान शहीद स्थल आएंगी। यहां प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर किसान मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल होगी और पौधरोपण करेंगी। गौरीगंज में क्षय रोगियों के इलाज के लिए लगने वाले स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री करेंगी। दीदी विकास भवन के करीब निर्मित जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर के साथ ही सड़क व दूसरे विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगी। गौरीगंज से निकलकर दीदी अमेठी शहर के करीब स्थित मां शारदा गिर गौशाला पहुंचेगी। भादर क्षेत्र पंचायत से होने वाले विकास कार्यों को लोकार्पण व शिलान्यास त्रिसुंडी त्रिभुवन सिंह इंटर कालेज परिसर में होगा। पहले आने का कार्यक्रम 30 सितंबर के लिए प्रस्तावित था, पर अब वह एक दिन पहले हो गया है।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर सलोन केमिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक

**सलोन**। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर सलोन केमिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक ब्लॉक सभागार में हुई इस कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित फार्मासिस्ट को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई देते हुए, सभी को शासन के बताए हुए दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया, कि जो भी व्यक्ति बिना लाइसेंस के औषधि का क्रय विक्रय करता है वो लाइसेंस ले ले नहीं तो शासन के आदेश पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें आजीवन कारावास और 10 लाख तक जुर्माना है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप कौशल सलोन केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित गुरदीप सिंह ,सुनील साहू, ललित अग्रहरी, गौरव अग्रहरी, अजय साहू, अनिल सिंह,सुरजीत सिंह,बनवारी अग्रहरी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में गणेश पूजन के साथ रामलीला व मेला महोत्सव का शुभारंभ

**ऊंचाहार** ।एनटीपीसी परिसर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्री दुर्गा पूजा एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। ऊंचाहार परियोजना प्रमुख अभय कुमार समैयार तथा प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष मनीषा समैयार ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मनकामेश्वर मंदिर में सभी देवी-देवताओं का माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि ने पूजा कमेटी के पदाधिकारियों साथ मेला परिसर का अवलोकन किया तथा बच्चों व महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने झूलों का भी उद्घाटन किया। इसके बाद श्री समैयार ने सपत्नीक श्री रामलीला मंच पर पहुंचे और सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा- आरती की। साथ ही साथ दीप प्रज्ज्वलन करके रामलीला का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में कानपुर से पधारी श्री हरिदर्शन रामलीला मंडल ने नारद मोह के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया। इसके पूर्व मेला परिसर में पहुंचने पर पूजा समिति के अध्यक्ष के डी यादव तथा उपाध्यक्ष आलेख सिन्हा व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सेफ्टी अकादमी) ए के डैंग, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं एनटीपीसी पूजा समिति के सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## लालगंज की गरुड़ वाहिनी पुलिस टीम ने कस्बे में किया सघन निरीक्षण

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**क्षेत्राधिकारी महिपाल** पाठक की अगुवाई में लालगंज कोतवाल शिव शंकर सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स ने गरुड़ वाहिनी के रूप में जहां सघन चेकिंग अभियान चलाया है, वही जनता को भी भयमुक्त होकर त्यौहार मनाने का संदेश दिया है। सीओ महिपाल पाठक ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम बनाकर छापामार तरीके से गली-गली व चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों की छानबीन की जा रही है ।अचानक छापामारी से संदिग्ध लोगों में हड़कंप मच गया है ।वही जनता मे प्रशासन के प्रति सम्मान भी बड़ा है ।प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि अचानक गलियों में भी पुलिस के पहुंचने से अपराधियों में भय व्याप्त हो गया है । जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है ।उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति ने त्योहारों में गड़बड़ी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। इस मौके पर चौकी इंचार्ज लोकेंद्र सिंह ,यस आई रमाकांत मिश्रा, प्रेम कुमार, मोहम्मद मुकरीम ,देविस चौधरी, सुनील कुमार , दीवान अनूप चाहर ,राहुल सोलंकी सहित भारी पुलिस टीम मौजूद रही।

### तीन पक्के मकान ,पति चिकित्सक, खुद कोटेदार और ले रहीं गरीबों का राशन

**ऊंचाहार**। गरीबों को मिलने वाले खाद्यान्न पर किस तरह डाका डाला जा रहा , इसका एक उदाहरण ऊंचाहार तहसील में सामने आया है। जिसमें महिला के पास तीन पक्के मकान है पति पशु चिकित्सक है,खुद वह कोटेदार है, किंतु वर्षों से अंत्योदय लाभ योजना का राशन ले रही हैं। मामले का खुलासा तब हुआ है , जब ग्रामीण ने इसकी शिकायत की है। अब इसमें जांच का आदेश हुआ है ।मामला क्षेत्र के गांव ईश्वरदासपुर का है। गांव का सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एक महिला के नाम आवंटित है। उनके नाम कई वर्षों से अंत्योदय कार्ड बना हुआ है। यही नहीं उनके पास गांव में तीन पक्के मकान है। उनके पति पशुपालन विभाग में चिकित्सक है। डांडेपर गांव के रामदास ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है तो मामले का खुलासा हुआ है। अब एसडीएम आशीष मिश्र ने पूर्ति निरीक्षक को प्रकरण की जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है। ग्रामीण ने मांग की है कि कोटेदार का राशन कार्ड निरस्त करते हुए उनके द्वारा अब तक उपभोग किए गए राशन की वसूली भी की जाए।

### बीआरसी राजापुर माफी सलोन में दिव्यांगता असेसमेंट कैंप का आयोजन

**सलोन**। बीआरसी राजापुर माफी सलोन में दिव्यांगता असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया स जिला चिकित्सालय रायबरेली के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों का परीक्षण किया गया।तथा प्रमाण पत्र बनाए गए ससलोन स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों का असेसमेंट कैम्प समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शुभा त्रिपाठी के संयोजन में आयोजित हुआ। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। और जनपद से पधारे डॉक्टर एमपी सिंह अस्थि रोग विशेषज्ञ ,डॉक्टर योगेंद्र मनोरोग ,डॉक्टर नीलम नेत्र रोग, डॉक्टर विवेक आंख, कान, नाक गला ,रूबी चौधरी आदि द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उनके प्रमाण पत्र बनाए गए। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर एमपी सिंह ने कहा दिव्यांगता अभिशाप नहीं वरन एक चुनौती है उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह सामान्य बच्चों की भांति अपने इन दिव्यांग बच्चों की परवरिश और अच्छे ढंग से करें। इसलिए इनके अंदर वह प्रतिभाएं छिपी हैं जिन्हें देखकर लोग दंग रह जाते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## छात्रा समेत दो लोग घायल

**ऊंचाहार**। कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक छात्रा समेत दो लोग घायल हो गये,जिन्हें सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना लखनऊ प्रयागराज मार्ग मदारीगंज मोड़ के पास की है, जहाँ सोमवार की रात अनियंत्रित कार ने ठेली लेकर आ रहे रोशन 18 वर्ष पुत्र स्वरूराम सजीवन निवासी छोटे मियां का पुरवा को टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोगों को सीएचसी लाया गया था, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# डीएम ने हरैया के तहसीलदार को थमाया नोटिस

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के हरिजन बस्ती में जाकर समस्याओं को जाना
- सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

संवाददाता। बस्ती

**मंगलवार** को डीएम प्रियंका निरंजन ने हरैया तहसील के बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया तथा उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि गिरिजा बैराज, शारदा बैराज तथा सरयू बैराज से कुल 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण घाघरा नदी में भी पानी बढ़ रहा है। इससे आसपास के गांव, निवासियों तथा पशुओं के लिए खतरा हो सकता है। जिलाधिकारी ने सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने का निर्देश दिया है तथा यह भी कहा है कि वहां तैनात सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें।

निरीक्षण के क्रम में डीएम ने सबसे पहले कटरिया चांदपुर बाढ़ चौकी केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां पर जेई तथा अन्य कर्मचारी मौजूद मिले। इसके बाद जिलाधिकारी सुविखाबाबू गांव के पास बंधे पर निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों ने बताया कि नाव से आवागमन होता है। बाढ़ के दौरान खाद्य सामग्री, किट प्राप्त हुआ है। दुबौलिया सी.एच.सी. के डा0 मेंराज तथा डा0 राकेश शुक्ला ने बताया कि वे प्रत्येक सप्ताह नाव से गांव मे जाते हैं तथा लोगों का इलाज करते हैं। जिलाधिकारी ने कलवारी रामपुर, सैफाबाद कलवारी, गौरा आदि बंधो के बारे में बाढ़ खण्ड से जानकारी लिया। जिलाधिकारी ने बंधे से सुविखाबाबू गांव तक सड़क



बाढ़ निरीक्षण डीएम पायनियर

बनवाने के लिए जिला पंचायत को स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम सचिव को निर्देश दिया कि गांव में फागिंग करवायें, ओरआरएस घोल तथा ब्लीचिंग पाउडर वितरण करायें। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी के भेजकर गांव के पशुओं का इलाज कराने का भी निर्देश दिया। डीएम ने बंजरिया सूवी पंचायत भवन, विशुनदासपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पंचायत भवन संचालित नही पाया गया। किसी भी कक्ष में कोई फर्नीचर नहीं था। यहां तक कि अभी इसका विद्युत कनेक्शन भी नही लिया गया है। डीएम ने निर्देश दिया के एक सप्ताह के भीतर इसको चालू करके अवगत करायें। इसके बगल मे स्थित नवनिर्मित आंगनवाड़ी केन्द्र के ठीक सामने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण करके पशु रखे जाने की जानकारी ग्राम प्रधान धीरज सिंह ने जिलाधिकारी को दिया। उन्होंने इसका निरीक्षण करते हुये तत्काल अतिक्रमण हटवाने, अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध एफआई.आर. दर्ज करने के साथ-साथ तहसीलदार हर्रैया को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार ने इस मुकदमे की सुनवायी करते हुये पहले अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया, उसके बाद कायमी का भी आदेश कर दिया। डीएम गांव के हरिजन बस्ती तक गईं, जहां पर नदी कटान कर रही है। उन्होंने वहा पर ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि उनकी सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुये पंचायत भवन के पीछे सभी को आवासीय पट्टा आवंटित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि तत्काल वहां आवास बनाकर शिफ्ट हो जायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिया कि सड़क, पार्क एवं सुविधाओं युक्त इसको एक कालोनी की तरह बसाया जाए। उन्होंने वहां तक पहुंच मार्ग भी बनवाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाब चन्द्र, सहायक अभियन्ता बाढ़ हरीशचन्द्र, राजस्व एवं ग्राम्य विकास विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गौशाला की बदहाली पर बिफरीं डीएम, कहा, जांच कीजिए

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** प्रियंका निरंजन ने दुबौलिया ब्लॉक के रमनातोफीर बृहद गौशाला का निरीक्षण किया। वर्ष 2020-21 में निर्मित इस गौशाला की दुर्व्यवस्था देखकर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने का निर्णय लिया है। बतादें कि उल्लेखनीय पूर्व के डीएम भी इसकी टीएसी से जांच करवा चुकी है। इस बार के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि 500 की क्षमता वाले इस गोशाला में मात्र 100 पशु अभी तक रखे गए। प्रधान ने बताया कि आस-पास के क्षेत्र में बहुत सारे जानवर खुले में घूमते हैं, परंतु जब इनको पकड़कर के यहां लाया जाता है, तो रास्ते में ग्रामीण रोक लेते हैं। डीएम ने देखा कि मुख्य टीन-शेड जगह-जगह से टूटी हुई है, जबकि इसको बने हुए अभी साल भर भी नहीं हुआ। सीवीओ ने बताया कि पिछले साल आंधी में भूसा घर की छत उड़ गई थी। बार-बार कहने के बावजूद कार्यदाई संस्था पैक्सफेड द्वारा इसे नहीं बनाया गया। उन्होंने



डीएम निरीक्षण गौषाला पायनियर

इसको अपने विभागीय धनराशि से बनवाया है। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि नाद भी कई जगह से टूटा है। उल्लेखनीय है कि यह गौशाला रुपया 1.20 करोड़ से बनाई गई है और अभी से इसमें टूट-फूट शुरू हो गई है। गौशाला के अंदर काफी जमीन खाली पड़ी हुई है परंतु यहां किसी प्रकार की घास की बुवाई नहीं हुई है, जबकि यह निर्णय लिया गया था कि पशुओं के चारे के रूप में नैपियर घास सभी गोशालाओं में लगायी जायेगी। बाउंड्रीवॉल के निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं है, और बरसात के दिनों में बाहर का पानी गौशाला में भर जाता है। डीएम ने बीडीओ एसपी सिंह को निर्देशित किया है कि क्षेत्र पंचायत निधि से इसमें आवश्यक कार्य करवाएं तथा नियमित रूप से गौशाला का भ्रमण करते रहें। उन्होंने पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से यहां आकर बीमार पशुओं का इलाज सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हरैया गुलाबचंद, सीवीओ डॉक्टर अश्वनि तिवारी, ग्राम प्रधान नीलम तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विनोद उपाध्याय फिर बने प्रेस क्लब के मुखिया

- महेंद्र तिवारी महामंत्री, अमित सिंह और चंद्र प्रकाश शर्मा बने उपाध्यक्ष

संवाददाता। बस्ती

**प्रेस क्लब** बस्ती के चुनाव की मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विनोद कुमार उपाध्याय को 111 मत, सुभाष पाण्डेय को 11 मत जबकि सुदृष्टि नारायण तिवारी को मात्र 2 मत से ही संतोष करना पड़ा, एक मत अवैध घोषित किया गया।

महामंत्री पद के लिए महेंद्र कुमार तिवारी 58 मत मनोज कुमार यादव 41 मत और रमेश चंद्र मिश्रा को मात्र 23 मत से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार सिंह 51 व चंद्र प्रकाश शर्मा 53 मत पाकर विजयी रहे, जबकि अरुणेश श्रीवास्तव 37, मोहम्मद अली तबरेज 30, लवकुश यादव



प्रेस क्लब के निर्वाचित पदाधिकारी पायनियर

07, सलामुद्दीन कुरेशी 16, श्री प्रकाश श्रीवास्तव 19, रचना दुबे को 20 मत प्राप्त हुआ। जबकि 02 मत अवैध पाए गए।

सम्प्रेक्षक पद के लिए संदीप गोयल को 54 मत मिले, जबकि वशिष्ठ कुमार पांडेय 65 मत पाकर विजयी रहे। संगठन मंत्री पद के लिए रजनीश कुमार त्रिपाठी को 61 मत मिले जबकि डॉ वीके वर्मा 63 मत पाकर विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद शहंशाह आलम 41 मत मिले जबकि राकेश श्रीवास्तव 82 मत पाकर विजयी रहे। संरक्षक पद के लिए दिनेश सिंह को 54 मत मिले जबकि प्रकाश चंद गुप्ता 65 मत पाकर विजयी रहे। सदस्य कार्यकारिणी पद के लिए वीर कुमार तिवारी को 35, आनंद कुमार गुप्ता को 41, इमरान अली को 51, अजय श्रीवास्तव को 66, मत मिले जबकि बिपिन बिहारी त्रिपाठी 101, राघवेंद्र कुमार मिश्रा 81, राजेंद्र कुमार उपाध्याय 107, राजेश पांडेय 80, संजय विश्वकर्मा 67, जीशान हैदर रिजवी 77, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव 103 मत पाकर विजयी रहे।

## गैर इरादतन हत्या के आरोपी को हुई 7 वर्ष की सजा

**संतकबीरनगर।** मछली मारने के विवाद को लेकर गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 7 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 हजार रूपये अर्थदंड से जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि खलीलाबाद थाना अंतर्गत चौरी निवासी हसीना खातून ने थाना खलीलाबाद में प्रार्थना पत्र दिया कि गत 24, नवम्बर, 2020 को शाम 5.30 बजे बच्चों के बीच मछली मारने के विवाद को लेकर उसके पट्टीदार लियाकत ने गाली गुप्ता व मारपीट किया था तथा उसके पति सैयद अली को गाली देते हुए गुस्से में आकर उसके पति के ऊपर लाठी से हमला कर दिया। जिससे उसके पति को चोट लग गई और वह गिर गए। आनन-फानन में इलाज हेतु अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# प्रधान से मांगी दस लाख की फिरौती

- पैसा न देने पर दोनों बच्चों का अपहरण करने की दी धमकी
- चार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से मांगी फिरौती की रकम
- दो दिन का दिया समय, फिरौती की रकम दिल्ली लाने को कहा
- राहुल काला गिरोह के होने का किया दावा
- प्रधान ने बच्चों की जान की गुहार एसपी से लगाई, पुलिस हुई सक्रिय

संवाददाता। बस्ती

**जिले** में पहली बार किसी ने मोबाइल के जरिए एक प्रधान से दस लाख के फिरौती की मांग की है। चार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फिरौती की रकम मांगने वाले ने प्रधान को दो दिन का समय दिया। धमकी दिया कि अगर रकम नहीं मिली तो वह प्रधान के दोनों बच्चों का स्कूल से अपहरण कर लेगा। रकम दिल्ली लाने की बात कही और फोन का इंतजार करने को कहा। फिरौती मांगने वाले प्रधान को धमकी देते हुए कहा कि अगर पुलिस के पास गए तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इमोषनल ब्लैकमेल के अंदाज में कहा कि ऐसी प्रधान किस काम का जो अपने बच्चों की जान को नहीं बचा सकता। ऐसा लगता है, कि फिरौती मांगने वाला प्रधान की हर गतिविधियों पर नजर रख रहा है, क्यों कि जब प्रधान पुलिस के पास गए तो उसकी जानकारी उसे हो गई। यहां तक कि प्रधान ने हाल ही में जो टेक्टर खरीदा उसकी भी जानकारी उसे है। फिरौती देने वाले ने चेतावनी के लहजे में कहा कि कहा कि अगर उसकी बातों को हवा में लिया गया तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। अपने आपको राहुल काला गिरोह का बताते हुए कहा कि वह लोग मंत्रियों और विधायकों का अपहरण करते हैं, और उनसे एक दो करोड़ लेते है। फिरौती की रकम मांगने वाले को राज्य से बाहर का बताया जा रहा है। एसपी के दखंदाजी के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसी छानबीन में लग गई है। मामला रुधौली थाना क्षेत्र के ग्राम सुगिया के प्रधान प्रदीप दूबे का है। प्रधान ने बताया ि कवह सुबह आपने दोनों बच्चों को स्कूल छोड़कर आए। लगभग 11 बजे मोबाइल पर फोन आता है, कि हमने आपके दोनों बच्चों का अपहरण कर लिया है, फोन से फिरौती के रुप में दस लाख की मांग की गई। बताया कि वह भागा-भागा स्कूल गया। दोनों बच्चों को सकुषल देख जान में जान आई।

बताया कि इस घटना के बाद वह और उसका पूरा परिवार अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा। बताया कि इसके बाद भी उसके मोबाइल से अलग-अलग नंबरों से काल आया। कहा कि अगर दा लाख नहीं दिया तो वाकई दोनों बच्चों का अपहरण कर लिया जाएगा। कहा कि अगर इस बात की जानकारी दी या फिर पुलिस के पास गए तो जान से हाथ धोना पड़ सकता है। प्रधान ने एसपी से मिलकर बच्चें और परिवार के जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाया।

## जिला जज, डीएम व एसपी श्रावस्ती ने जिला कारागार बहराइच का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने जिला कारागार बहराइच का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली, तथा जेल में बंद बंदियों से मिलकर जाना उनका कुशलक्षेम। और जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक, पुरुष बैरक, किशोर बैरक का निरीक्षण कर जायजा लिया। तत्पश्चात सभी अधिकारियों ने महिला बैरक में पहुंचकर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। महिला बैरक में निरूद्ध गर्भवती महिलाओं एवं ऐसी महिलाएं जिनके बच्चे उनके साथ जेल में है।

# कैबिनेट मंत्री पटेल बोले-अपना दल एस के कार्यकर्ताओं को डरने की जरूरत नहीं

- पुष्कर चौधरी व गंगा सिंह सैंथवार के आवास पर किये बैठक, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से की भेंट

संवाददाता। संतकबीरनगर

**उत्तर प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सोमवार की रात जनपद में भ्रमण कर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से भेंट किये। उन्होने अपने भ्रमण के दौरान व्यापारी नेता पुष्कर चौधरी, गंगा सिंह सैंथवार, पीसी पटेल, जिलाध्यक्ष रोहित पटेल के आवास पहुँचकर बैठक किये। उनके आगमन पर अपना दल के जिलाध्यक्ष रोहित पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का स्वागत करते व्यापारी नेता पुष्कर चौधरी पायनियर

उनका स्वागत किया। पुष्कर चौधरी के आवास पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सभा लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विषयों में जानकारी दी। उन्होने बैठक में उपस्थित आम जनमानस से वार्ता कर उनके समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिये। उन्होने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपना दल (एस) प्रदेश के अन्दर शीर्ष स्तर पर पार्टी पहुँच चुकी है और यह सब कार्यकर्ताओं के बदौलत ही सम्भव हो सका है।

उन्होने कार्यकर्ताओ की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओ का सम्मान अपना दल (एस) हमेशा करेगी। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल एस के कार्यकर्ताओ को डरने की जरूरत नही है कार्यकर्ता बेझिझक अपनी समस्या उनसे बता सकते है। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल हाल ही में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले जनप्रिय नेता गंगा सिंह सैंथवार के आवास पर पहुँचकर भेंट किये और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किये।

# जिला जज ने जिला जेल का किया निरीक्षण

- महिला व पुरूष कैदियों से जिलाधिकारी ने की वार्ता, जेलर को दिए निर्देश
- प्रतिबंधित सामग्री जेल के अन्दर न जाए इस पर जेलर सहित पुलिस फोर्स रखें निगाह

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जनपद** न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल,



कैदियों से वार्ता करते जिला जज एवं प्रशासनिक अधिकारी पायनियर

बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई, तत्पश्चात कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। मौजूद सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक जी0आर0 वर्मा, उप कारापाल नयनकमल, गीता रानी, चिकित्साधिकारी डॉ0 वरूणेश देव, फर्मासिस्ट डी0पी0 सिंह, जेल वार्डर सिद्धार्थ सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा: भाजपा नेता ने लगाया निशुल्क टी स्टॉल



निशुल्क चाय देते सदर विधायक पायनियर

**संतकबीरनगर।** सेवा पखवाड़ा के तहत खलीलाबाद के भाजपा नेता विवेकानन्द वर्मा ने सार्वजनिक स्थल मेंहदावल बाईपास पर निःशुल्क टी स्टॉल लगाया। इस अवसर पर भाजपा नेता विवेकानन्द वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो के साथ सेल्फी प्वाइन्ट की व्यवस्था किया था। निशुल्क टी स्टॉल पर खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, खजनी विधायक श्रीराम चौहान, धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद श्याम सुन्दर वर्मा, खलीलाबाद के प्रतिष्ठित व्यवसायी आशीष छापड़िया सहित सभ्रान्त नागरिक टी स्टॉल पर पहुँचकर विवेकानन्द के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सेल्फी प्वाइन्ट पर फोटो खिचवाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, राम ललित चौधरी, भाजपा महिला क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता अग्रहरि, घनश्याम दास बिड़ला, उर्मिला त्रिपाठी, किरन प्रजापति, सत्यप्रकाश सिपाही, अमर राय, सतविन्दर पाल जज्जी, मुरलीधर जायसवाल, अजय वर्मा सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## धनघटा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिली सरकार की पहली जनसुविधा

**संतकबीरनगर।** जनपद के दक्षिण क्षेत्र धनघटा विधानसभा क्षेत्रवासियों को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में विधायक गणेश चन्द्र चौहान के पहल पर विधानसभा क्षेत्रवासियों को पहली जनसुविधा मिली है। सोमवार को धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान ने मुखलिसपुर बाजार से वाराणसी जाने वाले रोडवेज बस का पूजन अर्चन कर हरी झण्डी दिखाकर सवारियों के साथ बस को रवाना किये। इस अवसर पर उन्होने कहा कि क्षेत्रवासियों की सेवा में वह समर्पित रहेगे और कही जनता से जुड़ी समस्याये है तो आम जनमानस उन्हें अवगत कराये जिसका निदान किया जायेगा। इस अवसर पर अमर राय, पी0एन0 सिंह, रत्नेश मिश्रा, भरत भुआल चौधरी, राहुल तिवारी, अमित दूबे, संजय सिंह राठौर, बुद्धि सागर पाण्डेय सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। रोडवेज बस की सुविधा मिलने पर क्षेत्रवासियों ने धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान की प्रशंसा की है।

# उद्यमियों की बैठक में डीएम ने पत्रावलियों की गहन समीक्षा





उद्योग बन्धु की बैठक में समीक्षा करते जिलाधिकारी पायनियर

- इण्डस्ट्रियल एरिया का करेंगे निरीक्षण सम्बन्धित विभाग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए करें सहयोग

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** प्रेम रंजन सिंह ने उद्योग बन्धु की बैठक में कहा कि वह इण्डस्ट्रियल एरिया का निरीक्षण करेंगे। इससे पूर्व सम्बन्धित अधिकारी उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए शासन के निर्देशों का पालन कर उद्यमियों का सहयोग करें। श्री सिंह मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धु की बैठक में पुराने कार्यवृत्ति कि समीक्षा किया तथा पत्रावलियों का अध्ययन कर उद्योग बन्धुओं से वार्ता किये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण के लिए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, एलडीएम दिवाकर पाण्डेय, उपायुक्त वाणिज्य गुलाब रब्बानी, जिला आबकारी अधिकारी आर0के0 तिवारी, जिला बांट माप अधिकारी बी0पी0 वर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत दिव्य रंजन, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जे0पी0 तिवारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मो0 अब्बास, समाजसेवी सुभाष शुक्ला, व्यापारी नेता सर्वदानन्द पाण्डेय, सहायक आयुक्त स्टाम्प सब रजिस्ट्रार राकेश सिंह उपस्थित रहे।

# प्रेमी व प्रेमिका ने मासूम के संग पुल से राप्ती नदी में लगाई छलांग

संवाददाता। श्रावस्ती,मल्हीपुर

**थाना मल्हीपुर** अंतर्गत मल्हीपुर भिनगा मार्ग पर स्थित मधवापुर पुल से एक प्रेमी प्रेमिका अपने मासूम बच्चे के साथ नदी में छलांग लगा दी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मल्हीपुर पुलिस व फ्लड पीएसी के जवान मोटर बोट की सहायता से नदी में कूदे लोगो की नदी में तलाश कर रहे है इस दौरान 1 वर्षिय मासूम का शव नदी से बरामद हुआ है शेष प्रेमी युगल की तलाश जारी है। भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम बेलवा शिवराजपुर निवासी 35 वर्षिय पूनम देवी 25 सितंबर सुबह अपने 1 वर्षीय बेटे के साथ उसके इलाज के लिए अपने घर से निकली थी। मंगलवार सुबह पूनम बच्चे को लेकर मल्हीपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर लौकिहा निवासी अपने कथित प्रेमी दिनेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर भिनगा बहराइच मार्ग स्थित मधवापुर पुल के पास पहुँची थी तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया । बिबाद बढ़ने पर नाराज होकर पूनम ने अपने 1 वर्षीय मासूम को पुल से नदी में फेंक दिया तथा वह स्यंय नदी में कूद गई। जिसके बाद प्रेमी दिनेश कुमार ने भी नदी में छलांग लगा दिया पानी का बहाव तेज होने के कारण सभी पानी में डूब गए। घटना के दौरान रास्ते से गुजर रहे स्कूल के बच्चों ने प्रेमी युगल को नदी में छलांग लगाते देख कर शोर मचाना शुरू कर दिया शोर सुनते ही आसपास के ग्रामीण व राहगीर इकट्ठा हो गए लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने फ्लड पीएसी को बुलाकर पुलिस बल के साथ सर्च ऑपरेशन में जुट गए। जवान मोटर बोट की सहायता से नदी में डूबे लोगो को खोज ही रहे थे इस दौरान मासूम बच्चे का शव नदी से मिल गया लेकिन खबर लिखने तक युगल पूनम व दिनेश का कोई पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना के बाद सीओ जमुनहा अतुल चौबे व एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला मौके पर पहुंच गए।

### सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट 'रामायण दर्शन' का सांसद ने किया शुभारंभ

# तीर्थयात्रियों को होंगे डिजिटल रामायण के दर्शन

● **कामदगिरि परिक्रमा में साढ़े नौ करोड़ की लागत से हुआ है इसका निर्माण**






निरीक्षण कर रामायण दर्शन का शुभारम्भ करते सांसद    पायनियर

**संवाददाता। चित्रकूट**

**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में साढे 9 करोड की लागत से कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में बनाए गए 'रामायण दर्शन' का विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर बांदा - चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुभारंभ कर आम जनमानस को समर्पित किया।इस मौके पर सांसद ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संकल्पित है।रामायण दर्शन के शुरू होने से प्रतिमाह चित्रकूट आने वाले लाखों तीर्थ यात्रियों को डिजिटल रामायण के दर्शन होगें।सरकार का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट धर्म नगरी के पर्यटन विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर कामदगिरि परिक्रमा में स्थित रामायण दर्शन का शुभारंभ करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद श्री पटेल ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास के प्रति संकल्पित है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मंदाकिनी के रामघाट का सुंदरीकरण कराने के साथ साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के साथ साथ एयरपोर्ट का निर्माण कराया हैं।सरकार पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर विकसित कर रही है।रामायण दर्शन के शुरू होने से अब चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं को डिजिटल रामायण के दर्शन होगे।सरकार का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा । वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने सूबे की योगी सरकार द्वारा धर्म नगरी चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए किये जा रहे कार्यो की जमकर सराहना की।उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में चित्रकूट यूपी का प्रमुख पर्यटन हब बनेगा।साथ ही पर्यटन आधारित रोजगार विकसित होने से क्षेत्र की बेरोजगारी दूर होगी। वहीं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि रामायण दर्शन शो प्रभु श्रीरामचन्द्र के जीवन पर आधारित शो है। आम जनता गुरुवार अवकाश को छोडकर प्रतिदिन 11 बजे, एक बजे, तीन बजे एवं पांच बजे शो देख सकती है। टिकट दरें बीस रुपया व दस रुपया तथा पांच वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क होगा। शो की अवधि 35 मिनट की है। पर्यटन विभाग से संचालित ये शो जिले के पर्यटन को नये आयाम देगा। भविष्य में पर्यटकों को एक दर्शनीय स्थल साबित होगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल,शक्ति प्रताप सिंह,ममता तिवारी,शिवाकांत पांडेय आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे। आपको बता दे कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत परिक्रमा मार्ग चित्रकूट पर करीब साढे 9 करोड की लागत से रामायण दर्शन एवं डिजिटल रामायण गैलरी का निर्माण कराया गया है।

# पंद्रह लाख की गायब शराब पुलिस ने की बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार



**संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)**

**माधौगढ़** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गायब की गई 15 लाख की अंग्रेजी शराब को 18 घंटे के अंदर बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की तत्पर कार्यवाही से आम जन का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

विदित हो कि माधौगढ़ कोतवाली में ललित पाल पुत्र ओमप्रकाश पाल निवासी मुरार ग्वालियर द्वारा 23 सितंबर को अपने ट्रक (आरजे 11 जीबी 2049) चालक राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र अशोक कुमार निवासी गांधी नगर वार्ड 16 गोहद जिला भिंड की सुपुर्दगी में सीएसडी दीमापुर नागालैंड के लिए 1600 अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग पेटी भेजी जा रही थी। जिसमें बंगरा मिहोना मार्ग पर गोपालपुर गांव के पास बदमाशों द्वारा 150 पेटी शराब गायब होने की रिपोर्ट 26 सितंबर को दर्ज कराई थी। जिसमें इंस्पेक्टर विमलेश कुमार ने सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी के मार्गदर्शन में जांच शुरू की तो ट्रक चालक राजेश कुमार की ही संलिप्तता निकल कर आई। जिसके आधार पर पुलिस ने राजेश कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की। 18 घंटे में घटना का पर्दाफाश करते हुए पूरी साजिश में शामिल क्लीनर रोहित पुत्र चरन सिंह उसका दोस्त राजकुमार पुत्र विशाल निवासीगण गांधीनगर गोहद मप्र और उसके ममेरे भाई आकाश पुत्र संतोष माथुर निवासी रेलवे स्टेशन रायतपुरा थाना एडोरी जिला भिंड को भी गिरफ्तार कर लिया गया। चालक राजेश ने पैसों के लालच में घटना को अंजाम दिया जिसमें अन्य साथियों को भी शामिल कर लिया। आकाश के घर से 144 शराब की पेटी जिनकी कीमत लगभग 15 लाख रुपए है, बरामद कर ली और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में इंस्पेक्टर विमलेश कुमार के अलावा एसइसआई गोकुल सिंह, एसआई शशांक बाजपेयी, एसआई धीरेंद्र पटैरिया, एसआई जितेंद्र कुमार सहित सौरभ, अमन, ऋषभ, मानस, राजकुमार कॉन्स्टेबल की भी भूमिका रही।

# लेखपाल पर तीसरी बार भ्रष्टाचार के आरोप, कभी नहीं होती कार्रवाई

**माधौगढ़ ( जालौन )।** योगी सरकार में सरकारी कर्मचारियों का पैसा मांगना और लेना लगता है,जायज ठहरा दिया गया है। यही कारण है कि माधौगढ़ तहसील में तैनात लेखपाल के ऊपर तीन बार खुलेआम पैसे मांगने और लेने के आरोप लग चुके हैं। उसके बावजूद प्रशासन का बरदहस्त उसे बचाता रहता है। यही नहीं हर बार भ्रष्टाचार साक्ष्यों के साथ साबित भी हुआ। फ्रि भी उस पर रहमदिली हो जाती है। तहसील में तैनात लेखपाल निशा यादव के ऊपर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे। सबसे पहले गोहन के भाजपा नेता राजकुमार कुशवाहा से पैसे लेने के आरोप लगे। जिसमें साबित होने के बाद पैसे वापस किए गए लेकिन लेखपाल कार्रवाई से बच गई। उसके बाद असहना गांव में घरौनी के नाम पर पैसे लिए गए। उस पर भी मामले ने तूल पकड़ा तो तहसीलदार के डांटने के बाद पैसे वापस हुए लेकिन फ्रि भी जांच में कार्रवाई से बच गई लेकिन तत्कालीन एसडीएम सालिकराम ने असहना गांव से हटाकर दूसरे गांव में तैनात कर दिया। अब उदोतपुरा गांव का मामला सामने आया है। जहां लेखपाल निशा यादव ने सांप काटने से हुई मृत्यु के मामले में वारिसों से रिश्वत की मांग की। दो लड़कों से रिश्वत ली तो उनके खातों में 1 लाख 33 हजार 333 रुपए की किस्त किसान दुर्घटना बीमा की आ गई लेकिन रामशंकर पुत्र आज्ञाराम के खातों में शेष एक हिस्सा की किस्त नहीं आ पा रही है। उसके लिए रामशंकर और उसकी पत्नी ने लेखपाल निशा यादव पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार सुशील कुमार को शिकायती पत्र दिया है। पूरे मामले पर तहसीलदार सुशील कुमार ने कहा है कि लेखपाल की शिकायतें तो ज्यादा हैं,लेकिन इस प्रकरण में शिकायतकर्ता का खाता बंद होने के कारण पैसा नहीं जा पा रहा है।

### योजना से खरीदे गये पशुओं का नहीं हो रहा बीमा

# कंपनी व पशु चिकित्सा विभाग के आमने सामने होने से किसानों का हो रहा नुकसान

**संवाददाता। हमीरपुर**

● **विभाग के फर्जीवाड़े का परिणाम भोग रहे है क्षेत्र के कृषक**

**हमीरपुर** जिले में स्थानीय नेशनल इंश्योरेंश कंपनी में चार साल पहले पशु चिकित्सा विभाग का खाता बंद हो जाने से सरकारी योजनाओं से खरीदे गये पशुओं का बीमा नही हो पा रहा है लिहाजा पशुपालकों को पशुधन नुकसान का कोई क्लेम नही मिल पा रहा है। इधर बीमा कंपनी व पशु चिकित्साविभाग के आमने सामने होने से किसानों का भारी नुकसान हो रहा है। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी हमीरपुर के जिला प्रबंधक अभिनंदन यादव का कहना है कि चार साल पहले तक पशु चिकित्सा विभाग सरकारी बजट से खरीदे गये पशुओं का यहा बीमा कराता था ताकि पशुओ के साथ कोई अनहोनी होने पर किसान को उसका क्लेम मिल सके। इधर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा इंश्योरेंस कंपनी पर विना सुपरवीजन किये पशुओ का बीमा करने का दबाव बनाना शुरु किया लिहाजा कंपनी ने जब गलत काम करने से साफइंकार कर दिया तो पशु चिकित्सा विभाग ने स्थानीय नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से खाता ही बंद कर दिया। कई मामले में पशु विभाग द्वारा धांधली करने पर किसानों ने हंगामा काटा था। प्रबंधक श्री यादव ने बताया कि पशुओं का बीमा कराने की जिम्मेदारी पशु विभाग की होती है वह यहा पर आकर प्रस्ताव दे इसके बाद यहा से जानवरो की स्थिति का आकलन किया जायेगा, यदि पशु बीमार है तो उसका कंपनी बीमा नही करता है। प्रबंधक ने बताया कि एक माह पहले पशु चिकित्सा विभाग से योजना के तहत शूकरों का बीमा होना था उनके यहा सूचना आने के बाद जैसे ही उन्होने कंपनी का विवेचक भेज कर जांच करने को कहा तो पशु चिकित्सा विभाग ने साफ मनु कर दिया। उनका कहना है कि पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही से पशु पालकों का नुकसान हो रहा है इस मामले की जांच करानी चाहिये। इधर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा देवेंद् यादव का कहना है कि स्थानीय नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को विभाग में संपर्क कर पशुओं का बीमा करना चाहिये क्योकि विभाग से उनकी कंपनी को प्रीमियम दिया जाता है। डा यादव ने बताया कि यदि स्थानीय कंपनी बीमा नही करती तो वह किसी भी जिले से पशुओं का बीमा करा सकते है। उनका कहना है कि बीमा कराये या न कराये लाभार्थी की जिम्मेदारी होती है यदि किसान रुचि लेता है तो इसके लिये विभाग से एक डाक्टर नियुक्त कर दिया जाता है। इधर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (डिप्टी सीवीओ) डा आरके तिवारी का कहना है कि अब योजना में बड़े पशुओं के खरीदने के लिये बजट आता नही है छोटे पशुओ के लिये आता है तो किसान ज्यादा ध्यान नही देता है। किसानों ने बताया कि कई मर्तवा योजना से मिले जानवरों की मृत्यु हो जाती है मगर उनको कोई क्लेम नही मिलता है न ही पशु चिकित्साविभाग कोई सुनवाई करता है।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने योग कर निरोग रहने का दिया संदेश

**संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)**



**कस्बा** स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के निर्देश पर आज योग कार्यक्रम संपन्न हुआ सभी आंगनबाड़ी और कार्यालय के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार आयुष विभाग द्वारा परियोजना स्थित कार्यालय में प्रशिक्षक बृजेंद्र कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं कार्यालय के कर्मचारियों को योग के क्रियाएं करते हुए बताया जो मानव को स्वस्थ रहने के लिए बहुत आवश्यक है। जो हमारे शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है जरूरत इस बात की कि हमारा जीवन व्यवहार योग की शुद्धता के नियमों के अनुरूप हो ऐसे में योग आधुनिक जीवन शैली के चलते उपजे मनोविकार रोगों के उपचार के लिए रामबाण हो सकता है योग हमारे संस्था के साथ अनुशासित संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देता है दरअसल हमारी दिनचर्या रात्रिचर्या असंतुलित आहार जिसके चलते हृदय और रक्त परिसंचरण से जुड़े रोगों को विस्तार मिला है देश में मधुमेह व उच्च रक्तचाप ने कोहराम मचा रखा है उसके मूल में हमारी जीवन शैली से उपजे रोग है यह हकीकत है कि हमारी जीवन शैली अनियमित आहार-विहार तनाव धूम्रपान वसायुक्त भोजन मोटापे आदि योग के माध्यम से सही किए जा सकते हैं। अवसर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं कार्यालय कर्मचारी रामदीन प्रधान सहायक शरीफ उद्दीन कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप मांस की बिक्री बंद कराने की मांग

**जालौन ( उरई )।** नगर में स्लॉटर हाउस न होने के बावजूद मांस बेचे जाने का आरोप लगाते हुए गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान एवं गोरक्षा अभियान के सदस्यों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांस की बिक्री बंद कराने की मांग की है। गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान के अध्यक्ष अनिल शिवहरे एवं गोरक्षा अभियान के जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर के नेतृत्व में गोपाल पोरवाल, रामजी ताम्रकार, मनोज गुप्त आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सना अख्तर को सौंपकर आरोप लगाया कि नगर में वैधानिक रूप से बड़े पशुओं के लिए कोई अधिकृत स्लॉटर हाउस नहीं है और न ही मांस बेचने के लिए किसी के पास लाइसेंस है। फ्रि भी नगर में बड़े पशुओं का मांस बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं बड़े पशुओं का मांस होटलों पर भी बेचा जा रहा है। इसके अलावा ठिलिया आदि पर चिकन बिरयानी के नाम पर बड़े पशुओं के मांस की बनी हुई बिरयानी बेची जाती है।

## राम कलेवा लीला में बुंदेली संस्कृति की झलक दिखी

**जालौन** (उरई)। श्रीरामलीला महोत्सव-2022 में राम-कलेवा का कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें नगर की तमाम महिलाओं द्वारा प्रभु श्रीराम को कलेवा कराया गया। एक दिन पूर्व रामलीला मंचन में प्रभु श्रीराम द्वारा सीता-स्वयंवर में धनुष-भंग किया गया था। इसके बाद अयोध्या से राजा दशरथ अपने दो पुत्रों भरत एवं शत्रुघ्न के साथ बारात लेकर मिथला आए। जहां राजा जनक ने दशरथ के अन्य तीनों पुत्रों लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की शादी करा दी। शादी होने के बाद बुंदेली संस्कृति के अंतर्गत दूल्हा का कलेवा का कार्यक्रम किया जाता है। उसी परंपरा को बनाए रखने के लिए रामलीला समिति द्वारा दिन में राम-कलेवा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, घनश्याम पोरवाल व विष्णु अग्रवाल के अलावा मंत्री पवन चतुर्वेदी, निर्देशक प्रयाग दुबे, सुरक्षा प्रभारी राजासिंह सेंगर गधेला, संचालक राजकुमार मिझौना, दृश्य संयोजक रामशरण शर्मा के अलावा नगर की महिलाओं रामजानकी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, प्रियंका सिंह, नंदिनी देवी, आरती देवी आदि ने भी प्रभु श्रीराम को कलेवा कराकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## वन मिनट प्रतियोगिता में दिव्या व फैशन शो में एंजल ने मारी बाजी

**कोंच** (जालौन)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। स्थानीय अग्रवाल भवन में आयोजित प्रतियोगिताओं के तहत रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर पुत्र अर्जुन अग्रवाल, द्वितीय स्थान माही पुत्री विनय अग्रवाल व तृतीय स्थान रुद्रांश पुत्र दीपक अग्रवाल ने प्राप्त किया।उक्त तीनों विजेता प्रतिभागियों को प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री पारसमणि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिंमाशु अग्रवाल ने चांदी की शील्ड देकर सम्मानित किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आई इशिता पुत्री सन्तोष, द्वितीय स्थान प्राप्त अंश पुत्र निखिल अग्रवाल व तृतीय स्थान प्राप्त हिमांशु पुत्र सुनील को भी चांदी की शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वन मिनट शो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त दिव्या पुत्री हरिमोहन अग्रवाल, द्वितीय स्थान प्राप्त रचना पत्नी संजय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रिंसी पुत्री ओमप्रकाश को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फैशन शो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त एंजल पुत्री प्रशांत, द्वितीय स्थान प्राप्त वंशिका पुत्री अतुल व तृतीय स्थान प्राप्त द्वय प्रतिभागी आरुष पुत्र रीतेश और मानसी पुत्री योगेश को सम्मानित किया गया।

# लालापुर आश्रम में बनेगा महर्षि बाल्मीकि के जीवन दर्शन पर म्यूजियमः अभिषेक आनंद



**संवाददाता। चित्रकूट**

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन विकास से चिन्हित स्थलों का औचक निरीक्षण कर संस्कृत विद्यालय के पास संग्रहालय बनाने को कहा। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम का निरीक्षण कर कहा कि टूरिज्म हाल, वेटिंग हाल, ठहरने और पार्किंग की व्यस्था के साथ बाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर म्यूजियम में चित्रण किया जायेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि संस्कृत विभाग से बात कर उसी के हिसाब से जमीन का अधिगृहण किया जायेगा। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि सौ व्यक्तियाओं के ठहरने की व्यवस्था की जायेगी। बाल्मीकि आश्रम के पास रोड, बस स्टाप, पीने के पानी की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्किटेक्ट बुलाकर खाका तैयार करा लें। रोपवे के लिए बात कर लें कि कितनी जमीन चाहिए। बाल्मीकि मन्दिर तथा असावर माता के मन्दिर में विधिवत पूजन-अर्चन किया। बाल्मीकि मन्दिर में बनी गुफाओं के भी दर्शन किये। सीता रसोई भी देखी।

# भव्यता के साथ नगर में निकली राम बारात महिलाओं ने पुष्प वर्षा से किया भव्य स्वागत

**संवाददाता। कोंच (जालौन)**

**कोंच रामलीला** में सोमवार की रात भगवान राम और उनके अनुज भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न की भव्य बारात धूमधाम से निकली। दूल्हा बने चारों भाइयों की मनमोहक छवि का दर्शन करने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। बारात मार्ग में अट्टालिकाओं पर बैठी महिलाओं ने हाथी पर सवार भगवान पर पुष्प वर्षा की। 170 वर्ष पूर्व कोंच रामलीला के अधिष्ठाता रहे बिहारीलाल गौड़ के वंशज चौधरी अतुल चतुर्वेदी के सुपुत्र नमन चतुर्वेदी स्थापित परंपरानुसार भगवान के सजीव श्रीविग्रहों को चंवर डुला रहे थे। प्रथम पूज्य गजानन सहित तमाम देवी, देवता बाराती बने झांकियों के रूप में साथ चल रहे थे।

गल्ला व्यापारियों की प्रमुख संस्था धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कोंच की विश्व विख्यात रामलीला में सोमवार की रात रामलीला भवन पर भगवान गजानन की आरती के बाद भगवान के चारों सजीव श्रीविग्रहों राम, भरत, लक्ष्मण व रिपुदमन की भी आरती उतारी गई। तत्पश्चात उन्हें हाथी पर सवार कराया गया। इसके बाद बैंड बाजों और घंटे घड़ियालों की धुनों के बीच राम बारात प्रारंभ हुई। बारात में सबसे आगे चांदी के सिंहासन पर प्रथम पूज्य गजानन चल रहे थे। इसके पीछे भगवान बिष्णु, राधा कृष्ण, गुरु बशिष्ठ, दुर्गा, भगवान शिव आदि देवी देवताओं की झांकियां तथा अश्वारूढ़ राजाओं की झांकियां बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बाराती बने रामलीला समिति और रामलीला संचालन करने वाली मातृ संस्था धर्मादा रक्षिणी सभा के अलावा तमाम व्यापारी और नागरिक भी साथ साथ चल रहे थे। रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी की धुन पर युवा जमकर नाचे। वर्तन बाजार चंदकुआं नई व पुरानी स्टेट बैंक सेवढ़ा कुआं, बजरिया पावर हाउस होकर बारात



आजाद नगर स्थित सुधीर चोपड़ा के आवास जनकपुर धाम पहुंची जहां बारातियों का भव्य स्वागत किया गया और जनकदुलारी संग राम विवाह की रस्में पूरी की गई। इस दौरान धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष गंगाचरण वाजपेयी, मंत्री मिथलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मोंठ वाले, मंत्री संजय सोनी, कोषाध्यक्ष सुधीर सोनी खूजा वाले, अभिनय विभाग के अध्यक्ष रमेश तिवारी, मंत्री सुधीर सोनी महेशपुरा वाले, संतोष तिवारी, पीडी रिछारिया, केशव बबेले, राकेश अग्रवाल, राजीव पटेल, चीनू मिश्रा, श्यामसुंदर गुप्ता, लालजी कुशवाहा, अभिषेक रिछारिया पुन्नी, अमित यादव, अरविंद मिश्रा, पवन लोहिया, अतुल चोपड़ा, दीपक गर्ग, ऋषभ गिरवासिया, दिनेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल छोटे, अखिलेश बबेले, राहुल तिवारी, साकेत पटैरिया, लक्ष्मण कुशवाहा, मोहनदास नगाइच, चंद्रशेखर नगाइच, नंदराम स्वर्णकार, दिनेश मानव, संजय सिंघाल, छुन्ना धनौरा, अखिलेश चचौंदिया, गुड्डुन पाटकार, भोले अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, प्रतीक मिश्रा, राजू मिश्रा, सहित तमाम लोग मौजूद रहे। राम बारात का यात्रा मार्ग में जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया। गणेश सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने पुरानी स्टेट बैंक के समीप बारात का स्वागत किया। हाथी पर सवार भगवान के चारों सजीव श्रीविग्रहों की आरती उतारी और बारातियों को स्वल्पाहार कराया।

## क्विक न्यूज

### चौबीस घंटे बाद युवक का शव बरामद

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में तालाब में पैर फिसलने से एक युवक पानी में डूब गया उसका चौबीस घंटे बाद गोताखोरो ने लाश बरामद की है। इस तालाब में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को विशाल दंगल आयोजित किया जाता है। इस तालाब में पानी भरने का कोई साधन नहीं था। तथा वर्ष भर सूखा रहता था। इस वर्ष हुई भारी बारिश से यह तालाब लबालब भर गया है। कस्बा निवासी हुलाशी यादव (45) कल इस तालाब में किनारे बैठ कर पैर धोने लगा अचानक मिट्टी में पैर फिसल जाने से वह तालाब में गिर गया। वहां पास में रहने वाली पूजा यादव ने उसको तालाब में गिरते देखा। उसने व उसकी मां ने शोर मचाया तब मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। तथा दो युवकों ने तालाब में कूदकर खोज करने का प्रयास किया आज शाम उसकी लाश बरामद की गयी है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### मिष्ठान भंडार में आग से लाखों की संपत्ति स्वाहा

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के अरतरा तिराहें के समीप एक मिष्ठान भंडार में अज्ञात कारणों आग लगने से एक लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गयी पास-पड़ोस के लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। गनी मिष्ठान भंडार की दुकान में आज अचानक अज्ञात कारणों उसकी दुकान में आग लगने से आग के शोले उठते देख गनी समेत वहां मौजूद ग्राहक जान बचाकर बाहर भागे। गनी ने आस-पड़ोस वालों की मदद से आग पर पानी व धूल आदि डाल उसे बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन जब तक वह लोग आग पर काबू कर पाते तब तक दुकान में रखा फ्रिज, फर्नीचर, ठंडे पेय व मिठाई आदि जलकर राख में बदल चुके थे। पीड़ित ने इस अग्निकांड में एक लाख से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया है।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में भारी भागीदारी

**कानपुर।** अमेजान ने प्राइम अर्ली एक्सेस और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले दिन के साथ 36 घंटों की अब तक की सबसे बड़ी शॉपिंग की शुरूआत की है। एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए हैंय जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1०9 गुना अधिक थे। इनमें से 68: साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए हैं।मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजरए इंडिया कंज्यूमर बिजनेसए अमेजन ने कहा-अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने ग्राहकों और सेलर पार्टनर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स के साथ एक रोमांचक शुरुआत की है। यहां छोटे और मध्यम व्यवसायोंए स्टार्टअप्सए कारीगरोंए महिला उद्यमियों की ओर से हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट की विशाल रेंज की पेशकश करते हुए देखना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है।

### मासूम नदी में डूबा,तलाश जारी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का सात वर्षीय पुत्र अपनी बुआ के यहां उनके लड़के के जन्मदिन पर गया हुआ था जहां पर वह नदी में नहाने जाने पर डूब गया जिसका अभी तक कोई अता पता नहीं चल सका। कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव निवासी सुनील निषाद का सात वर्षीय पुत्र अंश अपनी बुआ के यहां उनके लड़के के जन्मदिन कार्यक्रम में गया हुआ था, जहां से वह चंद्रावल नदी में नहाने चला गया और पानी के तेज बहाव से बालक गायब हो गया,जिसकी तलाश अभी भी जारी है। छिमौली गांव प्रधान प्रतिनिधि मीलू निषाद ने बताया कि बालक के खोजने हेतु जगह जगह जाल लगवा दिये गये हैं और स्थानीय गोताखोरों के साथ ग्रामीण भी नदी में बालक को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन खबर लिखे जाने तक बालक का कुछ अता पता नहीं चल सका था। तो वहीं इस घटना की ज्यादा जानकारी देते हुए सिजनौडा ग्राम प्रधान प्रहलाद निषाद ने बताया कि बालक की मां पहले ही स्वर्ग सिधार चुकी थी, जिससे उक्त बालक के पिता ने दूसरी शादी की थी तथा परिवार को लेकर सूरत में मजदूरी करता है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत लोगों को दी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**हमीरपुर।** सेवा पखवाडा के अन्तर्गत आज राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने स्थानीय कुछेछा व कांशीराम कालोनी जाकर लोगो को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अभिनंदन पत्र प्रेषित किया गया। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत सांसद बाबूराम निषाद के साथ कार्यकर्ताओं ने कांशीराम कालोनी जाकर लोगो को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबो के मसीहा है वह रात दिन गरीबों की भलाई के लिये काम करते है। आज यही कारण है कि गरीबों को सर छिपाने की जगह व मुफ्त राशन बितरण कर उनकी मदद की जा रही है।

### चेकिंग पकड़े गये दर्जन भर ऑटो कोतवाली पहुंचे

**जालौन (उरई)।** अवैध रूप से चल रहे ऑटो के खिलाफपरिवहन विभाग ने कार्रवाई की। चैकिंग के दौरान ऑटो के कागज, बीमा एवं ड्रायविंग लाइसेंस आदि पूरे न मिलने पर परिवहन विभाग की टीम ने 12 ऑटो का चालान कर उन्हें कोतवाली में खड़ा कराया। बुधवार को एआरटीओ विनय कुमार पांडेय की टीम ने देव नगर चौराहे पर अवैध रूप से चल रहे ऑटो के खिलाफ चौकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम ने ऑटो के कागज, बीमा एवं ड्रायविंग लाइसेंस आदि प्रपत्र पूरे न मिलने पर 12 ऑटो का चालान किया। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कराया गया। एआरटीओ विनय पांडेय ने बताया डग्गामार वाहनों के संचालन से परिवहन विभाग को नुकसान होता है। डग्गामारी करने वाले वाहनों के खिलाफकार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### पुत्रवधू की धमकी से त्रस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने मांगी सुरक्षा

**जालौन (उरई)।** तहसील में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों अपनी पुत्रवधू से परेशान हैं। पुत्रवधू द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की दी जा रही है धमकी से परेशान होकर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलाबपुरा निवासी रामप्रकाश ने बताया कि वह तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उनकी पुत्रवधू सुषमा विवाह के बाद भी मायके के लोगों के कहने पर चलती है और घर में झगड़ा करती रहती है। घर में झगड़ा करके वह बीती 22 सितंबर को वह अपने पिता सुंदर के साथ मायके चली गई है और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने एसडीएम से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित की शिकायत पर एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

### नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की भक्तों ने की पूजा

**जालौन (उरई)।** नवरात्रि के दूसरे दिन नगर में स्थापित देवी पंडालों तथा देवी मंदिरों पर 'या देवि सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' का मंत्र सर्वओर गुंजायमान हो रहा था। दूसरे दिन देवी भक्तों द्वारा देवीजी के दूसरे रूप 'ब्रह्मचारिणी' का पूजन-अर्चन किया गया। शरदीय नवरात्रि को लेकर नगर में 27 स्थानों पर पांडालों में देवीजी की स्थापना की गई है। जिनमें देवी मां के दर्शन के लिए सुबह व शाम को देवी भक्तों का तांता लगा रहता है। इसके अलावा क्षेत्रीय गांव उदोतपुरा में बड़ी माता मंदिर, कुंअरपुरा, औरेखी, सुढ़ार, लहचूरा, सिकरीराजा, लौना, छानी, भदवां आदि गांवों में भी देवी मां के पंडालों तथा देवी मंदिरों पर जाकर देवी भक्तों ने पूजा अर्चना कर जय माता दी का उद्घोष किया।